3 राजधानी
केजीएमयू में यूथ 20 सेमिनार कल

6 अभिमत
भारत-नेपाल संबंध में प्रचंड पर विश्वास

10 विदेश
पाक, अफगानिस्तान में 6.8 तीव्रता का भूकंप

12 स्पोर्ट्स
ऑस्ट्रेलिया ने भारत से शृंखला जीती

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 151
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 23 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



माता शारदा देवी मंदिर का शाह ने किया उद्घाटन

राष्ट्रीय-11

# कोरोना रोकने को बढ़ाएं जीनोम सिक्वेंसिंग

● कोविड और इंफ्लूएंजा के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रधानमंत्री ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की

**भाषा ।** नई दिल्ली



**देश** में पिछले दो सप्ताह में इन्फ्लूएंजा और कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उच्च-स्तरीय बैठक बुलाई और कहा कि कोविड-19 अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को जीनोम अनुक्रमण (सिक्वेंसिंग) बढ़ाने तथा लोगों द्वारा कोविड-उपयुक्त व्यवहार अपनाए जाने पर जोर दिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत में कोरोना वायरस के 1,134 नए मामले दर्ज किए गए हैं, वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 7,026 पहुंच गई है।

सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार संक्रमण से पांच लोगों की मौत होने के साथ कुल मृतक संख्या 5,30,813 हो गई है। अद्यतन आंकड़ों में छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र में मौत का एक-एक मामला दर्ज किया गया, जबकि केरल में पूर्व में सामने आए मौत के एक मामले में कोविड-19 की पुष्टि होने पर उसे संबंधित आंकड़ों में शामिल किया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक बयान के अनुसार, मोदी ने देश में कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा की स्थिति और उससे निपटने के लिए स्वास्थ्य ढांचे की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बैठक बुलाई। उन्होंने टीकाकरण अभियान की स्थिति, कोविड-19 के नए स्वरूपों तथा इन्फ्लूएंजा के प्रकारों के उभरने और देश के लिए उनके जन स्वास्थ्य प्रभावों की भी समीक्षा की। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयोगशाला निगरानी बढ़ाने, गंभीर घातक श्वसन संक्रमण (एसएआरआई) के सभी मामलों की जांच करने और जीनोम अनुक्रमण को तेज करने का आह्वान किया। पीएमओ ने बताया कि मोदी ने स्वास्थ्य केंद्रों पर इन्फ्लुएंजा तथा कोविड के लिए जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जरूरत बताई, वहीं पर्याप्त बिस्तर और मानव संसाधन पर भी ध्यान देने को कहा। संयोग से तीन साल पहले आज के ही दिन जनता कर्फ्यू लगाया गया था। प्रधानमंत्री ने 2020 में महामारी का प्रकोप शुरू होने के बाद एक दिन के लिए लोगों से घरों से नहीं निकलने को कहा था। बाद में मामले बढ़ने के साथ देशभर में लॉकडाउन लगा दिया गया।

बैठक में स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने भारत में बढ़ते मामलों समेत वैश्विक कोविड स्थिति पर एक व्यापक प्रस्तुतीकरण दिया। प्रधानमंत्री को बताया गया कि भारत में संक्रमण के नए मामलों में थोड़ी वृद्धि हुई है और रोजाना औसतन 888 मामले आ रहे हैं। वहीं, 22 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में साप्ताहिक संक्रमण दर 0.98 प्रतिशत रही। हालांकि इसी सप्ताह दुनियाभर में औसतन रोजाना 1.08 लाख मामले सामने आए हैं। बयान के अनुसार, गत 22 दिसंबर, 2022 को कोविड की पिछली समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के निर्देशों पर की गई कार्रवाई के बारे में भी बैठक में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि कोविड संबंधी 20 मुख्य दवाओं, 12 अन्य दवाओं, आठ बफर दवाओं तथा इन्फ्लूएंजा की एक दवा की उपलब्धता और उसके दाम पर नजर रखी जा रही है। गत 27 दिसंबर, 2022 को 22,000 अस्पतालों में मॉक ड्रिल भी की गई थी और उसके बाद अस्पतालों ने अनेक उपाय किए।

## एक्सबीबी.1.16 चिंताजनक नहीं: गुलेरिया

**नई दिल्ली (भाषा)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने बुधवार को कहा कि कोरोना वायरस का नया स्वरूप एक्सबीबी.1.16 इस समय संक्रमण के मामलों में वृद्धि के लिए जिम्मेदार हो सकता है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि इससे गंभीर बीमारी या मृत्यु का खतरा नहीं है।

गुलेरिया ने कहा, नए स्वरूप आते रहेंगे क्योंकि समय के साथ वायरस का उत्परिवर्तन होता रहता है और एक्सबीबी.1.16 एक तरह से इस समूह का नया सदस्य है। राष्ट्रीय कोविड कार्यबल के सदस्य रहे गुलेरिया ने कहा, जब तक वायरस के इन स्वरूपों से गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति और मृत्यु का खतरा नहीं है, तब तक ठीक है क्योंकि आबादी को हल्की बीमारी से कुछ हद तक प्रतिरोधक क्षमता मिलती है। डॉ. गुलेरिया के अनुसार वायरस समय के साथ बदलता है और यह कोविड तथा इन्फ्लुएंजा दोनों के साथ ही होता है। उन्होंने कहा, हम याद करें कि जब कोविड का प्रकोप शुरू हुआ था तो यह अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा और ओमीक्रोन स्वरूपों के साथ हुआ था। गुलेरिया ने कहा, इस तरह वायरस बदलता गया। सौभाग्य से, हम पिछले एक साल पर नजर डालें तो ऐसे स्वरूप सामने आए जो ओमीक्रोन के ही उप-स्वरूप हैं। इसलिए लगता है कि वायरस कुछ हद तक स्थिर हो गया है और अतीत की तरह तेजी से नहीं बदल रहा। क्या नए स्वरूप एक्सबीबी.1.16 में अगले कुछ दिन में कोविड के मामलों की नई लहर लाने की क्षमता है, इस प्रश्न पर गुलेरिया ने कहा, आप मामलों में वृद्धि देख सकते हैं। लेकिन हो सकता है कि ए सामने ही नहीं आएं क्योंकि शुरु में लोग बहुत सतर्क थे और खुद जाकर जांच कराते थे।

# मिशन शक्ति अभियान को दूसरे राज्यों ने भी सराहा: मुख्यमंत्री



**पायनियर समाचार सेवा ।** बलरामपुर, लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि मिशन शक्ति अभियान न केवल महिला सुरक्षा से संबंधित अपने उद्देश्यों को साकार करने में सफल रहा है बल्कि अन्य राज्यों द्वारा भी इसे एक उदाहरण के तौर पर मान्यता दी गई है। मुख्यमंत्री ने नवरात्र की शुरुआत पर बलरामपुर में महिला सशक्तिकरण रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कहाकि मैं नवरात्र के शुभ त्योहार की शुरुआत पर देवी को अपनी श्रद्धा अर्पित करता हूं। देवीपाटन शक्तिपीठ का अपना ही महात्म्य है।

राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा, मिशन शक्ति अभियान न केवल महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण जैसे उद्देश्यों को साकार करने में सफल रहा है, बल्कि अन्य राज्यों ने भी इसे मान्यता दी है और यह एक उदाहरण के रूप में कार्य कर रहा है। योगी ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने 2020 में मिशन शक्ति के तहत एक अभियान शुरू किया था। उन्होंने कहा कि आज नवरात्र शुरू होते ही राज्य पुलिस ने दो कार्यक्रम शुरू किए हैं, पहली रैली मां पाटेश्वरी के पावन धाम बलरामपुर से शुरू होकर बुंदेलखंड के ललितपुर पहुंचेगी जबकि दूसरी यात्रा मां विंध्यवासिनी धाम से शुरू होकर गौतम बुद्ध नगर पहुंचेगी। उन्होंने कहा, इन यात्राओं का उद्देश्य महिला सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता भी है। रामनवमी पर पहली यात्रा ललितपुर में और दूसरी गौतमबुद्ध नगर में संपन्न होगी।

## द्वितीय ब्रह्मचारिणी



**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।**
**देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।**

**मां** दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं।

## रेलवे ने एसी 3-टीयर इकोनॉमी श्रेणी का किराया बहाल किया

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**रेलवे** ने बुधवार को वातानुकूलित 3-टीयर इकोनॉमी श्रेणी (3ई) में यात्रा के किराए को बहाल करने का आदेश दिया जिसे पिछले नवंबर में एसी 3-टीयर के साथ मिलाते हुए वापस ले लिया गया था। आदेश के अनुसार शुल्क बहाल होने के बावजूद रेलवे यात्रियों को चादर प्रदान करता रहेगा। इस आदेश के साथ पहले के एक सर्कुलर को वापस ले लिया गया है जिसमें एसी-3 टीयर इकोनॉमी श्रेणी के टिकट के लिए किराए को एसी 3-टीयर टिकट के किराए के समान कर दिया गया था। पहले किराया समान करने की वजह चादर की कीमत बताई गई थी। आदेश के अनुसार जिन यात्रियों ने ऑनलाइन और काउंटर से टिकट बुक कराया है, उन्हें पहले बुक की जा चुकीं टिकट के लिए अतिरिक्त राशि वापस की जाएगी। रेलवे ने सितंबर 2021 में 3 इकोनॉमी श्रेणी शुरू करते हुए घोषणा की थी कि इन नए डिब्बों में किराया सामान्य एसी-3 कोच से 6-8 प्रतिशत कम होगा।

# जजों की नियुक्ति रोकने से प्रभावित होता है वरिष्ठता क्रम: कॉलेजियम

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

● सीजेआई ने सरकार से कहा- जिन नामों की पहले सिफारिश की जा चुकी है, उन्हें पदोन्नत करने के लिए कार्रवाई की जाए

**उच्चतम** न्यायालय के कॉलेजियम ने न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए भेजे गए नामों को केंद्र द्वारा रोककर रखने पर चिंता जताई है। कॉलेजियम ने कहा कि इससे जजों के वरिष्ठता क्रम पर असर पड़ता है। कॉलेजियम ने सरकार से कहा कि जिन नामों की पहले सिफारिश की जा चुकी है, उन्हें पदोन्नत करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने कहा कि जिन नाम की पहले सिफारिश की गई है, उनकी पदोन्नति के लिए अधिसूचना जल्द से जल्द जारी की जानी चाहिए। कॉलेजियम ने 21 मार्च के एक प्रस्ताव में यह चिंता जताई, जिसमें उसने मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए जिला अदालतों के चार न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश की है। कॉलेजियम में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति केएम जोसफ भी शामिल हैं। कॉलेजियम ने मद्रास हाई कोर्ट के लिए आर शक्तिवेल, पी धनबल, चिन्नासामी कुमारप्पन और के. राजशेखर के नाम की सिफारिश की है। प्रस्ताव के अनुसार, 17 जनवरी 2023 के अपने प्रस्ताव द्वारा उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष अधिवक्ता के रूप में प्रैक्टिस कर रहे रामास्वामी नीलकंदन की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की सिफारिश की थी और 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार रामास्वामी नीलकंदन की आयु 48.07 वर्ष थी।

## अनुच्छेद 370 की बहाली से पहले विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी महबूबा मुफ्ती

**भाषा ।** श्रीनगर

**पीपुल्स** डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को संकल्प लिया कि जब तक संविधान का अनुच्छेद 370 पुन: बहाल नहीं हो जाता है, वह जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि यह मूर्खतापूर्ण फैसला हो सकता है लेकिन उनके लिए यह भावनात्मक मुद्दा है। पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव इसलिए नहीं हो रहे हैं क्योंकि केंद्र सरकार डरी हुई है कि अगर निर्वाचित सरकार बनी तो वह अपना छुपा हुआ एजेंडा नहीं चला पाएगी। गौरतलब है कि अगस्त, 2019 में केन्द्र सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त कर, जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा खत्म कर दिया था। साथ ही जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया था।

# संसद में राहुल को बोलने दें तो टूट सकता है गतिरोध: कांग्रेस



**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

● विपक्षी दल ने कहा जेपीसी की मांग को लेकर कोई समझौता नहीं हो सकता

**अडाणी** मुद्दे पर जेपीसी की मांग से कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हां, यदि राहुल गांधी को लोकसभा में नियम 357 के तहत अपनी बात रखने का मौका दिया जाता है तो संसद में गतिरोध खत्म करने को लेकर बातचीत हो सकती है।

पार्टी ने बुधवार को दावा किया कि सरकार चाहती है कि विपक्ष अडाणी मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग वापस ले ले तो वह भी राहुल गांधी से माफी की मांग से पीछे हट जाएगी, लेकिन यह फार्मूला उसे स्वीकार नहीं है, क्योंकि जेपीसी को लेकर कोई समझौता नहीं हो सकता। रमेश ने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि पिछले तीन-चार दिनों से प्रयास किया जा रहा है कि एक फार्मूला ढूंढा जाए, बीच का रास्ता ढूंढा जाए कि विपक्ष जेपीसी की मांग वापस ले ले, तो भाजपा राहुल गांधी से माफी की मांग वापस ले लेगी।

यह हमें बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। यह फार्मूला हम स्वीकार नहीं करते हैं। रमेश ने यह भी कहा कि इस फार्मूले के बारे में सरकार की तरफ से विपक्ष को औपचारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन इस बारे में अनौपचारिक रूप से पता चला है। उनका कहना था कि राहुल गांधी से माफी की मांग बेबुनियाद है, क्योंकि उन्होंने ब्रिटेन में ऐसा कुछ बयान ही नहीं दिया, जिसके लिए उन्हें माफी मांगने की जरूरत पड़े।

## बिल्कीस बानो की याचिका पर सुनवाई के लिए गठित होगी विशेष पीठ

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय बिल्कीस बानो सामूहिक बलात्कार मामले के 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई के लिए एक विशेष पीठ गठित करने को बुधवार को तैयार हो गया। बिल्कीस बानो सामूहिक दुष्कर्म मामले के आरोपी वर्ष 2002 के गुजरात दंगे के दौरान उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में भी संलिप्त थे। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. परदीवाला की पीठ ने बिल्कीस बानो की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनकी वकील शोभा गुप्ता के जरिए उन्हें आश्वासन दिया कि नई पीठ का गठन किया जाएगा। गुप्ता ने मामले पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध करते हुए कहा था कि नई पीठ के गठन की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, नई पीठ का गठन किया जाएगा। हम इस पर आज शाम विचार करेंगे। इससे पहले सात फरवरी को याचिका को नई पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए भेजने का अनुरोध किया गया था।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,214 | ↑ | 139 | |
| निफ्टी | 17,151 | ↑ | 44 | |
| सोना | 58,770 | ↓ | 480 | /10g |
| चांदी | 68,850 | ↓ | 345 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जबरन धर्मांतरण के आरोपों पर सीबीआई ने जांच शुरू की

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में पिछले साल कथित जबरन धर्मांतरण के एक मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर प्रारंभिक जांच शुरू की है। एजेंसी ने 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान कथित रूप से प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल का समर्थन करने पर दो भाइयों का जबरन धर्मांतरण कराने के मामले की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज कराने से पूर्व प्रारंभिक जांच शुरू की है। इन भाइयों की पत्नियों ने उच्च न्यायालय का रुख किया और दावा किया था कि विधानसभा चुनाव में हारने वाले एक राजनीतिक दल के लिए काम करने की वजह से सजा के तौर पर उन्हे हिंदू धर्म से इस्लाम अपनाने पर मजबूर किया गया। दोनों मालदा जिले के कालियाचक के रहने वाले है। दोनों याचिकाकर्ता बहने है। उन्होंने कहा कि उनके पति 24 नवंबर, 2021 से लापता है और पुलिस ने उनका पता लगाने के लिए कोई कदम नही उठाया। हालांकि, राज्य सरकार ने दलील दी कि दोनों ने स्वेच्छा से इस्लाम अपनाया था और पारिवारिक विवाद की वजह से घर छोड़कर चले गए थे।

# लंदन में भारतीय उच्चायोग के पास सुरक्षा कड़ी की गई

**भाषा ।** लंदन

**लंदन में** भारतीय उच्चायोग के पास लगभग 2,000 प्रदर्शनकारी खालिस्तान के झंडे लहराते हुए बुधवार को एक सुनियोजित प्रदर्शन के लिए इकट्ठा हुए और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं अवरोधक लगे होने के बीच कुछ वस्तुएं फेंकी और नारे लगाए। भारतीय उच्चायोग ने अपने भवन की छत पर एक अतिरिक्त तिरंगा फहरा कर प्रदर्शनकारियों को जवाब दिया, जिससे प्रदर्शनकारी और भड़क गए और पुलिस अधिकारियों तथा मीडिया कर्मियों पर कुछ वस्तुएं और पानी की बोतलें फेंकने लगे। इस पर स्कॉटलैंड यार्ड ने भारतीय उच्चायोग के बाहर नाकेबंदी बढ़ा दी और कई अतिरिक्त अधिकारियों को तुरंत वहां तैनात किया जिसमें से कई घोड़े पर सवार थे। बुधवार को पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए अधिक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों से पगड़ीधारी पुरुषों और कुछ महिलाओं और बच्चों सहित प्रदर्शनकारी बस में लाए गए थे और उन्होंने खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने भारत विरोधी भाषण देने और कथित मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए पंजाब पुलिस पर निशाना साधने के लिए माइक का इस्तेमाल किया। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने ट्विटर पर एक वीडियो संदेश में कहा, यहां ब्रिटेन में आप सभी मित्रों विशेषकर जिनके भाई-बहन और रिश्तेदार पंजाब में हैं, उन्हें मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि सोशल मीडिया पर जो सनसनीखेज सूचनाएं प्रसारित हो रही हैं, उनमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा, आपकी मातृभूमि में हालात वैसे नहीं हैं, जैसा बताया जा रहा है। राज्य के निर्वाचित मुख्यमंत्री और स्थानीय पुलिस प्रशासन ने टेलीविजन पर साक्षात्कार सहित इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी है, कृपया उसे देखें।

## नहीं दिखा चांद पहला रोजा कल

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत देश के किसी भी हिस्से में बुधवार को रमज़ान के महीने का चांद नज़र नहीं आया है और पहला रोज़ा 24 मार्च को होगा। चांदनी चौक स्थित फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मुफ्ती मुकर्म अहमद ने बताया कि दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और तेलंगाना समेत देश के किसी भी हिस्से से रमज़ान का चांद दिखने की खबर नहीं मिली, लिहाज़ा ऐलान किया जाता है कि पहला रोज़ा 24 मार्च यानी शुक्रवार को होगा। इस्लाम में एक महीना 29 या 30 दिन का होता है। महीने के दिनों की संख्या चांद दिखने पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को इस्लामी कैलेंडर के आठवें महीने शाबान की 30 तारीख है। जामा मस्जिद के नायब इमाम सैयद शाबान बुखारी ने एक बयान में कहा, 22 मार्च को माहे रमज़ान मुबारक का चांद मुल्क के किसी भी हिस्से में नज़र नहीं आया है, लिहाज़ा रमज़ान का महीना शुक्रवार से शुरू होगा।

# बेटे की कब्र पर क्यूआर कोड, लोग जान सकेंगे उपलब्धियां

● माता-पिता ने 26 साल में दिवंगत युवा डॉक्टर के काम को प्रदर्शित करने के लिए बनाई वेबसाइट

**पायनियर समाचार सेवा ।** त्रिशूर (केरल)



**केरल** के त्रिशूर में क्यूआर कोड वाला एक मकबरा आजकल खूब चर्चा में है। चर्च में स्थित यह मकबरा एक युवा डॉक्टर का है, जिसकी मौत मात्र 26 साल की उम्र में हो गई। दिवंगत डॉक्टर बेटे की यादों को संजोने और उसके बेहतरीन कामों को लोगों तक पहुंचाने के लिए माता-पिता ने मकबरे पर एक क्यूआर कोड लगाया है, जिसे स्कैन कर लोग उसके कामों को जान सकेंगे।

डॉ. इविन फ्रांसिस के माता-पिता ने उसके काम को दुनिया भर में पहुंचाने के लिए मध्य केरल जिले के सेंट जोसेफ चर्च, कुरियाचिरा में कब्र पर क्यूआर कोड लगाने का फैसला किया, ताकि लोग कोड को स्कैन करके उसके बेहतरीन कामों के वीडियो को देख सके। इसके कुरियाचिरा स्थित परिजनों ने एक वेब पेज डिजाइन किया है, जिसमें इविन के सभी कार्य शामिल हैं। जिसे बाद में क्यूआर कोड से जोड़ दिया गया। फ्रांसिस का बेटा इविन ओमान में एक निजी कंपनी में अधिकारी था। इविन संगीत और खेल में पारंगत होने के साथ अपने चिकित्सा पाठ्यक्रम के साथ-साथ अपने काम को लेकर बेहद संजीदा था। वह अपने काम से लोगों के बीच खासा लोकप्रिय था। इविन की दुर्भाग्यपूर्ण मौत 2021 में हुई जब वह बैडमिंटन खेलते हुए गिर पड़ा। फ्रांसिस ने कहा कि हम चाहते थे कि उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणा बने और इसी तरह हमने उनकी कब्र पर एक क्यूआर कोड लगाने की सोची।

इविन ने क्यूआर कोड का इस्तेमाल कर लोगों की प्रोफाइल बनाई थी और उसके माता-पिता ने भी ऐसा ही करने का फैसला किया। पिता ने कहा कि वह मुझे जानकारी के लिए बहुत सारे क्यूआर कोड भी भेजता था। मैं क्यूआर कोड को स्कैन कर सूचनाओं को डाउनलोड कर सकता था। उन्होंने कहा कि मकबरे पर क्यूआर कोड लगाने का आइडिया इविन की बहन एवलिन फ्रांसिस का था। मेरी बेटी ने मुझे बताया कि कब्र पर इविन के बारे में कुछ लिखना ही पर्याप्त नहीं होगा कि उसने क्या किया। उसने कहा कि हमारे पास उसकी प्रोफ़ाइल से जुड़ा एक क्यूआर कोड उसकी कब्र पर लगा सकते हैं, जिससे लोगों को कोड स्कैन करते ही पता चल जाएगा कि वह क्या था और वह क्या कर सकता था। फ्रांसिस ने कहा कि उसने 10 दिनों में साइट और क्यूआर कोड बनाया। अपने बेटे को प्यार करने वाले पिता ने कहा कि उन्होंने जब ऐसा करने को कहा ताब बेटी ने मकबरे पर कुछ भी नहीं लिखने के लिए कहा था। उसने साइट और क्यूआर कोड बनाने के बाद मुझसे पूछा कि क्या संगमरमर के मकबरे पर मुद्रित किया जा सकता है। इसके बाद मैंने क्यू आर कोड बनाने वाले से पूछा तो उसने का कि हां ऐसा किया जा सकता है।

# शताब्दियों पुराने हैं भारत-दक्षिण कोरिया के सांस्कृतिक सम्बंध

## आप विदेश नहीं, अपने पूर्वजों के घर आएं हैंः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत-दक्षिण** कोरिया के राजनयिक संबंधों के पचास वर्ष पूर्ण होने पर कोरिया जोग्ये भिक्षु संघ के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया के संस्कृतिक और आध्यात्मिक सम्बंध शताब्दियों पुराने हैं। इस दृष्टि से आप विदेश में नहीं बल्कि अपने पूर्वजों के घर में आए हैं।

सीएम योगी ने कहा कि कोरिया के ध्यान पंथ श्योन की उत्पत्ति श्रावस्ती के जैतवन से हुई है। उन्होंने कहा कि दो हजार वर्ष पूर्व अयोध्या की राजकुमारी ने जलमार्ग से दक्षिण कोरिया की यात्रा की थी। जहां उनका विवाह राजा किम सुरो के साथ हुआ। वहां उनका नाम हू वांग आंक पड़ा। उन दोनों से कड़क वंश की स्थापना हुई। वर्तमान समय में दक्षिण कोरिया में एक बड़ी आबादी इस वंश से जुड़ी



हुई है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दक्षिण कोरिया और भारत के संबंध एक नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं। वर्ष 2018 में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई इन और प्रधानमंत्री मोदी ने यूपी के गौतमबुद्धनगर में सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की नई मोबाइल फोन निर्माण इकाई का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया था। योगी ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया की स्वतंत्रता की तिथि 15 अगस्त है। वर्तमान में भारतवासी अपनी आजादी के अमृत महोत्सव के उपरांत अमृत काल के प्रथम वर्ष में प्रवेश किये हैं। भारत और दक्षिण कोरिया जी20 समूह के सदस्य हैं। अपनी आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भारत को जी20 समूह की अध्यक्षता करने का अवसर प्राप्त हुआ है। पूरी दुनिया में जब मैत्री और करुणा की बात होती है तो विश्व मानवता भगवान बुद्ध की बात करती है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए यह गौरव का विषय है कि भगवान गौतमबुद्ध से जुड़े अनेक स्थल यहां पर अवस्थित हैं। भगवान बुद्ध ने अपने जीवन का दो तिहाई हिस्सा उत्तर प्रदेश में व्यतीत किया था। सीएम योगी ने कहा कि वाराणसी के समीप सारनाथ में भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था। भगवान बुद्ध ने सर्वाधिक 25 वर्षावास श्रावस्ती में व्यतीत किया था। उनकी महापरिनिर्वाण स्थली भी कुशीनगर भी उत्तर प्रदेश में हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का एक मात्र राज्य है जहां सरकारी स्तर पर संचालित विशाल बुद्ध विहार शांति उपवन है। हमारे प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान भी है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी बौद्ध स्थलों को विकसित किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट संचालित हो गया है। श्रावस्ती एयरपोर्ट का विकास युद्ध स्तर पर चल रहा है शीघ्र ही हम उसे वायु सेवा से जोड़ेंगे। महात्मा बुद्ध के नाम पर हम एक कृषि और प्रौद्योगिकी विवि कुशीनगर में ही स्थापित करने जा रहे हैं। भारत और दक्षिण कोरिया का परस्पर व्यापार 28 बिलियन डॉलर का है जिसमें भारत नौ बिलियन डॉलर की वस्तुएं निर्यात करता है और 19 बिलियन डॉलर की वस्तुएं आयात भी करता है। आधुनिक युग में भारत और दक्षिण कोरिया के राजनितिक सम्बंध के पचास वर्ष पूरे हो रहे हैं लेकिन वास्तव में भारत और दक्षिण कोरिया के आध्यात्मिक सम्बंध शताब्दियों पुराने हैं। दोनों देशों की खुशहाली की प्रार्थना जब भिक्षु संघ या हमारे संत करते हैं तो वह निश्चित ही फलीभूत होती है। कार्यक्रम में जोग्ये भिक्षु संघ के नायक जोस्यून, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, दक्षिण कोरिया में भारत के राजदूत अमित कुमार, भारत में दक्षिण कोरिया के उप राजदूत सांग हो लिम, इंटरनेशनल इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कंफेडरेशन के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थानए उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षु मौजूद थे। दक्षिण कोरिया की सैंगवोल सोसाइटी इस पैदल यात्रा की आयोजक है। कोरिया के बौद्ध भिक्षुओं की यह यात्रा सारनाथ से शुरू होकर बोधगया, गृद्धकूट पर्वत राजगीर, नालंदा, वैशाली, कुशीनगर, लुंबनी, कपिलवस्तु के दर्शन करते हुए श्रावस्ती में सम्पन्न हुई थी।

# विपक्ष के नेता रट्टू तोतेः भाजपा

पायनियर समाचार सेवा, लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बुधवार को कहा कि उत्तर प्रदेश लगातार तरक्की कर रहा है। कुछ लोगों को लोककल्याण के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्य सुहा नही रहे हैं। उन्हें उत्तर प्रदेश में हर जगह कमियां ही नजर आती हैं। उन्होने कहा कि विपक्ष के नेता किसी रट्टू तोते की तरह बार-बार वही बातें बोलते हैं, आरोप लगाते हैं जिन पर एक-एक कर मुख्यमंत्री ने तथ्यों के साथ सदन में जवाब दिया है लेकिन जब उन्हें सच का सामना करना चाहिए था, तब वह सदन से गायब हो जाते हैं। प्रदेश में सीएम योगी के नेतृत्व में भाजपा सरकार है। हमारी सरकार कानून व्यवस्था की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है। माफिया सपा का हो या किसी भी पार्टी का, किसी को छूट नहीं दी जा सकती। प्रदेश में कोई भी अपराधी निरंकुश नहीं हो सकता। ये सरकार निर्दोषों को छेड़ती नहीं है और माफिया को छोड़ती नहीं है। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष अपनी सुविधानुसार आंकड़ों से खेलना चाह रहे हैं लेकिन उनकी आंकड़ेबाजी को प्रदेश की जनता खारिज कर चुकी है। भाजपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी के लिए भी सपा प्रमुख अखिलेश यादव को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि उनके समय मे भ्रष्टाचार चरम पर था। हर कॉन्ट्रैक्ट में भाई भतीजावाद होता था। नौकरी के लिए, ठेके के लिए, अन्य फायदों के लिए सिफारिश का दौर चलता था। सिफारिश करने वाले लोग भी घर के होते थे। योगी सरकार में ये सारे खेल खत्म हो गए जिसकी पीड़ा विपक्ष के चेहरे पर दिखाई दे रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर सपा प्रमुख के बयान पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जब पूरा देश इस आयोजन पर उत्तर प्रदेश सरकार की पीठ थपथपा रहा है तो सपा प्रमुख की पीड़ा समझी जा सकती है।

## राजधानी बसों का यात्रियों से लिया जायेगा फीडबैक



**लखनऊ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राजधानी बसों की सेवाओं और संचालन को बेहतर बनाने के लिए यात्रियों से सोशल मीडिया पर इसका फीडबैक लिया जाएगा। साथ ही गूगल लिंक पर संचालन की समीक्षा भी की जाएगी, जिसमें आय, किलोमीटर, यात्रियों की संख्या को लेकर सभी परिक्षेत्र अपनी एंट्री करेंगे। उन्होंने लखनऊ परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाड़ियों के सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि यात्रियों को सुखद सुरक्षित एवं आरामदेह यात्रा के लिए बसों फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जाए। परिवहन मंत्री ने कहा कि यात्रियों से प्राप्त शिकायतों को नियमित समीक्षा मुख्यालय पर संबंधित अधिकारी करेंगे। जिन परिक्षेत्रों में कमियां या शिकायतें पाई जाएंगी, वहां कमियों को निस्तारित कराया जाय एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। बसों में गड़बड़ी की शिकायतों पर निगम के अधिकारी गंभीरता से विचार करें और मुख्यालय स्तर पर इसकी समीक्षा करें।

# आपदा प्रभावित किसानों को त्वरित मिलेगी राहतः शाही

● **जायद फसलों के उत्पादन के लिए सरकार ने दी 15.31 करोड़ की वित्तीय मंजूरी**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जायद फसलों के आच्छादन तथा उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा 15.31 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर स्टाल लगाकर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने वर्षा तथा ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को सचिवालय स्थित सभाकक्ष में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय को बढ़ाने के महा अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के मद्देनजर श्री अन्न के आच्छादन तथा उत्पादन को बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर बीज भंडारों में स्टाल लगाकर किसानों को मोटे अनाजों के उन्नतशीलए प्रमाणिक हाइब्रिड बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए सरकार द्वारा 15.31 करोड़ रुपयों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। ऐसे किसान जो सरकारी स्टॉल या बाजार से अधिसूचित कंपनियों से मोटे अनाज के बीज खरीदने पर उनके बिल तुरंत पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाएंगे। जिससे कि अनुदान राशि तत्काल उनके डीबीटी खातों में ट्रांसफर कर दी जाएगी।

कृषि मंत्री ने बताया कि श्री अन्न बीज वितरण के इस अभियान से प्रदेश में मोटे अनाजों का आच्छादन 2.5 लाख हेक्टेयर बढ़ जाएगा तथा उत्पादन लगभग दुगुना होने का अनुमान है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में जायद फसलों का आच्छादन लगभग 9 लाख हेक्टेयर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार आजादी के अमृत काल में मोटे अनाज को बढ़ावा देकर उत्तर प्रदेश के किसानों की अन्न उपजाऊ तथा असिंचित खेतों को उत्पादक बनानकर उनकी आय बढ़ाने, जहरीले रसायनों से मिट्टी को बचाने तथा पर्यावरण और जल की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

## किसानों को फौरी राहत दे सरकारः रामाशीष

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों पर अचानक आयी दैवीय आपदा को गंभीरता से नहीं ले रही है और प्रदेश के मुस्त्रयमंत्री किसानों को राहत देने का बयान केवल मीडिया के माध्यम से प्रचारित करा रहे है। जबकि वास्तविकता यह है कि विगत 4 दिनों से प्रदेश के सभी जनपदों के सभी प्रकार के किसानों पर आफत आई हुई है और किसी भी जिले के अधिकारी ने फौरी राहत के नाम पर किसी भी किसान को अब तक एक रुपये की भी सहायता प्रदान नहीं की है। उन्होंने कहा कि किसानों को पहले फौरी राहत मिलनी चाहिए और फिर उसके सस्त्रपूर्ण नुकसान की भरपाई आकलन के माध्यम से होनी चाहिए। राय ने कहा कि किसानों को फसल बीमा के नाम पर भी केवल लूटा गया है और उन्हें नुकसान की भरपाई के लिए मात्र 129 रूपये के चेक दिये गये हैं जिसको बीमा योजना न कहकर उपहास योजना का नाम देना ज्यादा बेहतर होगा।

# टेली मेडिसिन से जुड़ेंगे 21675 वेलनेस सेंटरः ब्रजेश पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने अहम कदम उठाया है। स्वास्थ्य उपकेंद्रों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत वेलनेस सेंटर में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन वेलनेस सेंटरों को टेलीमेडिसिन से जोड़ा जायेगा ताकि रोगियों को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह मिल सके।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्वास्थ्य उपकेंद्रों को अपग्रेड कर वेलनेस सेंटर में तब्दील करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये। प्रदेश के 21675 उपकेंद्रों को प्रधानमंत्री आयुष्मान वेलनेस सेंटर को कन्वर्ट किया जाएगा। इन्हें टेलीमेडिसिन से जोड़ा जायेगा। यहां रोगियों को उपचार संबंधी सलाह मिलेगी। जिन



बीमारियों का इलाज उपकेंद्र पर संभव नहीं होगाए उन मरीजों को टेलीमेडिसिन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह मुहैया कराई जायेगी। रोगियों को डॉक्टर की सलाह पर निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। मुफ्त जांचें भी होंगी। उपकेंद्रों के अपग्रेड होने से ग्रामीणों को सर्दी.जुकाम, बुखार जैसी सामान्य बीमारियों के लिए बड़े अस्पतालों तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। घर के नजदीक रोगियों को उपचार की सुविधा मिल सकेगी।

**18000 सीएचओ हुए तैनातः** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि पिछले चार साल के दौरान प्रधानमंत्री आयुष्मान वेलनेस सेंटर में लगभग 18000 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की तैनाती की जा चुकी है। बाकी बचे सेंटरों में भी जल्द ही सीएचओ नियुक्त किये जायेंगे।

**आशा को दिया जा रहा स्मार्ट फोन**

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश की 1,60,000 आशा बहनों को स्मार्ट फोन दिया गया है, जिसमें से 80 हजार स्मार्ट फोन तो बीते तीन से चार माह में वितरित किये गये हैं। स्मार्ट फोन में ई.कवच के माध्यम से घर.घर जाकर परिवारों का डेटा इनपुट किया जा रहा है। इससे चिकित्सा सेवा जैसे टीकाकरण आदि से छूटे लोगों का पता लगाया जा सके। छूटे बच्चे, गर्भवती महिला व अन्य लोगों का पता लगने के बाद शिविर लगाकर इनका टीकाकरण कराया जा सके।

# ऐतिहासिक भवनों का होगा सौन्दर्यीकरणः जयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि राजस्थान की तरह यूपी के पुराने किलों, इमारतों एवं महलों को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जायेगा। इसके साथ ही इन ऐतिहासिक धरोहरों को हेरिटेज सर्किट में शामिल करके बुनियादी सुविधाओं से लैस किया जायेगा। इसके अलावा इनकी मार्केटिंग तथा ब्रान्डिंग के साथ ही व्यापक प्रचार.प्रसार करके अधिक से अधिक देशी.विदेशी सैलानियों को उप्र की ओर आकर्षित किया जायेगा। इससे उप्र में रोजगार के साथ-साथ आमदनी के रास्ते खुलेंगे।

मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को विधानभवन के तिलक हाल में प्रदेश में स्थित किलों, महलों आदि को पीपीपी माडल पर विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने के लिए आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरव सिंह शेखावत ने पुराने किलों को होटल का रूप देकर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाया था। यह प्रयोग काफी सफल रहा। इसी तर्ज पर उप्र में पुरानी इमारतों को होटल के रूप में विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने की रणनीति बनाई गयी है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि यूपी में निवेशकों के लिए पर्यटन नीति 2022 में आकर्षक सुविधाओं के साथ ही सब्सिडी एवं विभिन्न प्रकार की छूट की व्यवस्था की गयी है। यूपी में औद्योगिक एवं पर्यटन संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इन्स्पेक्टर राज और लालफीताशाही को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा बेकार एवं अनुपयोगी कानूनों को भी खत्म किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से प्रदेश की स्थिति में व्यापक बदलाव आया है। अब यह बीमारू राज्य के चक्रव्यूह से निकलकर अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ रहा है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में कारोबार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सपा मुखिया ने 'कुंती की अंतर्कथा' पुस्तक का किया विमोचन

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने बुधवार को सपा मुख्यालय में प्रमोद त्यागी एडवोकेट द्वारा लिखित पुस्तक 'कुंती की अंतर्कथा' का विमोचन किया। इस मौके पर सपा मुखिया अखिलेश ने कहा कि किताबों से अच्छा कोई मित्र नहीं, लोग फिर पढ़ने की ओर लौटेंगे। उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध कवि दिनकर जी ने भी कुंती के बारे में लिखा है। डॉ. राममनोहर लोहिया ने भी द्रौपदी और सावित्री पर किताब लिखी है। अखिलेश यादव ने लेखक प्रमोद त्यागी को बधाई देते हुए कहा कि उनमें एक साथ कई प्रतिभाएं छिपी हैं। वे राजनेता, समाजसेवी, अधिवक्ता, लेखक सब एक साथ है। इस मौके पर कल्पतरू प्रकाशन हापुड़ के प्रकाशक अभिषेक अग्रवाल ने पुस्तकों की सरकारी खरीद बंद होने पर चिंता जताई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल पूर्व मंत्री बलराम यादव, विधायक पंकज मलिक एवं अनिल कुमार, बंधु कुशावर्ती, तरूण गोयल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# सपा का मुकाबला भाजपा सेः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी हर स्तर पर भाजपा का मुकाबला कर रही है। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ही भाजपा से मुकाबला करेगी और उसे हराएगी। उन्होंने कहा कि अब अन्य दलों को अपनी भूमिका तय करनी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ऐसे मुख्यमंत्री के बारे में क्या कहा जाए, जो यह कहते हैं कि मेट्रो बनाने से, एक्सप्रेस-वे बनाने से, रिवरफ्रंट बनाने से, पार्क बनाने से वोट नहीं मिलता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि अधिकारी जितना चाहे अन्याय और अत्याचार कर ले। मन न भरा हो तो और कर ले, लेकिन इसका संदेश क्या जा रहा है यह भी सोच ले। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता और किसानों की ही नही, पशु पक्षी और पेड़ पौधों की भी दुश्मन है। सरकार ने इन्वेस्टमेंट मीट के दौरान हजारों की संख्या में पेड़ कटवाए, जो गमले लगवाए थे वह



चोरी हो गए। एक हजार एकड़ में एक लाख 36 हजार पेड़ लगते हैं। भाजपा सरकार बताएं इन्होंने 150 करोड़ पेड़ कहां लगाएं। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार मां गंगा और गोमती की सफाई के नाम पर झूठ बोल रही है। बजट में आलू खरीद के लिए एक हज़ार करोड़ देने की बात कही गई है। लेकिन किसानों का आलू नहीं खरीदा गया। आलू किसान बर्बाद हो गया। सरकार बताए गन्ने का कितना भुगतान हुआ, क्या किसान की आय दोगुनी हो गई।

अखिलेश ने कहा कि इसी तरह से सरकार ने निजी कंपनियों से गेहूं खरीदवा दिया और बाद में आम जनता को महंगा आटा खरीदना पड़ा। डीजल, पेट्रोल महंगा है। रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं। दूध, दाल, तेल सब महंगा हो गया। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को छह साल का हिसाब देना है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार 6 साल से है केंद्र में 9 साल से। नीति आयोग की रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश विकास में 22 नम्बर पर है। एनसीआरबी के आंकड़ों में उत्तर प्रदेश में महिलाओं पर अन्याय और अपराध सबसे ज्यादा हो रहा हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य के मामले में प्रदेश की स्थिति दयनीय है। प्रदेश सरकार के पास अपना परमानेंट डीजीपी और मुख्य सचिव नहीं है। ब्लैक मेलिंग चल रही है। बेरोजगारी चरम पर है।

## पर्यटन मंत्री ने सपा को मैनपुरी सीट जितवाई

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर हमला बोलने के साथ ही प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री पर जबरदस्त निशाना साधा। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी को मैनपुरी सीट पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह जितवाई। अखिलेश ने कहा कि पर्यटन मंत्री पहले भी पर्यटन करते रहे हैं, वे कब पर्यटन कर जाए किसी को नहीं पता। यह बात सपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान अखिलेश यादव ने कही। वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने ट्वीट कर अखिलेश पर पल्टवार करते हुए कहा कि जनता उन्हें स्थायी रूप से पर्यटन पर भेज चुकी है। पर्यटन मंत्री जयवीर ने कहा कि सहकारिता चुनाव में सपा का सूपड़ा साफ होने से अखिलेश की बौखलाहट स्वाभाविक है। पत्रकार वार्ता के दौरान अखिलेश ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद पर सवाल पूछे जाने पर अखिलेश ने कहा कि मैं शूद्र के बारे में कुछ बोलूंगा नहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर चल रही है। कोई बोलेगा या फिर कुछ पूछेगा तो उसे जेल भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिससे हमने संपर्क रखा या फिर जिससे मैं मिलने गया सरकार उसके पीछे पड़ गई।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मै वर्षा गुप्ता पुत्री श्री अनिल गुप्ता निवास 113/30 स्वरूप नगर, कानपुर – 208002 मैनें अपना नाम वर्षा आक. श अग्रवाल से बदलकर वर्षा गुप्ता रख लिया हैं भविष्य में मुझे वर्षा गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जायें।

सूचना

मेरे भूखण्ड संख्या E-6/437 रकबा 75 वर्ग मीटर, आम्रपाली योजना हरदोई रोड का मूल आवंटन पत्र व भौतिक कब्जा पत्र मुझसे कहीं खो गया है। भविष्य में इसका उपयोग अवैध माना जायेगा। रीना बिसारिया पत्नी श्री राघवेन्द्र कुमार बिसारिया E-5502 राजाजीपुरम, लखनऊ।

सूचना

सूचित हो कि मैं परवीन निशां पत्नी स्व0 अब्दुल शकूर नि0 443/203, बरफखाना, जल निगम रोड, मिश्री बगिया, बालागंज थाना–ठाकुरगंज, लखनऊ ने अपने पुत्र मो0 मुस्लिम व पुत्रवधू सूफिया बानो को उसके गलत चाल चलन के कारण 03.07.2020 को बेदखल कर दिया था। अब उन दोनों का चाल चलन मेरे प्रति अच्छा हो गया है इसलिए मेरी समस्त चल अचल सम्पत्ति में दोनों बराबर के हकदार होंगे।

सूचना

मैं अशी अग्रवाल डायरेक्टर ऑफ बंसल इलेक्ट्रिकल प्राइवेट लिमिटेड, TIN No- 09441500011 पता 16/50, CIVIL LINES KANPUR NAGAR UP- का F- Y- 2017- 2018 का 10 नग फॉर्म 38 खो गए है कंपनी चाहती है फॉर्म 38 के 10 नग जो खो गए है उसका जो भी प्रयोग करे उस पर सेल्स टैक्स विभाग दंडात्मक कार्यवाही किए जाये!
01 : 2750152, 02 :2750153
03 :2750154, 04 :2750155
05 :4158833, 06 :4158834
07:-4158835, 08:-8167701
09:-8167702, 10:-8167703

# जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करना होगाः सीएस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने विश्व जिल दिवस के अवसर पर स्थानीय निकाय निदेशालय में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इससे पूर्व उन्होंने नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र व स्थानीय निकाय निदेशालय में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्य सचिव ने कहा कि जल के बिना जीवन नहीं है। जल हमारे जीवन में बहुत ही उपयोगी है। प्रधानमंत्री ने देश को 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए देश प्रदेश में तमाम सारे प्रयास हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने देश को पहली बार संबोधित करते हुए 15 अगस्त 2014 को स्वच्छ भारत का संकल्प लिया था। स्वच्छता सुनिश्चित करने के



लिए उन्होंने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की। इसकी सफलता को देखते हुए अक्टूबर 2021 में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 की शुरुआत की गई। उन्होंने शहरों को स्वच्छ बनाने के लिए सीवरेज सिस्टम को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ प्रयुक्त जल को ट्रीटमेंट करते हुए शुद्ध जल में परिवर्तित करने पर जोर दिया और कहा कि शुद्ध जल उत्तम स्वास्थ्य का आधार है। हमें जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करना होगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सात दिवसीय 75000 अभियान की शुरूआत की, इस अभियान के तहत 75 हजार शौचालयों का कायाकल्प किया जायेगा। इसके अलावा मंच से पुस्तक का विमोचन किया। सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट की डायरेक्टर जनरल सुनीता नारायन ने कहा कि प्राचीन भारत में पानी के सदुपयोग के प्रमाण देखे जा सकते हैं। हमें नदियों को बचाना है तो नदियों तक पहुंचने वाले हर नाले के जल को शुद्ध करना होगा। वर्तमान में हम नदियों से स्वच्छ पानी लेते हैं लेकिन नदियों को वापस गंदा पानी देते हैं, हमें इसमें बदलाव करना होगा। निदेशक नगरीय निकाय नेहा शर्मा ने शौचालयों के कायाकल्प के लिए शुरू किए गए सात दिवसीय अभियान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के 75 हजार शौचालयों का कायाकल्प किया जाएगा, इस दौरान प्रदेश के नगरीय निकायों में शौचालयों की सफाई वृहद स्तर पर की जाएगी।

## संवेदनशील जनपदों में नशीले पदार्थों की खेती व तस्करी पर विशेष नजर रखें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनायें हैं। जनपदों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये जिलाधिकारी को रचनात्मक सोच के साथ नेतृत्व करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों का सामान्य जीवन पर बहुत बुरा प्रभाव है। युवा वर्ग नशीले पदार्थों के सेवन के प्रति सबसे ज्यादा संवेदनशील है। नशीली दवाओं के सेवन व दुरुपयोग को रोकने के लिये लोगों को जागरूक किया जाये। संवेदनशील जनपदों में नशीले पदार्थों की अवैध खेती व तस्करी पर विशेष निगरानी रखी जाये।

उन्होंने कहा कि 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले शासकीय भवनों का निर्माण ईपीसी मोड पर कराने की व्यवस्था है। जनपद स्तर पर इन परियोजनाओं की मॉनीटरिंग हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तकनीकी प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिलाधिकारियों द्वारा तकनीकी प्रकोष्ठ की नियमित मासिक बैठक कर परियोजना के कार्यों में गति लायी जाये। बैठक में परियोजना के कार्यो में किसी भी प्रकार का गतिरोध होने पर उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की तैयारियां जिलाधिकारी द्वारा अपने नेतृत्व में करायी जाएं।

सूचना

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय,पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी
वैवाहिक वाद सं. 434/2021
रोचक अग्रवाल उर्फ गोल्डी..........आवेदक
बनाम
श्रीमति यमुना शर्मा ................उत्तरवादी
नोटिस बनाम : श्रीमति यमुना शर्मा पत्नी श्री रोचक अग्रवाल उर्फ गोल्डी पुत्री श्री शंकर शर्मा 37/4 इन्डस्ट्रियल कालोनी नैनी प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

विदित हो कि आवेदक ने आपके विरुद्ध मेरे न्यायालय में उपरोक्त वैवाहिक वाद संस्थित कर रखा है। इस न्यायालय द्वारा नोटिस एवं स्पीड पोस्ट से भी नोटिस देने के बाद आप इस वैवाहिक वाद में उपस्थित नही हो रही हैं जिससे इस वाद की कार्यवाही लम्बित है। अतः आपको इस गजट प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 25.04.2023 को पूर्वाहन 6.30 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति मे इस वाद की सुनवाई की जायेगी । कृपया इसे अति आवश्यक समझे।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर से जारी। दिनांक 18.3.2023
प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# टोल प्लाजा पर मनमानी के विरोध में भाकियू का जोरदार प्रदर्शन

● टोल मैनेजर के आश्वासन पर माने किसान समाप्त किया धरना

संवाददाता। मोहनलालगंज



**टोल** प्लाजा पर मनमानी के विरोध में भाकियू कार्यकर्ता बुधवार को धरने पर बैठ गए। जिलाध्यक्ष राजेश रावत की अगुवाई में किसानों ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस की मौजूदगी में टोल कम्पनी के मैनेजर ने मांगें पूरी करने का भरोसा दिया। तब जाकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन समाप्त किया।

निगोहां टोल प्लाजा पर 20 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले किसानों से निर्धारित 315 रुपए का शुल्क लेकर मासिक पास जारी करने में मनमानी का आरोप लगाकर बुधवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा कर धरना दिया। जिलाध्यक्ष राजेश रावत की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने टोल कम्पनी पर रायबरेली हाईवे के अवैध कट बन्द करने और हाईवे पर बने टायलेट चालू करने में लापरवाही का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने रात में टोल प्लाजा की लाइटें बन्द रखने और बाइक लेन संकरी होने का मुद्दा भी जोरदार ढ़ंग से उठाया। भाकियू प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह की मौजूदगी में किसानों ने टोल की दो लेन का आवागमन तकरीबन डेढ़ घण्टे तक ठप कराए रखा। सूचना पाकर पहुंचे निगोहां इंस्पेक्टर विनोद कुमार और टोल मैनेजर राजेन्द्र सिंह भाटी ने नाराज किसानों से बातचीत कर उनकी सभी मांगें पूरी कराने का भरोसा दिया। तब जाकर किसान शान्त हुए और प्रदर्शन समाप्त किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सरवन यादव मनोज पटेल जिला महामंत्री संतलाल पटेल ब्लाक अध्यक्ष प्रवेश कुमार और तहसील अध्यक्ष प्रमोद वर्मा समेत अन्य भाकियू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केजीएमयू में यूथ 20 सेमिनार कल

## सत्र में देश-विदेश के ख्याति प्राप्त चिकित्सक हिस्सा लेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में 24 मार्च को यूथ 20 सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन मे देश-विदेश के ख्याति प्राप्त चिकित्सक हिस्सा लेंगे। यह बात बुधवार को अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डॉ. नवनीत सहगल एवं किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति विपिन पुरी ने महाविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाले यूथ 20के संबंध में केजीएमयू में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि उत्तर प्रदेश में जी 20 कार्यक्रम के अन्तर्गत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वाई 0 का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। जिसका पहला कदम जी.20 की अध्यक्षता से ही लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यूथ 20 के अन्तर्गत भारत का मुख्य उद्देश्य देश भर के युवाओं को एक साथ लानाए बेहतर कल के लिए विचारों पर चर्चा करना और काम के लिए एक एजेंडा तैयार करना है। भारत की जी 20 की अध्यक्षता के दौरान वाई 20 द्वारा की जाने वाली गतिविधियां वैश्विक युवा नेतृत्व और साझेदारी पर केंद्रित होंगी। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि यूथ 20 शिखर सम्मेलन के माध्यम से देशभर के विभिन्न महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में चयनित युवाओं के द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिए गये विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में 'हेल्थ वेलबींग एंड स्पोर्ट्स: एजेंडा फॉर यूथ' की थीम पर 24 मार्च को केजीएमयू में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के समस्त जनपदों के (1 महिला व 1 पुरुष) कुल 150 युवा सम्मिलित होंगे। राज्य स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किये हैं, जिससे की युवा प्रतिभागियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि जिले स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता गठित समिति सदस्य द्वारा भी समयबद्ध ढंग से प्रशंसनीय कार्य किया गया। डॉ. सहगल ने बताया कि जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति जिसमें जनपद के जिला युवा अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शामिल थे। चयन समिति के माध्यम से यूपी के सभी जनपद के महाविद्यालय में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषयवस्तु के अनुरूप वाद.विवाद, भाषण, आलेखन, पेंटिंग, वाकाथन जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से चयन प्रक्रिया को पूर्ण किया गया। कुलपति विपिन पुरी ने बताया कि 24 मार्च को किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम वेलविंग एण्ड स्पोर्ट्स एजेण्डा फार यूथ थीम पर होगा।

# तहसील से कुछ दूर अतिक्रमण का मैसेज वायरल होने पर जागे अफसर

● अतिक्रमण देख चौंके अफसर एसडीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता। मोहनलालगंज

**अवैध** अतिक्रमण पर सख्ती के अभाव में नगर पंचायत की बेशकीमती सरकारी जमीनें अवैध कब्जेदारों के निशाने पर हैं। डेढ़ माह पूर्व नगर पंचायत को सुपुर्द की गई सरकारी भूमि पर बुधवार को दिनदहाड़े अतिक्रमण कर बुनियाद खोदी जा रही थी। सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल होते ही हड़कंप मच गया। राजस्व टीम की रिपोर्ट पर एसडीएम ने ईओ को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मोहनलालगंज नगर पंचायत में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर राजस्व टीम ने 27 जनवरी को नगर पंचायत टीम की मौजूदगी में नापजोख की थी। लेकिन अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई नही हो सकी। बुधवार को इसी भूमि कुछ हिस्से पर बुनियाद खोदी जा रही थी। लेकिन जिम्मेदारों को भनक तक नही लग सकी। सोशल मीडिया पर अवैध कब्जे का मैसेज वायरल होते ही हड़कंप मच गया। तहसील अधिकारियों के आदेश पर राजस्व टीम पहुंची तो अवैध कब्जों की भरमार देखकर हैरत में पड़ गई। टीम ने एसडीएम को रिपोर्ट दी है। एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य ने बताया अवैध कब्जे की सूचना पर राजस्व टीम भेजकर जांच कराई गई। टीम ने अवैध अतिक्रमण की रिपोर्ट दी है। जिसे लेकर नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को पुलिस बल के साथ तत्परता से कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**नगर पंचायत में अवैध कब्जों की भरमार, जिम्मेदार बेखबर:** मोहनलालगंज नगर पंचायत का गठन हुए तकरीबन तीन साल हो चुके हैं। लेकिन नगर पंचायत प्रशासन अब तक बेशकीमती सरकारी जमीनों की नापजोख कराकर कब्जे में नही ले सका है। लिहाजा सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण किए बैठे अवैध कब्जेदारों के हौसले बुलंद हैं

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना पायलट प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने बुधवार को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत नेशनल पीजी कालेज में स्मार्ट क्लास रूम का उद्घाटन किया। यह स्मार्ट क्लासरूम छात्रों के लिए पढने के अनुभव को बढ़ाने और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए आवश्यक साधन प्रदान करने के लिए नवीनतम तकनीक से लैस है।

स्मार्ट क्लास रूम का निर्माण स्टडी आईक्यू एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा आवंटित पायलट प्रोजेक्ट के तहत किया गया है। मई 2023 में होने वाली यूपीएससी/यूपीपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत पंजीकृत छात्रों के लाभ के लिए इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत क्रैक प्रीलिम्स प्रोग्राम चलाया जा रहा है। बता दें कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना 2021 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू की गई थी। इसका संचालन समाज कल्याण विभाग और अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति द्वारा किया जा रहा है।

# पांच दिन में 258 केंद्रों पर सवा करोड़ से अधिक कापियों का मूल्यांकन

● निर्धारित समय से पहले ही कापियों को मूल्यांकन संभव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीते** 18 मार्च से शुरू हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज, उत्तरप्रदेश की बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के क्रम में बुधवार को आंकड़ा करीब सवा करोड़ से अधिक पहुँच गया। अभी दो करोड़ कापियां और जांची जानी है। मूल्यांकन कार्य एक अप्रैल तक चलना है। अभी मूल्यांकन के लिए 9 दिन और शेष है। बोर्ड का प्रयास है कि कापियों का मूल्यांकन निर्धारित अवधि के भीतर हर हाल में हो जाए।

यूपी बोर्ड का इस बार का प्रशिक्षण माड्यूल कारगर रहा है। मूल्यांकन केंद्रों पर पहले दिन इस माड्यूल के माध्यम से प्रशिक्षण की वजह से कापी जांचने में परीक्षकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आ रही है। केंद्रों पर स्वस्थ माहौल में कापियों का मूल्यांकन हो रहा है। मंगलवार तक 258 केंद्रों पर कुल 92 लाख से अधिक कापियां जांची जा चुकी थी। बुधवार को सवा करोड़ से अधिक कापियों का मूल्यांकन हो चुका है। कापियों के मूल्यांकन में एक लाख चालीस हजार से अधिक परीक्षक लगे हुए हैं। बता दें कि एक अप्रैल तक तीन करोड़ 19 लाख कापियों का मूल्यांकन होना है। इस हिसाब से अब तक एक तिहाई कापियां मूल्यांकित हो चुकी हैं। बोर्ड ने कापियों के मूल्यांकन के लिए प्रदेश भर में 1,43,933 परीक्षकों की तैनाती की है। इसके अतिरिक्त रिजर्व परीक्षक भी रखे गए हैं। अभी तक सभी केंद्रों पर जरूरत के हिसाब से परीक्षकों की उपस्थिति पर्याप्त संख्या में है। मूल्यांकन केंद्रों पर पहली बार नियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी दिन भर रहकर उपप्रधान परीक्षकों को रेण्डम तरीके से कापियों का बंडल वितरित कर रहे हैं।

## झाड़ियों में पड़ा मिला लापता व्यक्ति का शव

**लखनऊ।** राजधानी के निगोहां इलाके में घर से निकले एक व्यक्ति का शव गांव के बाहर स्थित झाड़ियों में संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर मौजूद लोगो ने हत्या कर शव झाड़ियों में फेंके जाने की आशंका जाहिर की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मृतक शराब का आदी था और शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं पाये गये हैं। हालांकि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। जानकारी के अनुसार नदौली ग्राम निगोहां निवासी देवेन्द्र सिंह ने पुलिस को सूचना दिया कि राजेन्द्र प्रताप सिंह 48 घर से निकले थे। जिनका शव इलाके में स्थित श्याम सुन्दर दास की बाउंड्री स्थित झाड़ियों में पड़ा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर बताया कि मृतक शराब का आदी था और उसकी किसी से भी कोई दुश्मनी नहीं थी। मृतक मजदूरी करता था और उसके दो पुत्र थे। फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## बस अड्डा से फौजी का बैग चोरी

**लखनऊ।** राजधानी के वजीरगंज इलाके में स्थित बड अडडे पर एक फौजी के वैग को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया। जिसमें नकदी व जेवरात थे। फिलहाल पुलिस ने वादी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रामपुर कटरा बाजार जनपद गोंडा निवासी अविनाश चन्द्र सेना में हैं और वह पश्चिमी बंगाल में कार्यरत हैं। उन्होंने वजीरगंज पुलिस को बताया कि वह जनपद गोंडा जाने के लिए कैसरबाग बस अडडा पहुंचे और अपना बैग रोडवेज की एक बस में रख दिया। फिर परिवार के साथ दूसरा वैग लेकर जब चढ़े इतनी देर में पहले वाले वैग की चेन तोड़कर अज्ञात चोर ने उसमें रखे जेवरात व नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डीसीएम ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

**लखनऊ।** वजीरगंज स्थित लॉरी के पास डीसीएम चालक ने स्कूटी सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। जिससे उनकी ट्रामा में मौत हो गयी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फैजुल्लागंज थाना मड़ियांव निवासी नीलम गुप्ता ने वजीरगंज पुलिस को सूचना दिया कि उनके पति रमेश सिंह 60 ठाकुर ट्रांस पोर्ट में काम करते थे। बुधवार की शाम चार बजे के करीब वजीरगंज स्थित लॉरी के पास अज्ञात डीसीएम चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गयी।

## डॉ. जीके जनेजा बने डीजीएमई

**लखनऊ।** शासन स्तर पर प्रधानाचार्य डॉ. जीके जनेजा को चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण के महानिदेशक पद पर नियुक्त किया गया है। बुधवार को इस बावत प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने आदेश जारी कर दिये हैं। डॉ जनेजा वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यो का निर्वहन करेंगे।

## उधारी चुकाने के बहाने दोस्त को घर बुलाकर पिटवाया

**मोहनलालगंज।** उधारी चुकाने के बहाने घर बुलाकर बकाएदार ने युवक की पिटाई करा दी। जख्मी युवक की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। लखनऊ के छितवापुर निवासी संजीत कुमार ने छह साल पहले पत्नी के इलाज के लिए मोहनलालगंज के बैरीशालपुर निवासी प्रदीप कुमार को 25 हजार रुपए उधार दिए थे। लेकिन प्रदीप कुमार ने उधारी नही चुकाई। दबाव डालने पर उधारी चुकाने के बहाने संजीत को घर बुलाकर खुद गायब हो गया। फिर कुछ लोगों को घर भेजकर संजीत की पिटाई करा दी। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में सर्राफा कारोबारी लापता

**मोहनलालगंज।** नगराम इलाके में खरीदारी करने निकला सर्राफा कारोबारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी कारोबारी का कोई सुराग नही लगने पर परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। नगराम के गढ़ी मोहल्ले में रहने वाले सर्राफा व्यवसायी मुकेश जायसवाल का बेटा शुभम कपड़े खरीदने के लिए बाइक से निकला था। लेकिन देरशाम तक वापस नही लौटा। परिवार के लोग मोबाइल पर सम्पर्क करने की कोशिश करते रहे लेकिन काल रिसीव नही हो सकी। फिर मोबाइल स्विच आफ हो गया। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कुछ पता नही चलने पर पिता मुकेश जायसवाल ने नगराम थाने पहुंचकर बेटे के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर हेमंत राघव के मुताबिक गुमशुदगी दर्ज कर लापता कारोबारी का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# साथी की मदद से खलासी ने कंटेनर चालक को उतारा था मौत के घाट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के पीजीआई इलाके में गत दिनों कंटेनर चालक की हत्या का खुलासा करते हुए खलासी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि चालक हरविन्दर सिंह के साथ हम लोगों ने पहले जमकर शराब पी और इस दौरान उसके साथ चालक ने दुष्कर्म का प्रयास किया गया था। जिससे बचने के लिए उसने पाना से कई वारकर हत्या कर मौके से फरार हो गये थे।

बीते दो मार्च को गाजियाबाद से तीन कंटेनर गोदरेज कम्पनी का माल लादकर लखनऊ स्थित गोदाम के लिए रवाना हुए लेकिन जब कंटेनर मालिक ने लोकेशन ली तो एक कंटेनर जिसका चालक पंजाब निवासी हरविन्दर सिंह था, वह लखनऊ के पीजीआई इलाके में स्थित उल्लासखेड़ा की मिली। वह हैरान हुआ और उसने अपने दूसरे चालक को फोन कर जानकारी दी। जब चालक मौके पर पहुंचा तो कंटेनर में चालक हरविन्दर की खून से लथपथ लाश देकर हैरान रह गया था और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया था और पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की तो दो लोगों का नाम प्रकाश में आया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गये दोनों ओरपी सीतापुर निवासी रोहित कुमार व उपरोक्त निवासी सीतापुर कमल ने बताया कि वह खलासी का काम करते हैं। उन्हें हरविन्दर सिंह ने फोन कर बुलाया था और उसी कंटेनर में साथ शराब पी और फिर जब मृतक नशे में हो गया तो उसने मेरे साथी रोहित के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। दुष्कर्म से बचने के लिए रोहित और मैने पाना से उसके सिर पर कई वारकर मौत के घाट उतार दिया था और मौके से फरार हो गये थे।

# सामुदायिक बैठक कर टीबी के प्रति जागरूक कर रहीं आशा

● अब खांसी-बुखार आने पर लोग पूछते हैं, कहीं यह टीबी तो नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**क्षय** रोगियों को ढूँढने, जांच कराने, टीबी की पुष्टि होने पर जिओ टैगिंग करने, निक्षय आईडी बनाने से लेकर फॉलो अप तक में आशा कार्यकर्ता अहम् भूमिका निभा रहीं हैं। इसी तरह आशा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की एक मजबूत कड़ी बनकर उभरी हैं।

राजेन्द्र नगर क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता जया कुमारी नियमित तौर पर क्षेत्र में हर माह सामुदायिक बैठक करके लोगों को टीबी के लक्षणों,जांच और इलाज के बारे में बताती हैं। इसका नतीजा यह रहा कि अब खुद से लोग खांसी, बुखार आने पर उनसे संपर्क करते हैं और पूछते हैं कि कहीं यह टीबी के लक्षण तो नहीं हैं। इसके अलावा वह बताती हैं कि टीबी को लेकर आज भी लोगों में भ्रांतियाँ हैं। क्षेत्र में यदि किसी को टीबी है तो आस.पास के लोग तो पूरे घर से ही दूरी बना लेते हैं। एक-दो परिवार ऐसे हैं जो क्षय रोगी के बर्तन ही अलग कर दिए। उन्हें पता ही नहीं है केवल फेफड़ों की टीबी संक्रामक होती है। ऐसे में हम सबसे पहले यही समझाते हैं कि यदि फेफड़ों की टीबी है तो सावधानी बरतने की जरूरत है। जया बताती हैं कि कभी.कभी मरीज टीबी की दवा लेने नहीं आ पाते हैं तो ऐसे में उनके घर दवा पहुंचाते हैं। कुछ मरीज ऐसे भी होते हैं जिनका निजी चिकित्सक का इलाज चल रहा है और निजी चिकित्सक ने उन्हें सरकार द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी नहीं दी। ऐसे मरीजों से बात की और उन्हें डॉट सेंटर पर मिलने वाले इलाज के बारे में बताया और उनका इलाज शुरू कराया। जया बताती हैं कि उनकी यही प्राथमिकता रहती है कि क्षय रोगी के लक्षण, जांच और इलाज के बारे में लोगों को बताएं। जया अभी तक 28 क्षय रोगियों को पूरी तरह से स्वस्थ बनाने में सहयोग कर चुकी हैं।

**वितरण कार्यक्रम का आयोजन कल:** प्लान इंटरनेशनल इंडिया चैप्टर एवं डॉ राम मनोहर लोहिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के संयुक्त सहयोग से विश्व क्षय रोग दिवस पर पोषकआहार वितरण की एक नई पहल की शुरुआत की जा रही है। जिसमें लोहिया अस्पताल के 102 क्षय रोगियों को क्षय रोग के इलाज के दौरान अगले 6 महीने तक पोषक आहार वितरण किया जायेगा। इस दौरान इंस्टीट्यूट के विभिन्न विभागों द्वारा टीबी के पूरे उपचार में पोषक आहार के महत्त्व के बारे जागरूक किया जाएगा।

**कोरोना के आठ नये मरीज मिले:** जनपद लखनऊ में बुधवार को कोरोना के आठ नये मरीज पाये गये हैं। इन मरीजों में नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अलीगंज लखनऊ के अन्तर्गत 2, महिला, नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टुडियागंज लखनऊ के अन्तर्गत 3 पुरुष, नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेडक्रॉस लखनऊ के अन्तर्गत 1 पुरुष एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिनहट लखनऊ के अन्तर्गत 2 पुरुष शामिल हैं।

## टीबी मरीज की पुष्टि पर मिलते हैं 500 रुपये



**जिला** क्षय रोग अधिकारी डा आरवी सिंह का कहना है कि आशा कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र की पूरी जानकारी होती है । प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में भी आशा कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। संभावित क्षय रोगी को ढूंढने, सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराने और क्षय रोग की पुष्टि होने पर आशा कार्यकर्ता को 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रति मरीज दिए जाने का प्रावधान है। यह धनराशि आशा कार्यकर्ता के बैंक खाते में सीधे भेजी जाती है।

# धूमधाम से मनाया हिन्दू नववर्ष समारोह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**राष्ट्रीय** स्वयं सेवक संघ की राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति के तत्वावधान में बुधवार सायंकाल राजधानी के 1090 चौराहे के पास प्रतीक स्थल पर हिन्दू नववर्ष समारोह धूमधाम से मनाया गया। स्वामी विवेकानंद साप्ताहिक मिलन द्वारा संचालित समिति में राम चरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने के संकल्प के साथ मांग की गई। भारतीय परिधानों में बड़ी संख्या में लोग, महिलायें व बच्चे शामिल हुए।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अवध प्रांत प्रचारक कौशल ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने हिन्दू नववर्ष के महत्व पर प्रकाश भी डाला। आदर्श विद्या मंदिर उन्नाव के विद्यार्थियों बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नाटिका राम चरित मानस ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित हजारों लोगो ने श्री राम चरित मानस को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किए जाने के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान भी किया गया। प्रान्त प्रचारक कौशल द्वारा वार्षिक पंचांग का अनावरण किया गया। समारोह में भजन संध्या में गायक नीरज शुक्ल ने भक्ति और देशप्रेम से ओतप्रोत भजन गाकर समां बांध दिया। लोग देर तक मंत्रमुग्ध होकर भजनों में डूबे रहे। लोगों ने देर तक भारतीयता से ओत प्रोत रंगारंग कार्यक्रमों का आनंद लिया। सबने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से से शुरु हुए नल नामक नवीन विक्रम संवत 2080 की व नवरात्र की एक दूसरे को बधाई दी। प्रांत प्रचारक कौशल ने सभी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया। और अन्त में अग्नि क्रीड़ा, आतिशबाजी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता परिषद उच्च न्यायालय इकाई के महामंत्री शैलेन्द्र सिंह राजावत ने किया । समिति के अध्यक्ष ललित श्रीवास्तव, ऋषिराज, शिवांक रमन भदौरिया, अरविंद जैन आदि उपस्थित रहे।

## आरक्षण के पेंच में फंसी भर्ती 24 को पेश होंगे कुलपति

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में आरक्षण के पेंच में शिक्षकों की भर्ती फंस गई है। इस संबंध में अनुसूचित जाति.जनजाति आयोग केजीएमयू को नोटिस भी जारी कर चुका है। अभी तक प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। जिसके चलते कुलपति को 24 मार्च को आयोग के सामने पेश होना होगा। केजीएमयू में 4500 बेड हैं। रोजाना पांच हजार से अधिक मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। एमबीबीएसए पीजी और सुपर स्पेशियालिटी की पढ़ाई हो रही है। इसके लिए करीब 500 शिक्षक हैं। मानक के अगला अनुसार शिक्षकों की कमी है। 100 शिक्षकों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया। अनुसूचित जाति.जनजाति चिकित्सा शिक्षक एसोसिएशन ने आयोग में भर्ती विज्ञापन में आरक्षण संबंधी प्रावधानों का पालन न करने की शिकायत की। आयोग ने मामले का संज्ञान लिया। केजीएमयू को नोटिस जारी कर विज्ञापन में बदलाव करने को कहा।

# अब पंखा नहीं बनेगा मौत का फंदा

● 40 किलो से ज्यादा का वजन होते ही नीचे आ जाएगा पंखा

● रॉड को मिला पेटेंट, कॉमर्सलाइज कराने की है तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूरी** दुनिया में हर साल काफी संख्या में लोग किसी न किसी कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेते हैं। भारत में भी ये आंकड़ा कम नहीं है। ज्यादातर मामलों में आत्महत्या करने वाला पंखे का सहारा लेता है। पंखे पर फंदा लगाकर परेशान लोग आत्महत्या कर लेते हैं। मगर अब ऐसा नहीं होगा। पंखा मौत का फंदा नहीं बनेगा।

दरअसल, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्याल के इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने एक खास तरह का स्मार्ट डाउन रॉड बनाया है। इस रॉड के सहारे पंखा लटकाने के कई फायदे होंगे।



डॉ. महीप सिंह ने बताया कि स्पेशल लैच मैकेनिज्म का प्रयोग करके बनाया गया यह रॉड अपने आप में खास है। इसमें तीन दो.दो फीट के स्टील रॉड का प्रयोग किया गया है। रॉड के सबसे उपरी हिस्से में स्प्रिंग और मैग्नेट कपलर का यूज किया गया है। इस रॉड पर पंखा लटकाया जाएगा। खास बात ये है कि इस पर 40 किलो या इससे ज्यादा का भार होते ही रॉड खुल जाएगा और पंखा नीचे चला आयेगा। ऐसे में पंखे का इस्तेमाल फांसी पर लटकने वाले के लिए यह काम नहीं आयेगा।

### साफ-सफाई भी होगी आसान

**पंखे** की साफ-सफाई का काम जोखिम भरा होता है। सफाई के लिए सीढ़ी का यूज किया जाता है या तो फिर मेज और स्टूल का सहारा लेना पड़ता है। इस दौरान कई बार गिरने का खतरा तो रहता भी है करेंट लगने का डर भी होता है। मगर इस खास तरह के स्मार्ट रॉड में पंखा टंगा होने साफ-सफाई काफी आसान हो जाएगी। पंखे के पास नहीं जाना होगा बल्कि पंखा ही नीचे आ जाएगा। सफाई करने के लिए बस किसी डंडे से पंखे को नीचे से पुश करना होगा। इसके बाद रॉड धीरे-धीरे खुलता जाएगा और पंखा नीचे आ जाएगा। इसी तरह सफाई के बाद पंखे को उपर करने पर रॉड अपने आप छोटा हो जाएगा। इस स्मार्ट रॉड का पेटेंट हो गया है। बस अब इसे कॉमर्सलाइज कराने पर जोर है।

# समाज उत्थान की दिशा में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा लें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर का 37वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी छात्र.छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी जीवन की चुनौतियां का सामना करने के लिये तैयार होने की प्रेरणा देते हुए कहा कि शिक्षा से सेवा का संदेश देते हुए समाज उत्थान की दिशा में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा लें। उन्होने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने का मंत्र दिया।

राज्यपाल ने कहा कि जो मेडल नहीं हासिल कर सके वह भी निराश न हो। जीवन में हर दिन बेहतर करने का संकल्प लें। अधिक से अधिक श्रम करें और समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि नवीन चुनौतियां सामने आती रहती हैए इसलिये आने वाले कल की चुनौतियों का विश्लेषण करके भविष्य की योजनाएं बनायें। तेजी से बदलती वैश्विक परिस्थितियों की चर्चा करते हुये राज्यपाल ने विद्यार्थियों को नवीनताओं से जुड़ने और फ्यूचर स्किल के लिये खुद को तैयार करने हेतु प्रेरित किया। इसी क्रम में उन्होने भारत को विश्व स्तर पर एक सशक्त देश के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिये केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा लागू विविध योजनाओं, विकास कार्यों और उनमें युवाओं के लिये उत्पन्न हो रहे अवसरों की चर्चा भी की। उन्होने बताया कि भारत की युवा शक्ति के कारण पूरा विश्व भारत की ओर उम्मीद की नजर से देख रहा है।

राज्यपाल ने देश में मोटे अनाज के घटते उत्पादन और प्रयोग पर भी चिंता व्यक्त की। स्वास्थ्य की दृष्टि से इनके लाभकारी होने पर चर्चा करते हुए उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर इसका प्रचार.प्रसार करने को कहा।

कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने दीक्षांत समारोह में बेटियों की सफलता के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह प्रशंसनीय है कि 80 प्रतिशत पदक लड़कियों ने हासिल किए हैं। उन्होंने लड़को को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साक्षरता और शैक्षिक गुणवत्ता के विकास पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि आंगनबाड़ी से विश्वविद्यालय तक की शिक्षा में एक तारतम्य होना चाहिए इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों का सुविधा.सम्पन्न होना भी जरूरी है। जिससे गाँवों के बच्चे केन्द्र पर आने और पढ़ने में रूचि लें। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा केन्द्र पर समारोहों में बुलाने को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा केन्द्र में आकर बच्चों को शिक्षा के प्रति आकर्षण और प्रगति की प्रेरणा प्राप्त होती है। मुख्य अतिथि आध्यात्मिक गुरु स्वामी चिदानंद सरस्वती ने इस अवसर पर भारतीय परंपराओं, मनीषा और ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी छात्र.छात्राओं को राष्ट्र.समाज की बेहतरी के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर बोलते हुए प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि अपनी भाषा में शिक्षा हो तो सहज और सरल होगी। उन्होने कुलाधिपति की तारीफकरते हुए कहा कि आदर्शों की बात करना आसान है पर आदर्शों पर चल कर उन्हे निभाना और खुद उस पर खरे उतरना कठिन है लेकिन राज्यपाल ने आदर्शों पर चल कर दिखाया है। समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुई प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि जीवन में सकारात्मक रहना चाहिए। सकारात्मक रहने से बड़ी सी बड़ी बाधाओं से पार पाया जा सकता है। दीक्षांत समारोह में कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने विस्तार से विश्वविद्यालय की प्रगति और कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी।

समारोह में विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र. छात्राओं को कुलाधिपति स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया। इस बार कुल 91 पदक दिए गए। विद्यार्थियों को कुल 228065 उपाधियाँ वितरित की गयीं। जिनमें 129 शोध उपाधियाँ प्रदान की गयीं। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर के सभागार का नवीनीकरण का उद्घाटन एवं नामकरण भी समारोह में किया गया। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में सेवा उद्यान और अमृत सरोवर के साथ 21 योजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास भी किया गया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के इनोवेशन फाउंडेशन के तहत चल रहे छात्रों के स्टार्टअप्स का अवलोकन किया और स्टार्टअप्स से जुड़े दो छात्रों को सम्मानित भी किया। विश्वविद्यालय ने अपने पुरातन छात्र.छात्राओं के सहयोग से राजकीय बालगृह कानपुर में एक कम्प्यूटर लैब बनाई है। कुलाधिपति ने इसका भी ऑनलाइन उद्घाटन किया।

## बिजलीकर्मियों पर कार्रवाई वापस लेने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** कर्मचारी महासंघ, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, केन्द्र व राज्य सरकार के श्रम संघों और ट्रेड यूनियनों के शीर्ष पदाधिकारियों ने बुधवार को संयुक्त बयान जारी कर बिजली कर्मियों पर हड़ताल के दौरान की गयी निष्कासन, निलम्बन और एफआईआर की दमनात्मक कार्यवाहियां ऊर्जा मंत्री के निर्देश के बावजूद वापस न लिये जाने पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त की है। राज्य सरकार के विभागों, निगमों, निकायों व विवि के कर्मचारी संघों ने बिजली कर्मियों के उत्पीड़न के विरोध में 24 मार्च को लखनऊ में बी एन सिंह की प्रतिमा स्थल सरोजनी नायडू पार्क में 12 बजे से विरोध प्रदर्शन व रैली करने की घोषणा की। श्रम संघ पदाधिकारियों ने बिजली कर्मियों का उत्पीड़न वापस न होने पर प्रान्तव्यापी आन्दोलन करने का फैसला लिया है। आन्दोलन के कार्यक्रमों की घोषणा 24 मार्च की रैली में की जायेगी। राज्य सरकार के विभागों, निगमों, निकायों व विवि के श्रम संघों और ट्रेड यूनियनों ने हाईडिल फील्ड हॉस्टल लखनऊ में बैठक कर बिजली कर्मियों के उत्पीड़न के विरोध में व समझौता लागू कराने हेतु एक संयुक्त मंच बनाने का निर्णय लिया। संयुक्त मंच का अध्यक्ष वरिष्ठ मजदूर नेता अमर नाथ यादव को बनाया गया। श्रम संघ पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वे तत्काल हस्तक्षेप करें जिससे ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा दमनात्मक कार्यवाहियाँ वापस करने हेतु ऊर्जा निगमों के चेयरमैन को दिये गये स्पष्ट निर्देश का क्रियान्वयन हो सके और ऊर्जा निगमों में कार्य का स्वस्थ वातावरण बन सके।

श्रम संघ पदाधिकारियों ने बताया कि 19 मार्च को ऊर्जा मंत्री और विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र की जल निगम फील्ड हॉस्टल में हुई संयुक्त प्रेस वार्ता में ऊर्जा मंत्री ने ऊर्जा निगमों के चेयरमैन एम देवराज को स्पष्ट निर्देश दिये थे कि आन्दोलन व हड़ताल के दौरान किये गये निष्कासन, निलम्बन और एफआईआर की सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां को वापस लें। इसके बावजूद ऊर्जा निगमों के चेयरमैन बैक डेटिंग करके 18 मार्च की तारीख में बड़े पैमाने पर बिजली कर्मियों का निलम्बन कर रहे हैं और निविदा, संविदा कर्मियों का निष्कासन कर रहे हैं। बैक डेटिंग का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि 19 मार्च को ऊर्जा मंत्री के निर्देश के बाद की तारीख में ई मेल के जरिये निलम्बन आदेश भेजे जा रहे हैं।

## एक साल में 21 अपराधी मारे गए 70 अरब की संपत्तियां: प्रशांत कुमार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रखते हुए पुलिस ने पिछले एक साल में 21 अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया और 1256 घायल हुए। इसी अवधि में 25 हजार से इससे अधिक के इनामी 3052 अपराधी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए और गैंगस्टर एक्ट के तहत 70 अरब से अधिक की चल-अचल संपत्तियां जब्त की गईं। एडीजी बुधवार को डीजीपी मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक 16 मार्च 2022 से 15 मार्च 2023 के बीच की अवधि में गैंगस्टर एक्ट अधिनियम में 3903 मुकदमे दर्ज कर 12513 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया जबकि 126 को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत निरुद्ध किया गया। प्रदेश स्तर पर चिह्नित माफिया और उनके गैंग के सदस्यों में से कुल 354 के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 186 मुकदमे दर्ज किए गए और 94 गिरफ्तार किए गए और पांच मुठभेड़ में मारे गए। पुलिस ने 138 के विरुद्ध गैंगस्टर, 61 के विरुद्ध गुंडा एक्ट व नौ के विरुद्ध एनएसए के तहत कार्रवाई की गई जबकि 89 की हिस्ट्रीशीट खोली गई। इन कार्रवाइयों के साथ-साथ गैंग के सदस्यों और उनके सहयोगियों की 1849 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों का जब्तीकरण एवं ध्वस्तीकरण व अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। डीजी कानून-व्यवस्था ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान को आगे बढ़ाते हुए चैत्र नवरात्रि के पहले दिन बुधवार को एक महिला सशक्तीकरण रैली की शुरुआत की गई है जो चैत्र नवरात्रि की अष्टमी 29 मार्च तक चलेगी। यह पूरब में विन्ध्याचल धाम से शुरू होकर पश्चिम में गौतमबुद्धनगर तक और उत्तर में देवीपाटन धाम से शुरू होकर ललितपुर तक जाएगी।



कुड़ियाघाट पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर भारतीय नव वर्ष का स्वागत करतीं महापौर

### कोरियर कम्पनी कर्मचारियों ने लगाया 28 लाख का चूना

**लखनऊ।** कृष्णानगर कोतवाली में कोरियर कम्पनी कर्मचारियों के खिलाफ28 लाख रुपये का गबन करने का आरोप लगा है। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। शैडोफैक्स लॉजिस्टिक के क्षेत्रीय प्रबंधक शिवेंद्र प्रताप के मुताबिक कम्पनी ऑनलाइन प्रोडक्ट की डिलवरी करती है। जिसके लिए 14 हब बनाए गए हैं। जिनकी मदद से प्रोडेक्ट पहुंचाने के बाद कैश ऑन डिलवरी से मिले रुपये कम्पनी में जमा किए जाते हैं। कुछ दिनों से अकाउंट में गड़बड़ी होने का पता चला। ऑडिट कराए जाने पर करीब 28 लाख रुपये की हेराफेरी सामने आई। एमएस वेलडेस्क के प्रभात दुबे और आशुतोष मिश्रा पर रुपये जमा करने का जिम्मा था। पूछताछ किए जाने पर दोनों लोग टाल मटोल करते रहे। जिसके बाद शिवेंद्र प्रताप की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रहीं है।

### सीएमएस अलीगंज द्वितीय कैम्पस में प्राइमरी छात्रों हेतु नये भवन का भव्य उद्घाटन



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) में प्री-प्राइमरी व प्राइमरी छात्रों के लिए नव-निर्मित नये भवन का उद्घाटन आज सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा जगदीश गाँधी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने नन्हें-मुन्हें छात्रों के लिए विशेष रूप से तैयार किये गये नवनिर्मित भवन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सीएमएस प्रबन्धन को धन्यवाद दिया। समारोह में सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा भारती गाँधी, सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन, सीएमएस के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं समेत बड़ी संख्या में शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों ने गरिमापूर्ण उपस्थिति दर्ज करायी। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि प्री-प्राइमरी व प्राइमरी के नन्हें-मुन्हें छात्रों के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से इस नये भवन को विशेष रूप से तैयार किया गया है। हमारा प्रयास है कि छात्रों को आधुनिक सुविधायें उपलब्ध करवायें। इस अवसर पर ओपेन डे समारोह का आयोजन भी किया गया। विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों में नन्हें-मुन्हें छात्र उत्साह से लबालब थे, वहीं दूसरी ओर नन्हें-मुन्हें बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा देख उनके माता-पिता, अभिभावक, दादा-दादी व नानी-नादी गद्गद् दिखाई दिये।

### नये सत्र के शुरू में ही बच्चों के यूनिफार्म के लिए अभिभावकों के खाते में आयेंगे पैसे

**लखनऊ।** अप्रैल से शुरू हो रहे नए सत्र में प्राइमरी के बच्चों को यूनीफार्म के पैसे के लिए इंतजाम नहीं करना पड़ेगा। बल्कि अप्रैल के तीसरे हफ्ते में अभिभावकों के खाते में यूनीफार्म, जूते मोजे और बैग का पैसा पहुंच जाएगा। इस बावत स्कूल महानिदेशक विजय किरण आनंद ने निर्देश जारी कर दिये हैं। महानिदेशक ने सभी बीएसए को निर्देश दिये हैं कि सत्र 2022.23 के वह बच्चे जो नए सत्र में अगली कक्षा में स्कूल में पढ़ेंगे। इन बच्चों व अभिभावकों के आधार का सत्यापन पहले हो चुका है। पहले चरण में इन बच्चों के अभिभावकों के सीडेड खाद अगला 1200-1200 रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे जाएंगे। बता दें कि लखनऊ में 1618 परिषदीय स्कूल हैं। कक्षा आठ और पांच के बच्चे 31 मार्च को पास हो जाएंगे। अन्य कक्षाओं के सभी बच्चे एक अप्रैल को अगली कक्षा में प्रोन्नत कर दिये जाएंगे। इन बच्चों व अभिभावकों का ब्योरा कक्षा वार शिक्षकों के प्रेरणा पोर्टल व प्रेरणा डीबीटी मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होगा। 14 अप्रैल तक पात्र बच्चों के यूनीफार्म के पैसे के भुगतान से जुड़ी पूरी कार्रवाई पूरी कर लेंगे। पहले चरण में अप्रैल के तीसरे हफ्ते में अभिभावकों के खाते में पैसे भेजे जाएंगे।

## स्वच्छता के लिए जनसहभागिता जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**स्वच्छ** भारत, हरित भारत,स्वस्थ भारत के लक्ष्य प्राप्ति के सापेक्ष लखनऊ नगर निगम की स्वच्छता समिति की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को कल्याण मंडप महानगर मे सुनील मिश्रा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जोन तीन के निवर्तमान पार्षदगण जे पी सिंह सचिव महानगर जनकल्याण समिति, विभिन्न वार्डों के स्वच्छता समिति के सदस्यगण सहित सुनील रावत नगर स्वास्थ्य अधिकारी, अम्बी बिष्ट क्षेत्राधिकारी तृतीय, आशीष बाजपेई क्षेत्रीय स्वच्छता अधिकारी जोन 3 आदि सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति मे विस्तार से विचार विमर्श हुआ। जे पी सिंह ने अपने विचारों को सभा पटल पर प्रस्तुत करते हुए कहा कि लखनऊ नगर को स्वच्छ बनाने का दायित्व नगर निगम के साथ साथ सभी नागरिकों का भी है। हम अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी निर्वहन करते हुए कूड़ा निस्तारण उचित प्रकार से करें। मुन्ना मिश्र पार्षद ने संसाधनों की उपलब्धता व जलसंसाधन की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिह्न कर सीवेज इंडिया, कार्यदायी संस्था से असंतुष्टि व्यक्त की। पृथ्वी गुप्ता पार्षद ने कर्मचारियों की कमी पर चिंता व्यक्त की। राघव पार्षद ने प्रकाश बिन्दुओं की निरंतर देखभाल के प्रति अपने भाव प्रस्तुत किए। जे पी सिंह सचिव ने पुर्न स्मरण कराते हुए बताया कि नव निर्मित सीवर लाइन से सभी घरों का संयोजन जल संस्थान द्वारा कराए जाने की तत्काल आवश्यता पर अपेक्षा की। सुनील मिश्रा ने अध्यक्षीय सम्बोधन मे लखनऊ को सम्पूर्ण भारत मे श्रेष्ठतम स्थान प्राप्त करने मे जनसहभागिता व सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए स्वच्छता, जलसंचयन सहित सीवेज निस्तारण के सम्बंध मे तीनों विषयों से सम्बंधित अधिकारियों के साथ अलग अलग गौष्ठी करवाने के लिए सभा को आश्वस्त किया। सुनील रावत नगर स्वास्थ् अधिकारी ने समस्त विषयों से अवगत होते हुए लखनऊ को सुंदर स्वस्थ स्वच्छ बनाने मे नगर निगम की प्रतिबद्धता से आलोकित किया। इस क्रम मे प्रत्येक वार्ड को 12-12 नये हत्थू ठेला प्रदान किए जाने की घोषणा की।

## पेराई सत्र 2023-24 की गन्ना नीति जारी

● सर्वेक्षण 15 अप्रैल से

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयुक्त** गन्ना एवं चीनी संजय आर.भूसरेड्डी ने पेराई सत्र 2023-24 वास्ते गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पेराई सत्र में गन्ने के सम्भावित उत्पादन को ध्यान में रखकर चीनी मिलों के गन्ना क्षेत्र का निर्धारण तथा किसानों द्वारा चीनी मिलों को की जाने वाली गन्ने की आपूर्ति की योजना तैयार की जाती है। गन्ना उत्पादन के सही आंकलन के लिये बोये गये गन्ने के क्षेत्र का सही सर्वेक्षण एक अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं आधारभूत कार्य हैए जिसे पूरी शुद्धताए तत्परता एवं निष्ठा से किये जाने की आवश्यकता है।

भूसरेड्डी ने बताया कि गन्ना सर्वेक्षण का कार्य 15 अप्रैल 2023 से आरम्भ होकर 15 जून 2023 तक पूर्ण किया जाएगा। सर्वे कार्य मीट्रिक प्रणाली पर आधारित होगा। सर्वे कार्य में शुद्धताए पारदर्शिता और गन्ना किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत तथा डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने के लिए गन्ना सूचना प्रणाली एवं स्मार्ट गन्ना किसान प्रोजेक्ट के अन्तर्गत जीपीएस सर्वे कार्य कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष गन्ना किसानों को उनके बोये गये क्षेत्रफल के संबंध मेंवेबसाइट पर घोषणा.पत्र ऑनलाइन अपलोड करने की सुविधा प्रदान की गयी है। घोषणा पत्र में उल्लिखित सूचनाओं का शत.प्रतिशत सत्यापन सर्वेक्षण के समय किया जाएगा, जो किसान ऑनलाईन घोषणा पत्र उपलब्ध नहीं करायेंगे ऐसे कृषकों का सट्टा पेराई सत्र 2023-24 में विभाग द्वारा कभी भी बन्द किया जा सकता है। संबंधित किसान को अपना घोषणा.पत्र स्वयं ऑनलाईन भरना होगा। गन्ना सर्वेक्षण के प्रयोजन हेतु प्रत्येक चीनी मिल क्षेत्र में स्टाफ की उपलब्धता के अनुरूप 500 से 1000 हेक्टेयर तक की अस्थायी सर्किलें बनायी जायेगी और गन्ना सर्वेक्षण टीम में एक कर्मचारी राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक तथा एक कर्मचारी चीनी मिल का होगा। आयुक्त ने बताया कि गन्ना सर्वेक्षण टीम में उन्ही कर्मचारियों को रखा जायेगा जो सर्वेक्षण की मूल भूत जानकरी रखते हों। इतना ही नहींए सर्वेक्षण टीम का एक अनिवार्य प्रशिक्षण भी कराया जायेगा। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सर्वेक्षणकर्ता द्वारा गत पेराई सत्र में जिस सर्किल का सर्वेक्षण कार्य किया गया थाए वह वर्तमान पेराई सत्र में उस सर्किल का सर्वेक्षण कार्य नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण के दौरान ग्राम स्तरीय गोष्ठियों में नये सदस्यों का भी पंजीकरण कराया जायेगा। पेराइ सत्र 2023 24 के लिये 30 सितम्बर 2023 तक बनाये गये सदस्यों को ही गन्ना आपूर्ति की सुविधा मिलेगी।

परिशिष्ट IV-A
नियम 8(6) का नियम देखें
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है की निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड** [CIN: L65922DL2005PLC136029] **(सुरक्षित लेनदार द्वारा)** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **24.04.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक '' जहाँ है '',''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है'' की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HLAPALI00422816**; के लिए **रु. 37,70,979/- (रुपए सैंतीस लाख सत्तर हजार नौ सौ उनासी मात्र)** के लिए **14.03.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंभ शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **15.03.2023** से प्रभावी जो **मुनेश कुमार (प्रोप्राइटर, शिवा स्वीट्स और दूध भंडार)** और **मीरा देवी उर्फ मीरा देवी** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 30,00,000/- (रुपए तीस लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु. 3,00,000/- (रुपए तीन लाख मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10%के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**प्रॉपर्टी नं. 1/04 (दो प्लॉट्स पर निर्मित), जिसका क्षेत्रफल 20.06 वर्ग मीटर और 20.06 वर्ग मीटर यानि कुल क्षेत्रफल 40.12 वर्ग मीटर है, जो र्रा अड्डा फ्लाईओवर के पास, परगना और तहसील कोइल, जिला अलीगढ़, अलीगढ़ -202001, उत्तरप्रदेश के पास स्थित है.**
**मकान के पहले हिस्से की परिबद्धता निम्नानुसार है:**
**पूर्व: अंदर से 26 फुट क्षेत्रफल वाला भूरा का प्लॉट**
**पश्चिम: अंदर से 26 फुट क्षेत्रफल वाला 4 फुट और 6 इंच चौड़ा रोड**
**उत्तर: अंदर से 8.3 फुट क्षेत्रफल वाला राज कुमार का प्लॉट**
**दक्षिण: अंदर से 8.3 फुट क्षेत्रफल वाला राकेश का प्लॉट**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

सही
दिनांक: 17.03.2023 — अधिकृत अधिकारी
स्थान: अलीगढ़ — इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड

## संस्कार भारती ने नव वर्ष पर आयोजित किया कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**भारतीय** नववर्ष को समारोह पूर्वक मनाने हेतु पिछले डेढ़ दशक की भांति बुधवार को नव संवत्सर महोत्सव का आयोजन कुड़िया घाट चौक में प्रात: दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ। जिसमें दे गीत साधक संस्कार भारती का गायन कर कलाकारों ने कार्यक्रम प्रारंभ किया, तत्पश्चात सरस्वती वंदना वर दे वीणावादिनी वर दे बहुत सुंदर स्वर में गायन किया गया। संगीत कला संस्थान के विद्यार्थियों रिधिमा श्रीवास्तव अभी रुक श्रीवास्तव अनुपमा वर्मा मधु श्रीवास्तव रिया तिवारी स्वाति सिंह अंशुमान द्विवेदी दक्षायणी आदि के स्वर में शानदार गायन हुआ। भजन राम का गुणगान करिए रिधिमा श्रीवास्तव द्वारा किया गया, शास्त्रीय गायन डॉक्टर पूनम श्रीवास्तव राम ललित द्वारा जोगिया मेरे घर आए भजन बाजे मुरलिया बाजे सुमिरन करले मेरे मना आज का गायन किया गया। जहां पर हारमोनियम पर कमल कांत तथा सारंगी पर जीशान अब्बास द्वारा साथ दिया गया सुमधुर बांसुरी वादन से उदित शंकर द्वारा तबला वादन कपिल शंकर द्वारा किया गया। यहां पर कत्थक नृत्य श्रुति शर्मा, प्रियम यादव शरणय शुक्ला पाखी सिंह गौरी शुक्ला अनिमेष सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया कलारी पयट्ट प्राचीन युद्ध कला कौशल की विधा का प्रदर्शन दुर्गेश मिश्रा एवं उनके शिष्य सुरेश कुमार गीतेश देवांगन राजू देवांगन सुधाकर शुक्ला व संदीप त्रिवेदी द्वारा किया गया। तट पर एकत्रित होकर हजारों गणमान्य व्यक्तियों ने सूर्य देव की प्रथम किरण को अर्घ देकर अपने नव वर्ष का स्वागत किया। इस वर्ष का कला साधक सम्मान प्रोफेसर मांडवी सिंह उपकुलपति भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय को प्रदान किया गया। समारोह में भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने उपस्थित जन समुदाय को नववर्ष की बधाई दी। समारोह में निवर्तमान महापौर संयुक्ता भाटिया एमएलसी पवन सिंह चौहान भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल राहुल राज रस्तोगी विजय दीक्षित सामाजिक समरसता विभाग के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख अवध प्रांत राज किशोर ,उदय भान कार्यक्रम संयोजक पूर्व प्रवक्ता कालीचरण इंटर कॉलेज तेज नारायण पांडे रंजना द्विवेदी ब्राइट कैरियर स्कूल मल्लपुर की प्रबंधक संजय रस्तोगी व्यवस्था प्रमुख नव संवत्सर समारोह समिति अवधेश तिवारी सहसंयोजक नव संवत्सर समारोह समिति अनुराग पांडे सहसंयोजक एवं मीडिया प्रबंधन गिरीश चंद्र मिश्र उपाध्यक्ष ललित कला अकादमी' सुधाकर शुक्ला गीता पांडे पार्षद मल्लाही टोला प्रथम डॉक्टर लवली शर्मा पूर्व कुलपति संगीत विश्वविद्यालय सवाई मानसिंह मध्य प्रदेश, कवियत्री सरला शर्मा बृज किशोर द्विवेदी सुरेंद्र शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष भारतीय ब्राह्मण महासभा सुनीता पांडे प्रेम नारायण शुक्ला दीपू आदि के साथ. साथ हजारों की संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पीएम करेंगे शिलान्यास, वाराणसी देश का पहला शहर जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोप-वे होगा

● कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक चलेगा रोप-वे, पहुंचने में लगेंगे 16 मिनट ●रोप-वे की कुल दूरी 3.8 किलोमीटर, 50 मीटर ऊंचाई पर चलेंगी 150 ट्रॉली कार



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को भारत का पहला पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप-वे सौगात में देने वाले है। 24 मार्च को पीएम वाराणसी दौरे पर रोपवे निर्माण का शिलान्यास करेंगे। रोपवे कैंट रेलवे स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) से गोदौलिया चौराहे तक चलेगा। डबल इंजन की सरकार की इस योजना से काशी विश्वनाथ मंदिर,दशाश्वमेध घाट जाना आसान हो जाएगा। ये योजना 644.49 करोड़ की है। वाराणसी में नेशनल हाई वे, रिंग रोड, फ्लाईओवर, आरओबी, के बाद अब भीड़-भाड़ वाले इलाके में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोप वे चलने से वाराणसी में आने वाले देशी -विदेशी पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को भी काफी राहत मिलेगी। पूर्वी भारत का गेटवे कहे जाने वाला वाराणसी तेजी से विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रोज़ विकास के नये आयाम जुड़ रहे हैं। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने बताया कि देश का पहला पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप-वे पहले चरण में वाराणसी कैंट से गोदौलिया के बीच चलाया जाएगा। काशी के पुराने इलाकों की सड़के सकरी होने और ट्रैफिक का दबाव निरंतर बढ़ने से अक्सर यहां जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे देशी विदेशी पर्यटकों के अलावा स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि बोलीविया के लापाज़ और मेक्सिको के बाद भारत विश्व में तीसरा देश और वाराणसी पहला शहर होगा जहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए रोप-वे का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये पायलट प्रोजेक्ट है और इसका निर्माण स्विट्जरलैंड की कंपनी बर्थोलेट और नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) मिलकर करेंगी। प्रोजेक्ट डायरेक्टर बताया कि वाराणसी कैंट स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक कुल पांच स्टेशन होंगे। जिनमे कैंट रेलवे स्टेशन, काशी विद्यापीठ, रथयात्रा, गिरजाघर और गोदौलिया चौराहे पर स्टेशन बनाया जाएगा। रोपवे की कुल दूरी 3.8 किलोमीटर होगी जो करीब 16 मिनट में तय होगी। लगभग 50 मीटर की ऊंचाई से क़रीब 150 ट्रॉली कार चलेगी। एक ट्रॉली में 10 पैसेंजर सवार हो सकते हैं। हर डेढ़ से दो मिनट के अंतराल पर यात्रियों के लिए ट्रॉली उपलब्ध रहेगी। एक दिशा में एक घंटे में 3000 लोग यात्रा कर सकेंगे। यानि 6000 लोग दोनों दिशा से एक घंटे में आ जा सकेंगे। रोप वे का संचालन 16 घंटे होगा। रोप वे 2 साल के अंदर बन कर तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया की भूमि अधिग्रहण, तार व पाइप शिफ्टिंग का काम तेजी से चल रहा है। रोप-वे के लिए बनने वाले सभी स्टेशन पर काशी की कला, धर्म और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। रोप वे की ट्रॉली पर भी काशी की थांती देखने को मिल सकती है। कैंट रेलवे स्टेशन के पास ही रोडवेज़ बस अड्डा है। इसलिए कैंट स्टेशन पर रोप वे स्टेशन बनने से ट्रेन और बस से यात्रा करने वाले दोनों यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

# मां गंगा के लिए बनना होगा संवेदनशीलः प्रो. विश्वम्भर

● मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण का किया आह्वान ●विश्व जल दिवस पर संकट मोचन फाउंडेशन की ओर से तुलसीघाट पर जनसभा



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**विश्व जल** दिवस पर संकट मोचन फाउंडेशन एवं मदर प्राइड मदर्स के संयुक्त तत्वाधान में तुलसीघाट पर गंगा को स्वच्छ व निर्मल बनाने के लिए एक जनसभा एवं मानव श्रृंखला बनाकर गंगा को प्रदूषण मुक्त करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर आयोजित जन सभा में वक्ताओं ने जल के महत्वपूर्ण स्त्रोत गंगा के प्रवाह को अविरल व निर्मल करने के लिए जागरूकता का संदेश दिया तो बच्चों के हाथों में तख्तियों ने जल ही जीवन है जैसे वाक्यों से जागरूक किया। इस अवसर समारोह के मुख्य अतिथि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. हरे राम त्रिपाठी ने कहा कि जल ही जीवन है। तुलसीदास लिखते है कि पंचतत्व में जल भी महत्वपूर्ण है। शास्त्रों में नदियों के जल का महत्व बताने के लिए कूप तालाब खोदवाना धर्म का अंग माना जाता है। आज गंगा ही नहीं भारत की सभी नदियों के जल का संरक्षण करने की जरूरत है। आज हम जल ही नहीं पूरे पर्यावरण की रक्षा करें। जनसभा को संबोधित करते हुए संकट मोचन फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर विश्वम्भर नाथ मिश्र ने कहा कि मां गंगा के प्रति हमें संवेदनशील बनना होग, तभी मां गंगा प्रदूषण मुक्त होंगी। उन्होंने कहा कि गंगा में प्रतिदिन 300 एमएलडी मल-जल बिना शोधित किए जा रहा है और हमें बताया जा रहा है कि मां गंगा स्वच्छ एवं निर्मल हो गई है। उन्होंने कहा कि जो गंगा में स्नान नहीं करते हैं उनको तो गंगा जी पूरी तरह से स्वच्छ एवं सुंदर ही दिखेंगी। गंगा के रोज नहाने वालों से पूछिए वह पूरी बात सत्यता से बताएंगे। आज मां गंगा का पानी आचमन योग्य नहीं है और हम उसे स्वच्छ एवं निर्मल बताकर झूठ बोल रहे हैं इन्होंने कहा कि पहले गंगा के इस पार ही प्रदूषण था अब तो गंगा के उस पार भी प्रदूषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि कम से कम मां गंगा का नाम लेकर तो झूठ मत बोलिए।

# आंधी-पानी से हाईटेंशन तार टूटा

**पड़ाव/चन्दौली।** जलीलपुर चौकी अंतर्गत पड़ाव से रामनगर मार्ग पर कटेसर गांव के समीप बीती रात में आंधी पानी के कारण मार्ग किनारे लगा चिलबिल के पेड़ कि डाली झुककर 11 हजार वोल्ट के तार से टकरा जाने के कारण पेड़ में आंग लग गया। जिस कारण पेड़ की डाल टूटकर ग्यारह हजार वोल्टेज के तार पर गिरने से तार भी टूट कर गिर गया।आसपास के सूचना विद्युत कर्मचारी पहुंच कर विजली कटवा कर पेड़ को हटवा छः घंटे बाद विद्युत वहाल किया गया। पेड़ को मार्ग पर गीरनें के घंटों जाम लग गया।पेड़ काटने के चार घंटे बाद यातायात सुचारू रूप से चालू हो पाया।

मुगलसराय कोतवाली अंतर्गत पड़ाव से रामनगर मार्ग पर कटेसर गांव के समीप सुबह 6 बजे मार्ग किनारे लगे चिलबिल के पेड़ की डाल बिती रात तेज हवा के कारण 11000 तार से टकरा गई। जिस कारण पेड़ में आग लग गया। पेड़ को जलता देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पहुंचे बिजली विभाग के लोगों ने 11000 वोल्टेज की लाइट को कटवा कर वन विभाग को सूचना दी। बिजली कटते ही चिलबिल का पेड़ मार्ग के बीचो बीच गिर गया।लेकिन कोई बडी घटना नहीं हुंवाए लेकिन मार्ग पर पेड़ के गिरने से पड़ाव से रामनगर मार्ग पर भयंकर जाम लग गया। वन विभाग व बिजली विभाग की दोनों टीमों ने 4 घंटे के अथक प्रयास कर पेड़ को मार्ग से हटाकर यातायात को सुचारू रूप से चालू कराया। विद्युत विभाग के लोगों ने 11 हजार वोल्टेज के तार को पुनः जोड़ कर 6 घंटे के बाद विद्युत आपूर्ति को बहाल करा दिया। जेई मुकेश कुमार यादव ने बताया कि सुबह 6 बजे सूचना मिली है बिजली कटवा कर 11 के तार हटाया गया और वन विभाग को सूचित कर दिया गया था। वन विभाग की टीम लगभग 8 बजे आई विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ मिलकर पेड़ को काटकर मार्ग के किनारे कर दिया गया। तार को जोड़कर 6 घंटे के अंतर्गत विद्युत बहाल करा दी गई। जलीलपुर चौकी प्रभारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 4 घंटे अथक प्रयास के बाद जाम छुड़ा दिया गया था।

# संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वाहन कर रहे हैं: प्रभारी



**रायबरेली।** सशक्त भाजपा का सशक्त बूथ अभियान के तहत भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुट गई है, इसी के अंतर्गत बूथ सशक्तिकरण अभियान पूरे प्रदेश भर में 15 मार्च 25 मार्च तक चलाया जा रहा है, रायबरेली जिले में भी सभी बूथों को सशक्त बनाने के बूथ सशक्तिकरण अभियान हेतु पूर्ण रणनीति बनाकर संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वाहन कर रहे है। उक्त बातें आज यूपीसीएलडीएफ के राज्यमंत्री स्तर के चेयरमैन एवं प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने अटल भवन भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष रामदेव पाल की अध्यक्षता में आयोजित जिला कोर ग्रुप की बैठक में भाजपा द्वारा चल रहे बूथ सशक्तिकरण अभियान में तेजी लाने व भाजपा की दृष्टि से सशक्त बूथ समिति बनाने, हाल ही में सहकारी समितियों के सम्पन्न हुए चुनाव व 26 मार्च को माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम सहित संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए कही। श्री तिवारी ने बताया कि 26 मार्च को माह के अंतिम रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का मन की बातष् कार्यक्रम का 99वां एपिसोड होगा, जिसे रायबरेली जिले के सभी जन प्रतिनिधि, संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला संगठन द्वारा निर्धारित बूथों पर पूर्वान्ह 11 बजे से सार्वजनिक स्थान पर सामूहिक रूप से सुनेंगे। वासंतिक नवरात्रि व हिन्दू नव वर्ष की शुभकामनायें देते हुए कहा कि रायबरेली जिले में सम्पन्न हुए सहकारिता क्षेत्र की सहकारी समितियों के चुनावों में भाजपा के उम्मीदवारों की एकतरफा जीत हुई है, आने वाले समय में भी सहकारिता के जो भी चुनाव होंगे उनमें भी भाजपा का ही प्रचम लहरायेगा। जिला कोर ग्रुप की बैठक में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री(स्वतन्त्र प्रभार)व एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रंचना चौधरी, सलोन विधानसभा अशोक कुमार कोरी, भाजपा जिला महामंत्री अमरेश मौर्या, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवेन्द्र सिंह बब्लू में शामिल हुए।

# प्रभारी मंत्री का जनपद भ्रमण कार्यक्रम 24 व 25 मार्च को

**अमेठी।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खेल एवं युवा कल्याण विभाग, (प्रभारी मंत्री, अमेठी) गिरीश चन्द्र यादव का जनपद भ्रमण कार्यक्रम 24 व 25 मार्च को होना प्रस्तावित है। उक्त प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) 24 मार्च (शुक्रवार) को वाराणसी से प्रस्थान कर 17.30 बजे निरीक्षण भवन, लोनिवि गौरीगंज, अमेठी आयेंगे तथा 18.00 बजे संघ कार्यालय, अमेठी में विचार परिवार के साथ बैठक व अनुसूचित जाति एवं जनजाति बस्ती का भ्रमण करेंगे एवं सहभोज कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, उसके उपरान्त निरीक्षण भवन लोनिवि, अमेठी में रात्रि विश्राम करेंगे। 25 मार्च (शनिवार) को 08.30 से 09.30 बजे तक निरीक्षण भवन गौरीगंज में जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक तथा 09.30 से 10.00 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में कोर ग्रुप के साथ बैठक करेंगे।

## क्विक न्यूज

### घर में सो रहे बुजुर्ग की हत्या

**अमेठी।** जिले में हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा हैए 48 घंटे के भीतर हत्या की दूसरी वारदात सामने आई जहां घर में सो रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग के चेहरे को कुचल दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसपी और सीओ समेत स्थानीय पुलिस मौके पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से साक्ष्यों को इकट्ठा करने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। ये पूरा मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित वार्ड नं 24 का है जहां देर रात अज्ञात बदमाशों ने घर में सो रहे 70 वर्षीय मथुरा प्रसाद वर्मा के चेहरे को वजनदार हथियार से कुचल दिया। बुधवार सुबह जब बुजुर्ग के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो बहू के साथ पड़ोसियों ने भी आवाज लगाई लेकिन दरवाजा नहीं खुला जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई प् सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खोलकर अंदर देखा तो तख्ते पर बुजुर्ग का खून से लथपथ शव पड़ा था प् बुजुर्ग की हत्या की जानकारी मिलते ही एसपी इलामारन और सीओ मयंक द्विवेदी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। मृतक मथुरा की बहू ने कहा कि कई बार आवाज लगाया लेकिन दरवाजा नहीं खुला जिसके बाद पड़ोसियों को बुलाया प् पड़ोसियों के आवाज लगाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर आई और दरवाजा खोलकर देखा तो अंदर शव पड़ा था, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने हत्याकांड की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि सुबह 70 वर्षीय मथुरा प्रसाद वर्मा अपने घर पर मृत अवस्था में पाए गए थे।

### इंजन का पंखा के चोरी का इल्जाम मुकदमा दर्ज

**ऊंचाहार।** जगतपुर कोतवाली क्षेत्र के पूरे भटनिया मजरे रामगढ़ टिकरिया गांव निवासी युवक ने इटौरा बुजुर्ग गांव के एक व्यक्ति पर इंजन का पंखा के चोरी का इल्जाम लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने नामजद आरोपितों को चोरी के सामान समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गांव निवासी विनोद कुमार का आरोप है कि करीब चार महीने पूर्व खेत की सिंचाई के लिए लगे नलकूप के पंखे को इटौरा बुजुर्ग गांव निवासी बड़कू सिंह चुरा ले गया। जो बाबूगंज बाजार स्थित एक कबाड़ी की दुकान में देखा गया है। कबाड़ी से पूछताछ करने पर उसने बेचने वाले का नाम पता भी बताया। जिसके बाद पीड़ित ने मंगलवार की शाम कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी के सामान समेत दोनों लोगों को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि इटौरा बुजुर्ग गांव निवासी उदय भान सिंह उर्फबड़कू तथा बाबूगंज निवासी मोहम्मद मोइन को चोरी के सामान समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

ऊंचाहार-कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कुछ दिन पूर्व डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कटघर निवासी आलोक वर्मा के विरुद्ध अपनी नाबालिग बेटी को भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराया था, पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी, बुधवार की सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी युवक को जमुनापुर चौराहे के पास गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाल ने बताया कि किशोरी को भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**ऊंचाहार रायबरेली।** कस्बा के वार्ड नंबर छह अलीगंज मोहल्ला निवासी एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में छत में लगे पंखे के हुक में दुपट्टे से फांसी लगा ली। परिजन सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है उक्त मोहल्ला निवासी मोहनलाल की 20 वर्षीय बेटी सुनीता मौर्या ने बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते कमरे में छत में लगे पंखे के हुक से दुपट्टा बांध फंदा गले में डाल कर उससे झूल गई। हलचल सुनकर कमरे की ओर दौड़ गए भाई प्रताप ने खिड़की का कांच तोड़ कमरे में प्रवेश कर दुपट्टे की गांठ खोल उसे नीचे उतारा। आनन-फानन में उसे सीएचसी ले गए। जहां डाक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही युवती के मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### मॉ दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में रहा श्रद्धालुओं की भीड़

**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिवस के अवसर पर बुधवार को अलसुबह से ही गायघाट स्थित मुख निर्मालिका गौरी एवं वरूणा के किनारे स्थित शैलपुत्री देवी के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं ने मत्था टेका एवं मॉ का जय-जयकारा लगाया। इसके साथ ही मॉ को नारियल-चुनरी, प्रसाद, माला-फूल, सिन्दूर आदि चढ़ाया।इसके साथ ही वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन दुर्गाकुंड स्थित मॉ दुर्गाकुंड मंदिर सहित सभी दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की दर्शन-पूजन की भीड़ लगी रही जो देर रात तक चलता रहा।

# वायुसेना के हेलीकाप्टर एवं एसपीजी ने किया सभा स्थल का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी का आगमन शुक्रवार को हो रहा है इसी को दृष्टिगत रखते हुए बुधवार को वायुसेना के हेलीकाप्टर से बाबतपुर से लेकर पुलिस लाइन तक रिहर्सल किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा एसपीजी के आई सहित आला अफसरों ने संस्कृत विवि एवं रूद्राक्ष कान्वेशन सेंटर का डॉग स्क्वायड ने भी सुरक्षा का जायजा लिया। एसपीजी के आईजी ने डॉ0 सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि के सभास्थल को अपने सुरक्षा के घेरे में ले लिया है। पीएम मोदी की सुरक्षा व्यवस्था पंचस्तरीय होगी। अब गुरूवार को पुलिस लाइन से लेकर संस्कृत विवि तक एवं संस्कृत विवि से रूद्राक्ष कान्वेंशन सेंटर तक एसपीजी संग जिले के सभी आला अफसरों का अंतिम रिर्हसल गुरूवार को होगा जिसमें सैकड़ों कार एवं सुरक्षा से सम्बंधित अधिकारी होगें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई सम्पन्न



**रायबरेली।** डीएम माला श्रीवास्तव ने कहा कि बैकर्स निर्धारित समय से बैंकों में आये तथा शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करें तथा अपने कर्तव्यों व दायित्वों का भली भांति निर्वहन करते हुए आमजन में अपनी पेठ बनाये तथा जनता की बैक सम्बन्धी समस्याओं को रूचि लेकर सुने तथा उसका निवारण समय से करें। डीएम माला श्रीवास्तव आज बचत भवन सभागार में बैंकर्स की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा यादव सहित विभिन्न बैकों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि बैकर्स केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनहित की योजनाओं की जानकारी आमजन को बढ-चढ़कर देकर उसकों लाभान्वित करें इसके अलावा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, ऋण जमा अनुपात, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार व ग्रामोद्योग रोजगार योजना सहित नाबार्ड की महत्वपूर्ण योजनाओं पर विशेष ध्यान दें।

डीएम ने कहा कि बैंकर्स कार्य प्रणाली को सरल व सहज बनाये लाभ परक योजना सम्बन्धी आदि कार्यो के क्रियाकलापों को आमजन व सहज तरीके से बताये। उन्होंने कहा कि मुख्य उद्देश्य आमजन को केंद्र व प्रदेश सरकार की लाभपरक व कल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियों व आम जनमानस को लाभ दिलाना है। बैंकर्स सरकार की योजनाओं से आमजन को जानकारी दे तथा उसको लाभान्वित करें। जिला स्तरीय समिति की बैठक आदि की बैकर्स बैठक महत्वपूर्ण होती है जिसे बैंकर्स गंभीरता से लें। उन्होंने बैंकों को निर्देश दिए कि जो लोन स्वीकृत हो गए हैं उन्हें बैंकों में अनावश्यक न रोकें।

# माँ शैल पुत्री की पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ शक्ति आराधना का महापर्व

**संवाददाता।** रायबरेली



**बालिका** विद्या मन्दिर रायबरेली में चौत्र नवरात्रि का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवरात्रि के प्रथम दिन पर विद्यालय के विशाल प्रांगण में माँ शैलपुत्री का आकर्षक दरबार सजाया गया। स्कूल की छात्रा आराध्या को माँ शैलपुत्री के जीवन्त रूप की मनमोहक झांकी में देखकर उपस्थित अभिभावक एवं अन्य सभी आगन्तुकों का मन मुग्ध हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल एवं एक्टीविटी इंचार्ज प्रमांशु श्रीवास्तव जी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने श्रद्धा-भक्ति पूर्वक माँ का पूजन अर्चन सम्पन्न किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये मातारानी के भक्तिपूर्ण गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में शिक्षक सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव, माधुरी शुक्ला और उनके सहयोगी साथियों का योगदान सराहनीय रहा। अन्त में विद्यालय प्रधानाचार्य जी ने अपने सम्बोधन में बच्चों से कहा कि नवरात्रि का पर्व श्क्ति उपासना का पर्व है। नौ दिनों तक जो श्रद्धा-भक्ति पूर्वक माँ के अनेकानेक रूपों की उपासना करता है, उसे सुख-शान्ति, समृद्धि और बुद्धि-विवेक प्राप्त होता है। माँ का आशीर्वाद आप सभी पर हमेशा बना रहे। हिन्दू नव वर्ष एवं नवरात्रि के पावन पर्व की आप सभी को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं। इस असवर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# आरक्षण को खत्म करने मे लगी है भाजपा सरकारः मिठाई लाल भारती



**सोनभद्र।** समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के बैनर तले बुधवार को रावर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ कोन मे समाजवादी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण व चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सपा के अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा सरकार मे लोकतंत्र खतरे मे है वर्तमान केंद्र व प्रदेश की सरकार संविधान के साथ छेडछाड कर देश को बेचने का काम रही है दलितों व पिछडो का हक छिनने का काम कर रही है। आयोजक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि समाजवादी मिलकर संविधान को बचाने का काम करते रहेंगे जब संविधान बचेगा तभी सभी को आरक्षण का हक मिल पायेगा। कमरतोड़ महगाई से जनता त्रस्त है शिक्षा के नाम महज छलावा किया जा रहा है, हम सभी के नेता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निरंतर जातीय जनगणना कराकर जिसका जितना भागेदारी उतना हिस्सेदारी की मांग को लेकर सडक से सदन तक लड रहे है। अपने हक के लिए हम सभी को एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव मे समाजवादी पार्टी के पक्ष मे मतदान कर बीजेपी की सरकार को हराने का संकल्प लेना है। हम सभी को संविधान बचाने का संकल्प लेना चाहिए। पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं मे जोश भरते हुये कहा कि संविधान बचाने के लिए एक एक कार्यकर्ता अभी से ही पूरे लगन से हर गांव गांव मे एक जनता से मिलकर समाजवादी सरकार के विकास कार्यो को जन जन तक पहुंचा कर वर्तमान सरकार को उखाड़ने का काम करे तभी संविधान को बचाया जा सकता है। संविधान बचेगा तो सभी को जनसंख्या के आधार पर जिसका जितनी हिस्सेदारी उतना भागीदारी का लाभ मिलेगा। बीजेपी की सरकार लोकतंत्र के साथ छेडछाड कर देश की तमाम संस्थान को पूंजीपतियों के हाथों बेचने का काम कर रही है।

# अद एस के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**मीरजापुर।** अद (एस) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता मामलों के मंत्री आशीष पटेल ने बुधवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में अपना दल (एस) की जिला इकाई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क कर पार्टी को मजबूत बनाने की अपील की। जिलाध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अपना दल एस के जिला इकाई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने.अपने क्षेत्र में जनसंपर्क कर अपना दल एस पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की अपील की। आने वाले चुनाव में भारी जीत के लिए कार्यकर्ता कमर कस लें। अनुप्रिया द्वारा जनपद में कराए गए कामों को बताएं और जनता की भलाई के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराएं।

पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने.अपने क्षेत्रों में आ रही परेशानियों को रखा। कैबिनेट मंत्री पटेल ने उन्हें भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह संबंधित विभागों व जिला प्रशासन से बात कर जल्द परेशानियों को दूर करने के लिए प्रयास करेंगे और भरोसा दिलाया कि आप लोगों के साथ न्याय प्रिय करवाई होगी। प्रदेश सचिव शिक्षक मंच सुजीत पटेल, प्रदेश सचिव व्यापार मंच अवधेश पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच रामवृक्ष बिंद, जिला उपाध्यक्ष गुलाब बहादुर पटेल, युवा मंच जिला अध्यक्ष उदय पटेल, आईपी मंच जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार बिंद, जिला अध्यक्ष व्यापार मंच अशोक कुमार पटेल, छात्र मंच जिला अध्यक्ष योगेश पटेल, युवा मंच जिला उपाध्यक्ष राजदीप सिंह, जोन अध्यक्ष अखिलेश बिंद, जोन अध्यक्ष राजेश मौर्या, आरिफअली मंसूरी] मुन्नार सिंह पटेल आदि पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल तक

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में 01 से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 17 से 30 अप्रैल के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के विरुद्ध लड़ाई जारी है। ऐसे में संचारी व विषाणु जनित रोगों के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि मलेरियाए डेंगूए चिकनगुनियाए डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जनपद में 01 से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह आगामी 01 अप्रैल से पहले संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। साप्ताहिक बन्दी के दौरान स्वच्छताए सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम यथावत संचालित किया जाए। तालाबोंए नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। डीएम ने कहा कि निगरानी समितियां डोर.टू.डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित हैए तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं। साथ ही महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने कहा कि बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था तथा शुद्ध पेयजल के दृष्टिगत शहर व ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनपद में बड़ी संख्या में शौचालय का निर्माण कराया गया है। ग्राम पंचायत व निकायों द्वारा स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, फॉगिंग व शुद्ध पेयजल के लिए लगातार कार्य किया जाए। ग्रामीण स्तर पर संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु तालाबोंध्नालों व नालियों की साफसफाई सुनिश्चित की जाए। डीएम ने विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ हीए उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकासए पंचायतीराज, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन तथा सूचना विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण की कार्यवाही में और तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। व्यापक जागरूकता का कार्यक्रम संचालित किया जाए। पोस्टर, हैण्डबिल, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिण्ट मीडिया के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए। सीडीओ सान्या छाबड़ा, सीएमओ डा. विमलेंदु शेखर, एसीएमओ डा. रामप्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. प्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव सहित अन्य अधिकारी व समस्त एमओआईसी मौजूद रहे।

## भगोड़ा अपराधी

### अमृतपाल सिंह

**खालिस्तानी** नेता अमृतपाल सिंह पंजाब पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, पर इसके बावजूद केजरीवाल भगवंत मान की तारीफ करते हैं। निकोलो मैकियावेली ने कहा था कि 'राजनीति का नैतिकता से कोई संबंध नहीं है।' अक्सर इसका तथ्यों, सामान्य समझदारी व सौम्यता से भी कोई संबंध नहीं होता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के व्यवहार की कोई और व्याख्या नहीं हो सकती है। उन्होंने पंजाब के अपने समकक्ष तथा पार्टी के साथी भगवंत मान की खालिस्तानी नेता अमृतपाल सिंह के भड़काऊ बयानों व हिंसक गतिविधियों से निपटने के मामले में तारीफ की है। अमृतपाल ने पंजाब की पूरी आधिकारिक मशीनरी को बौना बना दिया है। केन्द्र सरकार का विश्वास है कि अमृतपाल एक पाकिस्तानी एजेंट है। वह खुलेआम खालिस्तान का समर्थन करता है, राष्ट्रविरोधी बयान देता है, भारतीय संविधान की अवहेलना करता है तथा उसके समर्थकों ने अपने एक साथी की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए पुलिस थाने पर धावा बोला था जिसमें अनेक पुलिसकर्मी घायल हुए थे। इसका नतीजा क्या निकला? हमले को पुलिसजनों ने खामोशी से झेला और अगले दिन अमृतपाल समर्थक को रिहा कर दिया गया। जब अमृतपाल को गिरफ्तार करने का प्रयास हुआ तो उसने पुलिस को गच्चा दे दिया। हालांकि, पिछले कई दिनों में उसके अनेक समर्थक गिरफ्तार किए गए हैं और उनके पास से अनेक हथियार भी बरामद हुए हैं, पर पुलिस उसे तलाश नहीं सकी है। इसके बावजूद केजरीवाल ने बेशर्मी से कहा, 'मैं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को धैर्यपूर्वक व परिपक्व तरीके से कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुबारकवाद देता हूं।' यह मुबारकवाद किस लिए है? क्या यह एक महत्वहीन व्यक्ति के बड़ा विद्रोही बन कर उभरने के लिए है? क्या यह पुलिस को इस राष्ट्रविरोधी तत्व के खिलाफ कार्रवाई से मना करने के लिए है ताकि वह बड़ा होकर भिंडरावाले-2 बन सके? क्या यह हिंसक खालिस्तानियों को एक पुलिस थाने पर हमला करने और वहां से निकल जाने देने के लिए है? पार्टी में साथीपन की भावना तथा पक्षपात जरूरी है, पर राष्ट्रहित सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।



भगवंत मान की तारीफ करने के बजाय केजरीवाल को मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की टिप्पणी पर गौर करना चाहिए। 'वारिस पंजाब दे' संगठन के मुखिया अमृतपाल को गिरफ्तार करने में विफल होने के कारण उच्च न्यायालय ने पंजाब पुलिस की खिंचाई करते हुए कहा, 'आपके पास 80,000 पुलिसजन हैं। वे क्या कर रहे थे? अमृतपाल सिंह कैसे फरार हो गया?' पंजाब पुलिस ने उच्च न्याायालय को बताया कि अमृतपाल सिंह व उसके साथियों के खिलाफ बड़ा अभियान छेड़ा गया है और उन्होंने उसके 120 समर्थकों को गिरफ्तार किया है। लेकिन अदालत इस कथन से संतुष्ट नहीं हुई। अमृतपाल की बहुत कठोर निगरानी होनी चाहिए थी। आखिरकार वह न केवल अलगाववाद बल्कि हत्याओं को भी बढ़ावा दे रहा है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या 'मानव बम' दिलावर सिंह ने की थी। अमृतपाल सिंह ने कहा था कि पंजाब में अनेक दिलावर तैयार हैं। लेकिन मान सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनील जाखड़ ने ठीक ही कहा था, 'जो कार्रवाई बिना किसी बल प्रयोग व दिखावे के की जा सकती थी आज उसे पूरे देश को दिखाया जा रहा है।' ऐसा लगता है कि पंजाब पर शासन करने वाली आम आदमी पार्टी अमृतपाल सिंह मामले में कुछ करने से पहले राजनीतिक नफा-नुकसान की गणना कर रही है। 'आप' नेता भले ही हर किस्म के बयान देकर और खैरातें बांट कर सफल हो गए हों, पर उनको अलगाववाद से निपटने के लिए राजकोषीय व्यावहारिकता का परिचय देना चाहिए।

# भारत-नेपाल संबंध में प्रचंड पर विश्वास

काठमांडू में प्रचंड के शिखर पर पहुंचने से नई दिल्ली नई शुरुआत कर सकती है। इससे भारत-नेपाल संबंध पुराने रास्ते पर आ सकते हैं।



**अशोक के. मेहता**
(लेखक, सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं)



सोमवार को नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने सदन में विश्वास मत प्राप्त कर लिया। अब वे प्रधानमंत्री के रूप में अपना तीसरा कार्यकार शुरू करेंगे। भारत के संबंध माओवादी नेता प्रचंड से पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली की तुलना में हमेशा अच्छे रहे हैं। ओली सीपीएन-यूएमएल के नेता हैं। ओली के प्रधानमंत्री कार्यकाल में नेपाल की चीन-समर्थक नीतियों ने स्पष्ट दिशा प्राप्त की थी। उन्होंने चीन का पक्ष लेने के लिए भारत की अनेक नीतियों का गलत लाभ उठाया जो तत्कालीन परिस्थितियों में पैदा हुई थीं। नेपाल के प्रति भारत की अनेक नीतियां तत्कालीन परिस्थितियों व वहां के सत्तारूढ़ वर्ग द्वारा अपनाई नीतियों की प्रतिक्रिया में थीं। ओली ने राजनीतिक रूप से भारत द्वारा नेपाली संविधान को 'अस्वीकार' करने का राजनीतिक लाभ उठाया। तत्कालीन विदेश सचिव एस. जयशंकर ने नेपाल से अनुरोध किया था कि वह अपना संविधान बदले तथा उसे लागू न करे। अनेक कारणों से भारत व नेपाल के बीच बढ़ती खटास का नतीजा 53 दिन चली सीमा पर नाकेबंदी थी। ओली ने चीन के साथ व्यापार व ढांचागत निर्माण पर अनेक समझौतों प हस्ताक्षर किए थे और इस प्रकार वे भारत-नेपाल संबंधों को एक प्रकार से एकदम उलट रहे थे। उन्होंने अपनी नीतियों से ऐसा प्रदर्शित किया था जैसे भारत से नेपाल के संबंध 'अंतिम विकल्प' की तरह थे।

ओली के कार्यकाल में कालापानी सीमा विवाद पैदा हुआ था। इस पर भारत की प्रतिक्रिया का लाभ उठा कर ओली ने एकपक्षीय रूप से कालापानी-लिपुलेख-लिंपियाडोरा क्षेत्रों को नेपाल का क्षेत्र घोषित कर दिया था। राष्ट्रवादी व अंधराष्ट्रवादी भावनायें भड़का कर ओली ने इस प्रकार विवादित या स्पष्ट रूप से भारतीय क्षेत्रों को नेपाल में शामिल कर संसद में अभूतपूर्व रूप से शत-प्रतिशत समर्थन भी प्राप्त कर लिया था। भारत के प्रति ईर्ष्या रखने वाले व 'अति-विश्वासी' ओली ने भारत पर आरोप लगाया था कि वह नेपाल से धोखा कर रहा है। उन्होंने भारत पर अनेक लांछन लगाने के साथ भारतीय राजनय व राजनेताओं का अपमान भी किया था। इस प्रकार भारत और नेपाल के बीच बयानबाजी व जवाबी बयानबाजी से माहौल बहुत कटुतापूर्ण हो गया था। नई दिल्ली ने स्थिति को संभालने के लिए रिसर्च एंड एनालिसिस विंग-रॉ प्रमुख अजीत डोवाल, पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे तथा तत्कालीन विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला को नेपाल भेजा था। उनके राजनयिक प्रयासों से अंततः भारत-नेपाल के बीच बयानबाजी का सिलसिला थमा और द्विपक्षीय संबंध बेहतर हुए।

इन यात्राओं से भारत-नेपाल संबंध बेहतर बनाने में सहायता मिली। इन यात्राओं के कारण बिजनेस व व्यापार की स्थितियां सुधारने में भी सहायता मिली और वह कमोबेश पहले जैसी स्थिति में आ गया। अपने 'चीन-समर्थन' व 'भारत-विरोध' के बावजूद आखिरकार प्रधानमंत्री ओली ने समझ लिया था कि कोई भी नेपाली सरकार भारत को परेशान कर सही तरीके से नहीं चल सकती है। इस प्रकार ओली के दृष्टिकोण में परिवर्तन उनकी मजबूरियों के चलते हुए जो भारतीय राजनय के लिए एक सबक था। प्रधानमंत्री पद पर के.पी.शर्मा ओली के बने रहने में यूएमएल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी की भी बड़ी भूमिका थी। उन्होंने अनेक मानकों और यहां तक कि नेपाली संविधान का उल्लंघन करते हुए भी यह सुनिश्चित किया कि ओली सदन के नेता बने रहें। लेकिन आखिरकार राष्ट्रपति द्वारा नेपाली संविधान का उल्लंघन करने के कारण नेपाली सर्वोच्च न्यायालय को दो बार हस्तक्षेप करना पड़ा। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि चीन ने नेपाल में अपनी समर्थक सरकार बनाने और उसे बनाए रखने के लिए अपनी इज्जत दांव पर लगा दी थी तथा सारी राजनयिक मर्यादायें तोड़ डाली थीं। लेकिन इसके बावजूद चीन को उस समय घोर आश्चर्य हुआ जब 'चीन-समर्थक' वामपंथी गठबंधन ध्वस्त हो गया, जबकि बीजिंग ने उसे बनाए रखने के लिए काफी संसाधन लगाए थे।

तीसरी बार प्रधानमंत्री बने प्रचंड ने भी लंबे समय तक राजनीतिक दांवपेंच चले। पांच कार्यकाल प्रधानमंत्री रह चुके शेर बहादुर देउबा के पाला बदल कर ओली का समर्थन करने के निर्णय से प्रचंड की समस्यायें गंभीर हो गई थीं। इसका कारण यह था कि देउबा ने प्रचंड को प्रधानमंत्री बनाने से इनकार कर दिया था। इसका एक कारण यह भी था कि प्रचंड की पार्टी माओवादी को नेपाली चुनाव में केवल 32 सीटों पर सफलता मिली थी। इसके बावजूद प्रचंड ने 64 सीटों का समर्थन अपने पक्ष में जुटा लिया था। लेकिन जब देउबा ने बिना कुछ सोचे-विचारे प्रचंड को प्रधानमंत्री बनाने से इनकार कर दिया तो वे अपने पुराने दुश्मन ओली के साथ चले गए। हालांकि, प्रचंड कभी ओली के साथ मजबूरी में जाने के अपने निर्णय से सहज नहीं अनुभव कर रहे थे और उन्होंने देउबा की ओर वापस लौटने के प्रयास जारी रखे। प्रचंड को यह अवसर नए राष्ट्रपति पोडवाल ने दे दिया। प्रचंड का तर्क था कि यदि ओली प्रधानमंत्री बनते हैं तो सर्वोच्च तीन पद-प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति तथा अध्यक्ष के एक ही पार्टी के पास होंगे जिससे तानाशाही शासन की संभावनायें बन सकती हैं। प्रचंड अब चीन के बड़े प्रशंसक नहीं है जिसके अनेक कारण हैं।

नेपाल में जारी गृहयुद्ध के समय माओवादी माओ व अन्य कम्युनिस्ट नेताओं के बड़े प्रशंसक थे, लेकिन उन्होंने कम्युनिस्ट देशों का पतन भी देखा। प्रचंड अब पूरी तरह से 'नेपाल-समर्थक' हैं और वे जानते हैं कि नेपाल को दोनों तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं, यानी भारत और चीन से लाभ उठाना चाहिए। लेकिन लद्दाख में चीनी आक्रामक गतिविधियों के बाद भारत-चीन संबंधों में लगातार गिरावट आई। जब प्रचंड पहली बार 2008 में प्रधानमंत्री बने थे तो उनकी पहली यात्रा चीन ओलम्पिक में भाग लेने के लिए थी। लेकिन उनकी पहली राजनीतिक यात्रा भारत की थी जिसके प्रति उनके हृदय में लगाव था। अपने संचालन में जारी माओवादी विद्रोह के 10 साल में नौ साल वे भारत में तथा अधिकांशतः उत्तर प्रदेश के नोयडा में रहे। उन दिनों माओवादी भारत और अमेरिका के प्रति अनेक आलोचनात्मक व नकारात्मक बातें करते थे, लेकिन वे नेपाल में जारी टकराव समाप्त करने तथा वहां शांति व लोकतंत्र स्थापित करने में भारत की भूमिका भी स्वीकार करते थे।


प्रचंड जल्द ही अपनी कैबिनेट का विस्तार कर उसने अपनी समर्थक 11 पार्टियों को शामिल करेंगे। विदेश मंत्री बदलने के बाद अब उनकी संसदीय विदेश मामलों की समिति अग्निपथ योजना के बारे में निर्णय करेगी। यह निर्णय पिछले नौ महीने से लंबित है। हालांकि, नेपाल से मिली जानकारी उत्साहवर्धक नहीं है क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी पर यूएमएल व अन्य कम्युनिस्टों का दबाव रहेगा। संभवतः वे अग्निपथ योजना के अंतर्गत चार साल की भर्ती योजना का समर्थन आसानी से नहीं करेंगे जिसमें सेवानिवृत्ति के बाद कोई खास लाभ नहीं हैं। नेपाल के कम्युनिस्टों ने हमेशा विदेशी सेनाओं व खासकर भारतीय सेना में शामिल होने के लिए गोरखाओं की आलोचना की है। इसके साथ ही प्रचंड सरकार द्वारा योजना के समर्थन से यूएमएल उन पर 'भारत-समर्थक' होने का आरोप लगा सकती है। अग्निपथ 1947 के त्रिपक्षीय समझौते का उल्लंघन है। भारतीय अग्निवीरों को सीमा सुरक्षा बल व केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में 10 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, पर नेपाली नागरिक इन संगठनों में भर्ती होने में सक्षम नहीं हैं।

लोगों का कहना है कि भारतीय सेना में शामिल होने वालों में 90 प्रतिशत जनजातीय लोग हैं, जबकि राजनीतिक व नौकरशाही स्तरों पर निर्णय लेने वालों में ब्राह्मणों व क्षत्रियों का वर्चस्व है। इस कारण वे भारतीय व नेपाली सेनाओं के बीच संबंधों व इतिहास की चिन्ता नहीं करेंगे। हालांकि, 10 मार्च को नेपाली सेना दिवस के दिन नेपाल दूतावास ने नेपाली संसद में दिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का उल्लेख किया जिसमें उन्होंने कहा था, 'भारत ने अब तक कोई ऐसी लड़ाई नहीं लड़ी जिसमें नेपाली खून न बहा हो।' इसे देखते हुए भारत को नेपाल-भारत संबंधों पर अधिक ध्यान देते हुए अपनी 'पड़ोसी पहले' नीति मजबूत करनी चाहिए। प्रचंड अपनी पहली यात्रा पर अगले महीने भारत आ रहे हैं, हालांकि चीनी राजदूत चेन सांग ने पहले चीन यात्रा का प्रयास किया था।

भारत नेपाली चुनावों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया, जबकि पहले उस पर माइक्रो-प्रबंधन के आरोप लगते थे। प्रचंड के सत्ता के शिखर पर पहुंचने के बाद अब नई दिल्ली द्विपक्षीय संबंधों में नई शुरुआत कर सकती है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जिस तरह श्रीलंका की आर्थिक बहाली में सहायता की है, उसी प्रकार वे नेपाल की भी सहायता कर सकते हैं।

# उच्च शिक्षा का मार्गदर्शन करेगा इंदौर घोषणा पत्र

"यह आवश्यक है कि संस्थागत नेतृत्व शैक्षिक परिवर्तनों के प्रति संवेदनशील एवं मार्ग दर्शक की भूमिका में हो।"



**प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह**
(लेखक साउथ बिहार केंद्रीय विवि के कुलपति हैं)

विद्याभारती उच्च शिक्षा संस्थान के नेतृत्व में शिक्षा में गुणात्मक उन्नयन हेतु देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के प्रांगण में सम्पन्न अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम द्वारा जारी 'इंदौर घोषणा पत्र' उच्च शिक्षा के अन्तरिक्ष में ध्रुवतारा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में लगे उच्च शिक्षण संस्थानों को यदि किंचित भ्रम हुआ तो इंदौर घोषणा पत्र दिशा बोध देने में सक्षम सिद्ध होगा। ज्ञातव्य है कि 16-17 जनवरी को विद्याभारती उच्च शिक्षा संस्थान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग एवं भारतीय विश्वविद्यालय संघ के सौजन्य से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम सम्पन्न हुआ, जिसमें सम्पूर्ण भारत से आई. आई.टी., एन.आई.टी. विश्वविद्यालय एवं प्रबन्धन संस्थानों के निदेशक एवं कुलपतियों ने सक्रिय संवाद स्थापित किया एवं दो दिनों के गहन मन्थन एवं चिन्तन के बाद प्रगति पथ के नौ आयामों के प्रति अपनी आस्था एवं निष्ठा व्यक्त किया एवं अपने-अपने संस्थानों में इन आयामों कि क्रियान्वित करने की प्रतिबद्धता घोषित किया, जिसे इंदौर घोषणा पत्र नाम दिया गया।

इंदौर घोषणा पत्र में उल्लेखित उच्च शिक्षा में प्रगति पथ के नौ आयामों को राज्य विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों तक ले जाना एवं उन्हें विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में पाठ्यक्रम एवं पाठयेत्तर गतिविधियों के माध्यम से व्यवहारिक आयाम देने के लिए हर स्तर पर पहुंचाना आवश्यक है एवं समय की मांग है।

इसे कार्यरूप देने के लिए इंदौर में प्रतिबद्धता जताने वाले लोगों की भूमिका अग्रणी रही है एवं इंदौर घोषणा पत्र के द्वारा उल्लेखित प्रगति पथ के नौ आयामों को सर्वजनीन एवं सार्वभौमिक बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता अपेक्षित है। प्रथम आयाम उच्च शिक्षा में सुधारों की संस्कृति के जागरण से संबन्धित है। हर संस्थान राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के आलोक में सुधार के प्रति संलग्न है, जिसे तीव्र करने की जरूरत है।



दूसरा आयाम शिक्षण से अधिगम तक है, जिसका अर्थ केवल शिक्षण नहीं अपितु सीखने पर है, जिस पर भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री ने वाराणसी में आयोजित उच्च शिक्षा सम्मेलन में रेखांकित किया था। अभी तक शिक्षा दो खंडो में वटीं हुई है, इसे समन्वित करने के लिए तीसरा आयाम यानि 'टाप-डाउन दृष्टिकोण को बाटम-अप दृष्टिकोण' के साथ जोड़ना है। सीखने में सहयोग की भावना चौथा आयाम है, जिसमें अंतर्गत संस्थागत समन्वय एवं सहयोग तथा संविमर्श अपेक्षित है।

भारतीय संस्कृति, संस्कार, परम्परा एवं ज्ञान को अधतन विषयों में समाहित करने के लिए पांचवा आयाम भारतीय ज्ञान प्रणाली के रूप में उल्लेखित है। जी-20 की पृष्ठभूमि एवं उसकी प्राथमिकताओं को देखते हुए वर्तमान समय में यह अति प्रासंगिक है। परिणाम केन्द्रित शिक्षा की प्रधानता इंदौर घोषणा पत्र का छठवां आयाम है। उल्लेखनीय है कि एन.ई.पी. केवल इनपुट और इंटेंट से अलग आउटपुट एवं आउटकम पर केन्द्रित है। इसमें कैम्पस टू कम्युनिटी उपागम पर जोर देने की आवश्यकता है। सातवें आयाम मूल्यांकन के लक्ष्य से संबन्धित है। केवल आंकिक मूल्यांकन से समग्र मूल्यांकन सम्भव नहीं है। हाई अचीवर्स नहीं अपितु सर्वोत्तम परफॉरमर बने, इस पर केन्द्रित मूल्यांकन होना चाहिए। 'जवाबदेही, मानदण्ड एवं सुशासन' आठवां आयाम है, जिसके बिना उच्च शिक्षा के आदर्शों की पूर्णता असम्भव है। कैम्पस सामाजिक-नैतिक मानयताओं के प्रति संवेदनशील हो, यह उच्च शिक्षा के नेतृत्वकर्ताओं से अपेक्षित है। अन्तिम आयाम 'शिक्षकों की प्रतिबद्धता' से संबन्धित है। यह आवश्यक है कि संस्थागत नेतृत्व शैक्षिक परिवर्तनों के प्रति संवेदनशील एवं मार्ग दर्शक की भूमिका में हो।

निसन्देह यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विविध आयामों को कार्यरूप देने के प्रति यदि उच्च शिक्षा संस्थान का नेतृत्व जागरूक एवं सचेष्ट है तो इंदौर घोषणा पत्र संस्थागत नेतृत्व को दिशा वोध देने में मार्ग दर्शक की भूमिका को प्रशस्त करेगा। उच्च शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन के लिए इंदौर घोषणा पत्र को नीतिगत रूप में घोषित करने के लिए विद्याभारती उच्च शिक्षा संस्थान को साधुवाद।

## आप की बात

### चीन का प्रस्ताव

**लगभग** एक पखवाड़ा पूर्व ही चीन के तरफ से यह घोषणा हुई थी के राष्ट्रपति सी जिनपिंग शीघ्र ही यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए अपना प्रस्ताव पेश करेंगे। मंगलवार को रूस यात्रा के दूसरे दिन जिनपिंग ने यह 12 सूत्रीय प्रस्ताव पेश किया। इसमें सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान करना, शीतयुद्ध की मानसिकता का परित्याग, शत्रुता को रोकना, शांति वार्ता पुनः शुरू करना, मानवीय संकट का समाधान, नागरिकों व युद्धबंदियों की रक्षा, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को सुरक्षित रखना, सामरिक जोखिम कम करना, अनाज निर्यात सुगम बनाना, एकतरफा प्रतिबंध रोकना, औद्योगिक व आपूर्ति श्रृंखला स्थिर रखना तथा संघर्ष के बाद पुनर्निर्माण को बढ़ावा देना शामिल हैं। राष्टपति पुतिन इस पर गंभीरता से विचार का आश्वासन दिया है। कहा जाता है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेन्स्की ने भी शी जिनपिंग से मिलने की इच्छा जाहिर की है। लेकिन इस प्रस्ताव में रूस के यूक्रेनी क्षेत्र पर कब्जे, यूक्रेन के नागरिकों व संपत्ति की बरबादी, आदि के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। संभवतः इसे गोपनीय राजनयिक वार्ता के लिए छोड़ा गया है। देखना होगा कि भविष्य में इस प्रस्ताव पर विभिन्न देशों की क्या प्रतिक्रिया होगी और इसका क्या नतीजा निकलेगा।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### जलवायु परिवर्तन

**जलवायु परिवर्तन** पर अंतर सरकारी पैनल ने दुनिया को याद दिलाया कि कई व्यवहार्य व प्रभावी विकल्प होने के बावजूद वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा से पार करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं हो रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक 50 प्रतिशत संभावना है कि किसी एक वर्ष में वैश्विक सतह का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो सकता है। वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना सैद्धांतिक रूप से संभव है लेकिन 2030 तक प्रतिज्ञा की गई वैश्विक कार्रवाई का वर्तमान पैमाना, दायरा और गति पर्याप्त नहीं है। रिपोर्ट ने इस तथ्य पर भी प्रकाश डाला कि जलवायु प्रभाव असमान रूप से वितरित थे जिसमें गरीब और वंचित सबसे अधिक असुरक्षित थे। इसने जोर दिया है कि जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की रणनीतियों को विविध मूल्यों, विश्वदृष्टि, ज्ञान,वैज्ञानिक ज्ञान, स्वदेशी ज्ञान और स्थानीय ज्ञान में निहित करने की आवश्यकता है। रिपोर्ट में भले ही समुचित उल्लेख न हो, पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने में अपनी भूमिका प्रशंसनीय ढंग से निभाई है।

**रवि रंजन,** नई दिल्ली


### सकारात्मक कदम

**केंद्रीय वित्त मंत्रालय** द्वारा क्रिप्टो की आभासी मुद्रा के माध्यम से उपभोक्ताओं की धोखाधड़ी को रोकने के लिए पीएमएलए अधिनियम के तहत विधेयक लाया गया है। मनी लॉन्ड्रिंग की परिभाषा को सुरक्षा के रूप में या संभावित घोटालों से बचने के लिए और अधिक कठोर किया गया है। नए नियमों के मुताबिक अब इस सीमा को 10 फीसदी कर दिया गया है। इसका मतलब यह है कि अधिकतम शेयरधारक या चालक अब वित्त मंत्रालय के राडार पर आ गए हैं। कैसीनो के दलाल, रियल एस्टेट कंपनिया, ज्वैलर्स, क्रिप्टो या वर्चुअल करेंसी संस्था बैंक और वित्तीय संस्थानों को अपने ग्राहकों के बारे में केवाईसी के जरिए सरकार को जानकारी देनी होती है। वित्त मंत्रालय ने 10 लाख का नकद लेन-देन करने वाले ग्राहकों और उनके कार्यालय या व्यवसाय का पता दर्ज करना अनिवार्य करने का अधिनियम बनाया है। पहले इसकी अधिकतम सीमा 25 लाख थी। यह ग्राहकों के हित में वित्त मंत्रालय का एक सकारात्मक कदम है। इस कदम का स्वागत होना चाहिए।

**दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मीर** जाफर ने नवाब बनने के लिए जो किया था, राहुल गांधी ने भी लंदन में वैसा ही किया है।

**- संबित पात्रा**
भाजपा प्रवक्ता



**प्रधानमंत्री** मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आज भारत अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वस्थ खेल प्रतिस्पर्धा और कौशल का परिचय दे रहा है।

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**शिक्षा** का मतलब सिर्फ अवार्ड और मेडल प्राप्त करना नहीं होता। विद्यार्थियों में देश सेवा की भावना तथा संवेनशीलता भी होनी चाहिए।

**- आनंदीबेन पटेल**
उत्तर प्रदेश की राज्यपाल

# मंडलायुक्त ने रामनवमी मेले की व्यवस्थाएं देखीं

**संवाददाता।** अयोध्या

**मण्डलायुक्त** गौरव दयाल ने आज से शुरू हो रहे नवरात्र एवं चैत्र रामनवमी मेला.2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तैनात किये गये विभिन्न विभागों यथा.राजस्व विभाग, विकास विभाग, शिक्षा, नगर निगम, जल निगम सहित अन्य विभागों के अस्थायी मजिस्ट्रेटों एवं राजपत्रित पुलिस अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारीगण अपने अपने ड्यूटी स्थल का पूर्व से निरीक्षण कर नियत तिथि तक समय से पूर्व उपस्थित होकर संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं को समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। आगामी चैत्र रामनवमी मेले में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है जिसके लिए पहले से सभी तैयारियां कर ली जाय और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। अयोध्या धाम में निर्माणाधीन विभिन्न पथों यथा. रामपथ, भक्तिपथ, जन्मभूमि पथ के निर्माण कार्यो में खुदाई आदि से निकलने वाले मलबों को तत्काल हटाकर खुदे हुये गड्ढों को बेरीकेटिंग से सुरक्षित कर दिया जाय जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को इन रास्तों पर कोई परेशानी न हों।



## विधायक ने तैयारियों का जायजा लिया

अयोध्या नगर विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता ने अपर जिलाधिकारी नगर श्री सलिल कुमार पटेल के साथ आज रामनवमी मेले की तैयारियों के दृष्टिगत अयोध्या के स्नान घाटों, रामपथ, भक्ति पथ, हनुमानगढ़ी आदि क्षेत्रो का स्थलीय निरीक्षण किया। रामपथ, भक्ति पथ का निरीक्षण करते हुए पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियन्ता से कहा कि खुदाई किये गये गड्ढे आदि को तत्काल बैरकेटिंग से बंद किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना अथवा श्रद्धालुओ को समस्या न हों। ठेकेदार को कार्य की प्रगति बढ़ाने के साथ गुणवत्ता के साथ कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने सहायक नगर आयुक्त से कहा कि 2 दिन के अंदर अयोध्या के मुख्य मार्गों पर व्याप्त मिट्टी इत्यादि साफ सफाई की समुचित व्यवस्था होकर चूना आदि का छिड़काव हो जाए कहीं पर भी गंदगी जमा ना मिले अगर कहीं गंदा पानी बह रहा या जमा हैए उसको भी तत्काल ठीक किया जाए। सीओ ट्रैफिक से कहा कि अयोध्या के तमाम साधु संतों के मठ मंदिरों में उनके श्रद्धालु और भंडारे के खाद्यान्न आदि का आवागमन भी होता है।

सरयू नदी घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान के लिए समस्त व्यवस्थायें सहित मेला क्षेत्र में लाइटिंग आदि से सुन्दर सजावट के साथ सुरक्षा के लिए जल बेरीकेटिंग आदि की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित कर ली जाय तथा राम की पैड़ी पर बेहतर साफसफाई व्यवस्था के साथ पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। अतिरिक्त बसों की व्यवस्था/अस्थायी बस स्टैंड की व्यवस्था, अग्निशमन विभाग को अग्निशमन एवं वाटर कैनन की व्यवस्थाए चिकित्सा विभाग को विभिन्न स्थानों पर मेडिकल कैम्प, एम्बुलेंस एवं दवाईयों की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

## किसी भी राजनैतिक संगठन की आधार उसकी मजबूत बूथ समिति होती है

**अंबेडकरनगर।** किसी भी राजनैतिक संगठन की आधार उसकी मजबूत बूथ समिति होती है। राजनैतिक संगठन की बूथ समिति ही चुनाओं में मुख्य भूमिका निभाती है। उपरोक्त विचार भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री, जिला प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने भाजपा द्वारा चलाई जा रही बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्ययोजना की राम नगर मण्डल के मूसेपुरएगोविंद साहब की गोविंद साहब, खजुरी की खजुरी और भीटी मण्डल की रायगंज शक्तिकेंद्र के बूथ अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि लोक सभा की आम चुनाव के लिए भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान चला रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य संगठन की सबसे निचली इकाई बूथ समिति को और सशक्त और क्रियाशील स्थिति में लाना है।कहा कि सुदृढ़ और मजबूत बूथ समिति वह होता है जिसमें सामाजिक समीकरण को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक जाति और वर्ग के कार्यकर्ताओं का समावेश हो।

# डीएम ने फसलों के नुकसान का सर्वे करा कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

● डीएम ने बारा तहसील के ग्राम सेहुरा, लोहगरा पिपरांव सहित अन्य ग्रामों का भ्रमण कर फसलों के हुए नुकसान की स्थिति का लिया जायजा



निरीक्षण करते जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री।

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री ने बुधवार को तहसील बारा के ग्राम सेहुरा लोहगरा पिपरांव सहित अन्य ग्रामों का भ्रमण कर ओलावृष्टि बारिश से हुए फसलों के नुकसान की स्थिति का जायजा लिया। वहां पर उन्होंने किसानों से वार्ता भी की। किसानों के द्वारा बताया गया कि ओलावृष्टि एवं बारिश से गेंहू तथा सरसों की फसल ज्यादा प्रभावित हुई है। एडीएम वित्त एवं राजस्व उप जिलाधिकारी बारा उपनिदेशक कृषि को किसानों की फसलों का हुए नुकसान का शीघ्रता से ठीक ढंग से सर्वे कराकर नुकसान का आकलन करने तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सर्वे के कार्य को पारदर्शिता के साथ कराने के लिए कहा है। डीएम ने सर्वे का कार्य करने वाले राजस्व कर्मियों को क्षेत्रों का भ्रमण कर प्रभावित क्षेत्रों के सर्वे का कार्य तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए है। सर्वे के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता नहीं होनी चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता पायी गयी तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने हेतु कि कार्यवाही करने के लिए कहा है। एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह एसडीएम बारा उप निदेशक कृषि विनोद कुमार तहसीलदार बारा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पैर की चोट भी नहीं रोक पाई प्रेरणा कैंटीन की उड़ान

**अकबरपुर।** पूजा आजीबका स्वयं सहायता समूह की सदस्य वंदना वर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में प्रेरणा कैंटीन संचालित करने को लेकर इतना उत्साहित है कि उसके घर पर काम करते समय एक रोड पर जा रही बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर उनके घर के अंदर आकर उन्हें चोटिल कर दिया लेकिन यह दीदी अपनी हिम्मत ना हारते हुए चोटिल पैर लिए हुए प्रेरणा कैंटीन संचालित करने के लिए अकबरपुर और घर को एक कर दी जिसका जीता जागता स्वरूप आज दिखा कि इस प्रेरणा कैंटीन की शुरुआत भारी बारिश के बीच में उपायुक्त स्वतरू रोजगार और डॉक्टर सीपी सिंह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस कार्यक्रम के गवाह समूह अन्य सदस्य भी हुई। इन्हें सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान कर रही कर रही ब्लॉक मिशन प्रबंधक प्रीति सागर एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधक विकास कुमार भी इस दौरान उपस्थित रहे।

जनपद में संचालित सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं विकास खंड परिसर में तथा सीएमओ के कार्यालय विकास भवन एवं कलेक्ट्रेट परिसर की कैंटिनो के संचालन का समन्वय कर रहे जिला मिशन प्रबंधक जितेंद्र यादव भी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। उपायुक्त स्वत: रोजगार द्वारा कैंटीन का उद्घाटन करते समय बंदना दीदी को शुभकामना देने के साथ में ही उन्हें यह भी आश्वासन दिया कि आपके द्वारा के संचालन के लिए जो अथक प्रयास किया गया है उससे निश्चित रूप से आपके जीविकोपार्जन मैं वृद्धि होगी और जिस भी स्तर पर एनआरएचएम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ के सहयोग की जरूरत होगी उनका पूर्ण सहयोग मिलेगा और हम प्रयास करेंगे कि आपके द्वारा स्नैक्स के अतिरिक्त प्रशिक्षण आदि के दौरान आप खाना भी उपलब्ध कराएं जिससे आपकी आमदनी में और वृद्धि हो सके।

# श्रीरामकथा चित्त को निर्मल कर देती है: देवेंद्र प्रसादाचार्य

● नरसिंह दास भक्तमाली महाराज से राम नाम महिमा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु, कृपालु राम भूषण दास महाराज ने अतिथियों का स्वागत किए



व्यासपीठ की आरती के बिंदुगाद्याचार्य स्वामी देवेंद्रप्रसादाचार्य सहयोग करते मंगल पीठाधीश्वर महंत कृपालु राम भूषण दास

**अयोध्या।** श्रीराम लला के जन्मोत्सव पर चक्रवर्ती सम्राट दशरथ जी के राजमहल में बड़ा स्थान में बिंदुगाद्याचार्य स्वामी देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज के सानिध्य नौ दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ। कथा के प्रथम दिवस की बेला में व्यासपीठ से श्री राम कथा के सरस प्रवक्ता श्री सत्यम पीठाधीश्वर नरसिंह दास भक्तमाली ने प्रभु श्री राम के नाम की महिमा और उनके चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम जी का चरित्र एजीवन में संयम से प्रारंभ होता है और समाज में संयम धारण करने का संदेश देता है और प्रभु के श्री श्री राम जप से ही मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है और प्रभु के धाम में उनकी शरणागति प्राप्त होती है।

कथा के शुभारंभ में स्वामी देवेंद्रप्रसादाचार्य महाराज ने आरती उतारी और कहां कि प्रभु श्री राम की लीला श्रवण से ही मनुष्य ही नहीं चराचर ब्रह्म में विराजमान सभी लोग मुक्त हो जाते हैं और कथा उनके चित्त को निर्मल कर देती है इसलिए भगवान के जन्मोत्सव पर तो उनके लीलाओं का गुणगान अवश्य ही सभी को कथा में सुननी चाहिए जिससे उसका जीवन धन्य हो जाए। इस अवसर पर कथा श्रवण के लिए पधारे सभी संतो महंतों अतिथियों का श्री महाराज जी के कृपा पात्र शिष्य मंगल पीठाधीश्वर महंत कृपालु राम भूषण दास ने स्वागत किया। श्री राम कथा के विश्राम बेला पर रामायण जी की आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर दिगंबर अखाड़ा महंत सुरेश दासएनव्य न्यायाचार्य तुलसी दास महाराजए रामायणी महंत रामशरण दासए करुणा निधि भवन के महंत राम जी दास सहित कई विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नंदकुमार मिश्र पेड़ा महाराजएसंत दास सहित सैकड़ों संत महंत उपस्थित रहे।

## लाभप्रद अनुभव देने में मदद करने की बढ़ी उम्मीद

**प्रयागराज।** डिजिटल प्रक्रिया को लेकर बहुत अधिक पहल की जा रही है। एचडीएफ़सी देश का सबसे बड़ा निजी बैंक और फ़्लिपकार्ट होलसेल भारत में जन्मे फ़्लिपकार्ट समूह का सर्व माध्यम व्यापार से व्यापार प्लेटफ़ॉर्म विस्तृत ऑनलाइन और ऑफ़्लाइन उपस्थिति के साथ अब लेकर आए हैं इंडस्ट्री का प्रथम सह ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड खास फ़्लिपकार्ट होलसेल सदस्यों के लिए। क्रेडिट कार्ड डाइनर्स क्लब अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क डिस्कवर ग्लोबल नेटवर्क के हिस्से पर भी काम करता है, दो सौ से अधिक देशों में प्रयोग किया जा सकता है। कोटेश्वर एल एन फ़्लिपकार्ट होलसेल के व्यापार प्रमुख ने कहा फ़्लिपकार्ट होलसेल में हम किराना खुदरा ईकोसिस्टम में तकनीक और प्रयोग की मदद से बदलाव लाना चाहते हैं। पराग राव कंट्री हेड भुगतान और ग्राहक वित्त तकनीक और डिजिटल बैंकिंग एचडीएफ़सी बैंक ने कहा छोटे व्यापारियों का सहयोग करने और उनके लेन देन को बेहतर बनाने संचालन कारगर बनाने और लाभप्रद अनुभव देने में मदद करने की उम्मीद है।

## क्विक न्यूज

### जिलाधिकारी ने महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय अकबरपुर का औचक निरीक्षण किया

**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले संयुक्त जिला चिकित्सालय अकबरपुर अंबेडकर नगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिलाधिकारी द्वारा ट्रामा सेंटर, वन स्टॉप सेंटर तथा निर्माणाधीन 42 बेड कोविड वार्ड का जायजा लिया गया। ट्रामा सेंटर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि आस पास की साफ. सफाई कराते हुए जमीन पर मिट्टी डलवाकर समतल कराया जाना सुनिश्चित करें। निर्माणाधीन कोविड वार्ड के निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया गया कि भवन में जो भी छोटी छोटी कमियां शेष हैं उसे तत्काल गुणवत्ता पूर्ण ठीक कराते हुए उद्घाटन कराया जाना सुनिश्चित करें। वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कारदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि इसे जल्द से जल्द जिला प्रोबेशन अधिकारी को हैंड ओवर कराया जाना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत डीएम द्वारा अस्पताल में बनी नालियों का निरीक्षण किया गया उन्होंने उप जिलाधिकारी अकबरपुर को निर्देशित किया कि अस्पताल के पानी के निकलवाने की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ श्रीकांत शर्मा, उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओम प्रकाश, जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमार तथा कार्यदाई संस्था मौके पर उपस्थित रहे।

### एसडीएम टाण्डा सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध वाद दायर

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** एसडीएम टाण्डा सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध सी जे एम न्यायालय में धारा 156 (3) सीआरपीसी के तहत मुकदमा दर्ज करने का वाद दायर किया गया है।उक्त वाद एक अधिवक्ता द्वारा स्वयं दायर किया है। अधिवक्ता परवेज अख्तर पुत्र स्व0अब्दुल रशीद निवासी मोहल्ला कस्बा पूरब ने आरोप लगाया है कि बीते 26 फरवरी23 को अपने मोअक्किल मो0 शाकिर के बुलाने पर उसके घर गया जहां पर प्रभारी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका टाण्डा उपजिलाधिकारी दीपक वर्मा अपनी पूरी नगर पालिका की टीम क़े साथ मौजूद थे।जहां पर अधिवक्ता का आरोप है कि उसको नगर पालिका के कर्मचारी राकेश कुमार गौरव व मो0 हुसैनए अरशद जमाल अन्य लोगों ने उल्टा सीधा कहते हुए अपने अधीनस्थों से बंधक बना लिया और एफ आई आर कराने की धमकी दी।बीते 20 मॉर्च को दायर की गई याचिका में सी जे एम न्यायालय ने थाने से आख्या तलब की है।ज्ञात हो कि बीते 26 फरवरी को नगर पालिका की टीम नजूल भूमि पर हुए पुनः अतिक्रमण को हटाने गयी थी जहां पर विवाद बढ़ने की स्थित की सूचना पर एस डी एम मौके पर पहुंचे थे उक्त मामले में एस डी एम ने अधिवक्ता परवेज अख्तर व अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध मौके पर अभ्द्रता आदि करने के आरोप में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टाण्डा को पत्रांक 1771 दिनांक 28-2-23 को पत्र भेज कर एफआई आर दर्ज करने का आदेश भेजा था जो अभी तक नही दर्ज हुई और इस बीच अधिवक्ता ने एस डी एम व अन्य के विरुद्ध एफआई आर दर्ज करने का वाद दायर कर दिया।

### राम नवमी मेला.2023 का मुख्य स्नान 30 मार्च को

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि चैत्र राम नवमी मेला.2023 का मुख्य स्नान 30 मार्च 2023 को रात्रि 11.33 बजे से प्रारम्भ होकर 30-31 मार्च 2023 को रात्रि 01.14 बजे तक सम्पन्न होगा। जिला मजिस्ट्रेट ने प्रशासनिक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने एवं मेले में शान्तिध्कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा भीड़ नियंत्रण हेतु पूर्व में तैनात किये गये मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त अन्य अधिकारीगणों की ड्यूटी निर्धारित क्षेत्रध्स्थलों पर 29 मार्च 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से दिनांक 30ध्31 मार्च 2023 अथवा भीड़ की समाप्ति तक के लिए मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया है तथा उन्हें निर्देशित किया है कि वे अपने.अपने ड्यूटी स्थल का पूर्व से निरीक्षण कर नियत तिथि पर समय से पूर्व ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहकर सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शान्ति.व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### पांच सालों में पूरा किया गौरवशाली सफर

**प्रयागराज।** विशेष कार्यक्रम को लेकर लोगों ने योजना बनाई गई है। ज़ी टीवी के शो में से एक कुंडली भाग्य ने पिछले पांच सालों के अपने गौरवशाली सफर के दौरान अपनी दिलचस्प कहानी से दर्शकों में उत्सुकता जगाए रखी है। दर्शकों ने देखा कि शक्ति अरोड़ा जो अर्जुन सूर्यवंशी का रोल निभा रहे हैं। दरअसल कोई और नहीं बल्कि करण लूथरा हैं। वो हाल ही में प्रीता श्रद्धा आर्य और लूथरा परिवार की जिंदगी में आने वाले कई उतार चढ़ाव की वजह रहे हैं। इतना ही नहीं तमाम उतार चढ़ाव के बाद प्रीरण प्रीता और करण के फैंस यह देखकर उत्साहित हैं कि उनकी पसंदीदा जोड़ी अब एक हो गई है। कुंडली भाग्य हर सोमवार से रविवार रात साढ़े नौ बजे ज़ी टीवी पर आएगा। जहां दोनों ने शादी कर ली है।

# निरंकारी संत समागम कल से, तैयारी अंतिम चरण में

**प्रयागराज।** निरंकारी मिशन के संरक्षक सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज की उपस्थिति में आगामी 24 से 26 मार्च को होने वाले 44वें प्रादेशिक संत समागम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जैसे जैसे समागम का दिन नजदीक आ रहा है वैसे वैसे सेवादल के भाई बहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। सेवा कार्य में श्रद्धालु भक्त भी बड़ी संख्या में पहुंचकर हाथ बटा रहे हैं। वर्ष 2004 के बाद 2023 में प्रयागराज की धरती पर 19 साल बाद प्रादेशिक निरंकारी संत समागम होने जा रहा है। इतने लंबे अंतराल में भक्तों की संख्या भी काफी बढ़ी है। इस बार भक्तों की संभावित संख्या पांच लाख से अधिक बताई जा रही है। जिनके लिए दोनों पहर लंगर की व्यवस्था है। बुनियादी सुविधाओं के क्रम में स्नानघर शौचालय प्याऊ और लाभ हानि रहित कैंटीन भी उपलब्ध होगी।इस अवधि में भक्तों को समागम मैदान में लाने के लिए प्रयागराज के कई रेलवे स्टेशनों से बस अड्डों से और एयरपोर्ट से निरंकारी मंडल ने नि:शुल्क व्यवस्था की है।

समागम में आने वाले सभी प्रकार के वाहनों के लिए अलग अलग पार्किंग की निरूशुल्क व्यवस्था की गई है। इसके अलावा डिस्पेंसरी खोया पाया एनाउंसमेंट समागम कमेटी ले आउट प्रकाशन प्रेस एवं पब्लिसिटी स्वागत कक्ष विकलांग जन सेवाए रेलवे पूछताछ वरिष्ठ नागरिक आदि प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित कार्यालय भी हैं। निरंकारी मिशन के इतिहास और दृष्टिकोण पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई है। उद्घाटन के बाद जनमानस के अवलोकन के लिए खोल दिया गया है। यह प्रदर्शनी 22 मार्च से 24 घंटे खुली रहेगी। जो कि 26 मार्च को रात 8 बजे बंद हो जाएगी।

## निरंकारी सदगुरु माता सुदीक्षा महाराज का आगमन आज

**प्रयागराज।** निरंकारी सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज 23 मार्च गुरुवार को प्रयागराज आएंगी। उत्तर प्रदेश के 44 वें तीन दिवसीय प्रादेशिक निरंकारी संत समागम का आयोजन परेड मैदान में सद्गुरु माता की अध्यक्षता में किया जायेगा। इस अवसर पर दिनांक 24 मार्च को पूर्वान्हि 11 बजे से सामूहिक शादी एवं दोपहर 2रू30 बजे से सेवा दल रैली का आयोजन किया जायेगा। संत समागम के दूसरे दिन 25 मार्च को दोपहर 2 बजे से सत्संग का आरंभ होगा एवं रात 9रू00 बजे सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन आशिर्वचनों के साथ सम्पन्न होगा। संत समागम के तीसरे दिन 26 मार्च को सत्संग कार्यक्रम का आरंभ दोपहर 12 बजे से होगा एवं सायं 6 बजे सद्गुरु माता के पावन आशिर्वचनों से कार्यक्रम की सम्पन्नता होगी। यह जानकारी समागम चेयरमैन अशोक कुमार ने देते हुए बताया कि सत्संग के दौरान कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें रुहानियत इंसानियत संग संग शीर्षक पर आधारित कविताएं अनेक कवियों द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी। उन्होंने समस्त धर्म प्रेमियों से संत समागम में आने की अपील की।

# गुणवत्ता में सुधार न लाने पर नाले को श्रमदान घोषित कर ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया

**खबर का असर**

**संवाददाता।** टाण्डा अम्बेडकर नगर

**नगर पालिका** प्रशासन ने मुबारकपुर में नवनिर्मित नाला बार.बार ढहने के मामले में दो बार नोटिस के वावजूद गुणवत्ता में सुधार न लाने पर निर्मित नाले को श्रमदान घोषित करते हुए सम्बंधित ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया है। इस मामले का संज्ञान जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने स्वयं लिया था और मामले की जांच लोकनिर्माण विभाग के प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियंता सौरभ सिंह से कराई थी और एस डी एम टाण्डा को बीते शनिवार को समाधान दिवस के मौके पर ही ठेकेदार को काली सूची में डाल कर एफआई आर दर्ज कराने का आदेश दिया था।

नगर पालिका परिषद टाण्डा के कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी उप निलाधिकारी टाण्डा दीपक वर्मा ने अपने आदेश में बताया कि नगर पालिका निधि मद से वार्ड नं0 6 मुबारकपुर दक्षिणी में गुड्डू के घर से जावेद के घेरा तक नाले का निर्माण की निविदा ठेकेदार सुहेल इकबाल खां को दी गयी थी उक्त नाले के निर्माण में शुरू से ही अनियमितता बरती जा रही थी बीते 4 फरवरी को लगभग 20 मीटर नाला एसडीएम ध्वस्त कराकर पुन: निर्माण करने का आदेश दिया था उसके बाद भी दो दो बार नोटिस दी गयी थी लेकिन ठेकेदार ने पुन: औने पौने निर्माण को पूरा कर दिया जो एक माह भी नही चला और बीते शुक्रवार को लगभग 40 मीटर नवनिर्मित नाला गिर गया जिसकी खबरों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को मौके पर भेज कर जॉच कराई और निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के नमूने की भी जांच कराई जो तय मानक से काफी विपरीत निकली उसके बाद भी नाला सोमवार को भी वही नाला और गिर गया।

जिस पर नगर पालिका की अवर अभियंता व लोकनिर्माण विभाग व प्रयोगशाल की रिपोर्ट मिलते ही एस डी एम दीपक वर्मा ने 120 मीटर लंबे 24 लाख रुपये की लॉगत के निर्माण को श्रम दान घोषित करते हुए ठेकेदार को काली सूची में डाल दिया।और नगर पालिका टाण्डा के अतिरिक्त अन्य नगर निकायों व कार्यदायी संस्थाओं में उक्त ठेकेदार को प्रतिबंधित करने का पत्र भेजने का आदेश जारी किया है। जिससे नगरपालिका के ठेकेदारों में हड़कम्प मच गया है। फिलहॉल अभी तक ठेकेदार के विरुद्ध एफ आई आर नही दर्ज कराई गई है।

# चैत्र रामनवमी पर डीएम और एडीएम ने समय माता मंदिर पर की पूजा- अर्चना

**संतकबीरनगर।** शासन के निर्देशानुसार चौत्र नवरात्रि (22 मार्च से आगामी 30 मार्च 2023 तक) के अवसर पर जनपद के देवी मंदिरों में दुर्गा सप्तशती पाठ/भव्यपूर्ण देवी गायन/देवी जागरण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसका उद्देश्य जन सामान्य को इससे जोड़ते हुए मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों का व्यापक प्रचार–प्रसार करना है। उक्त के क्रम में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन जिलाधिकारी संदीप कुमार के दिशा निर्देशन में जनपद में जिला मुख्यालय सहित सभी तीनों तहसीलों एवं विकास खण्डों में स्थापित देवी मंदिरों पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से पंजीकृत कलाकारों व टीम द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ, देवी गायन एवं भजन आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिलाधिकारी संदीप कुमार ने जनपद मुख्यालय पर स्थित भव्य समय माता मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में



मंदिर में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी।

पहुँचकर पूजा अर्चना किया तथा डीएम ने समस्त जनपदवासियों को चौत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना किया है। डीएम ने वैष्णवी लोक गीत पार्टी के कलाकारों द्वारा देवी गायन सहित अन्य भक्ति गीतों को सुना। एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसडीएम सदर रमेश चन्द्र, ई0ओ0 नगर पालिका विनय कुमार मिश्र, नायब तहसीलदार विजय गुप्ता एवं प्रियंका पाण्डेय, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित भारी संख्या में भक्तगण आदि उपस्थित रहें। इसी क्रम में मेंहदावल तहसील अन्तर्गत नगरवाली माता मंदिर पर महेश मौर्या एण्ड पार्टी के कलाकारों द्वारा दुगा सप्तशती पाठ, दवी गायन एवं भजन गायन आदि से सम्बंधित कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया।

# ईट निर्माता समय से जमा करें जीएसटी: रवि उदय पाल



ईट निर्माता समिति की बैठक को सम्बोधित करते अध्यक्ष।

**संतकबीरनगर।** जिला ईट निर्माता समिति के अध्यक्ष रवि उदय पाल ने बुधवार को ईट निर्माताओ के साथ एक बैठक की। ईट निर्माताओं की समस्याओं पर चर्चा की गयी। बैठक में ईट निर्माता समिति के अध्यक्ष रवि उदय पाल ने कहा कि ईट निर्माता समय से सरकारी कार्यो को पूर्ण करें। जिससे कोई समस्या न उत्पन्न हो। शेखर ढाबा पर जिला ईट निर्माता समिति की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ भट्ठा मालिक सुभाष जैन ने किया तथा संचालन भट्ठा संघ अध्यक्ष रवि उदय पाल ने किया। पाल ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी भट्ठा मालिक अपनी जीएसटी समयानुसार जमा करते रहे। पाल ने आगे कहा कि यदि जीएसटी आप लोग ठीक से नही जमा करेंगे तो विभाग आप के भट्ठे का सर्वे कर सकती है। बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष फैसल खान, सुधीर जैन, अनूप जैन, सुनील सावलानी, बुद्धिराम यादव, बृजेश यादव, कौशल चौधरी, मृत्युजंय सिंह सहित जिला ईट निर्माता समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# त्रैमासिक पत्रिका रेल संगम के सिविल इंजीनियरिंग विभाग विशेषांक का विमोचन

● उमरे मुख्यालय में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित



**प्रयागराज।** उमरे मुख्यालय में महाप्रबंधक सतीश कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शामिल अधिकारियों को संबोधित करते हुए जीएम सतीश कुमार ने कहा कि सरकारी कार्य राजभाषा में निष्पादित करना हमारा संवैधानिक राष्ट्रीय एवं नैतिक दायित्व है। उत्तर मध्य रेलवे यह दायित्व कुशलतापूर्वक निभाए। इसमें हम सब की महत्वपूर्ण भूमिका है। हिंदी भाषी क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में राजभाषा के शत प्रतिशत प्रयोग के लिए यह अपेक्षा की जाती है कि राजभाषा कार्यान्वयन की सभी मदों में पूरीप्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाए। उत्तर मध्य रेलवे में हिंदी केप्रयोग प्रसार के लिए एक अनुकूल वातावरण बना है। यही कारण है कि हमारी रेलवे राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में अग्रणी भूमिका निभा रही है और हमें निरंतर ही महत्वपूर्ण पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हो रहे हैं। राजभाषा के उत्कृष्ट प्रयोग प्रसार के लिए उत्तर मध्य रेलवे को रेलमंत्री राजभाषा शील्ड से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। रेलवे बोर्ड की विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत हमारे कई अधिकारियों और कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया है। भविष्य में भी इन अपेक्षाओं पर अपने को खरा साबित करने के लिए हमें सतत प्रयास करते रहनाहोगा। जीएम सतीश कुमार ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे के अधिकतर कर्मचारी हिंदी भाषी हैं और अपने कामकाज की भाषा में केवल हिंदी का ही प्रयोग करते हैं। राजभाषा कार्यान्वयन को और अधिक गतिशील बनाने हेतु मुख्यालय मंडल कार्यालय तथा प्रशासनिक कार्यालयों द्वारा जारी किए जाने वाले संरक्षा से संबंधित सभी परिपत्रों कार्य निर्देशों कर्षण संचालन नियम स्टेशन संचालन नियम गेट संचालन नियम तथा पीसीई सर्कुलर आदि का अनिवार्य रूप से हिंदी अंग्रेजी द्विभाषी में जारी किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# सुरक्षित खाद्य, स्वस्थ समाज का संकल्प

## ● फूड फोर्टिफिकेशन के लिए चलाएं व्यापक अभियानः डीएम

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**आज़ादी** का अमृत महोत्सव के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के तत्वावधान में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में फोर्टिफिकेशन:2023 कार्यशाला आयोजित हुई। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में जिले के खाद्य कारोबारी शामिल हुए। डीएम ने कहा कि आमजन को जानकारी दें कि किस प्रकार से फोर्टीफाइड खाद्य पदार्थों के सेवन से पोषक तत्वों की भरपाई शरीर को होती है। फूड फोर्टिफिकेशन को लेकर जनता को जागरूक करने के लिए पूरे जिले में व्यापक जागरुकता कैंपेन चलाया जाए। डीएम ने कहा कि पोषक तत्वयुक्त ;फोर्टिफाइडद्ध खाद्य पदार्थों का उपयोग करने में आ रही भ्रांतियों को दूर करने में स्वयंसेवी संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका है। ऐसे में हमें इसके प्रचार.प्रसार के लिए नियोजित अभियान चलाना होगा। इसके लिए शिक्षा विभाग एवं आईसीडीएस विभाग को पहल करनी होगी ताकि आम आदमी को पता चल सके कि इस चावल में कितने पोषक तत्व शामिल हैं एवं इसका प्रयोग करने से पोषण के स्तर में कितना सुधार होगा। एडीएम संजय सिंह ने शिशुओए गर्भवती महिलाओंए उम्रदार लोगों के लिए फॉर्टीफाइड फूड के फायदे बताएं। खाने में माइक्रोन्यूट्रिएंट्स की कमी को दूर करने में फॉर्टीफाइड फूड का सेवन बेहद लाभदायक है। सहायक आयुक्त ;फूडद्ध कौशलेंद्र शर्मा ने कहा कि फूड फॉर्टिफिकेशन एक ऐसी प्रक्रिया हैए जिसमें खाद्य पदार्थों में आर्टिफिशियल तरीके से पौष्टिक तत्वों को डाला जाता है। किसी भी खाद्य पदार्थ की प्रोसेसिंग के समय जब उसके अंदर के प्राकृतिक पोषण नष्ट हो जाते हैंए तो उसमें ज़रूरी होता है कि उपर से पोषण मिलाया जाए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ;सीएफएसओद्ध रामाशीष मौर्य ने बताया कि फूड फॉर्टिफिकेशन एक ज़रूरी प्रक्रिया है। कई बार हम केवल एक तरह का खान पान करते है और डाइट में अन्य पोषण तत्वों को शामिल ही नहीं करते। ऐसे में हम किसी ना किसी पोषण की कमी के शिकार हो जाते है। इस दौरान अभिहीत अधिकारी ने फोर्टीफाइड खाद्य पदार्थों की विस्तृत जानकारी स्थानीय व्यापारियों को दी। एक दिवसीय कार्यशाला एफएसओ जावेद अख्तर सिद्दीकीए जय कुमार सोनीए प्रीति वर्माए विपिन कुमार सिंहए अरविंद सिंहए कुलदीप दीक्षितए मनोज कुमार प्रथमए मनोज कुमार द्वितीय सहित बड़ी संख्या में खाद्य कारोबारी मौजूद रहे।

# शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**सिंगाही खीरी।** थाना परिसर सिंगाही में सीओ राजेश कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। रमजान व नवरात्र पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में सीओ ने उपस्थित संभ्रांत नागरिकों उलेमाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नवरात्र में मां दुर्गा की उपासना और पवित्र रमजान में रोजे रखें जाते है। दोनों पर्व पर सभी लोग भाईचारा बनाए रखें। रमजान और नवरात्रि का पर्व हिंदू मुस्लिम एक साथ भाई चारे के साथ मिलकर मनाएं। व्हाट्सएप फेसबुक आपत्तिजनक टिप्पणी से सतर्कता बरते। अगर कोई शांति व्यवस्था भंग करने के उद्देश्य से या सरकार की गाइडलाइन के विपरीत कार्य करता है। उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ही पर्व शांति पूर्वक मनायें। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने नव दुर्गा पवित्र रमजान का पर्व शांति पूर्वक मनाने की अपील की।

# सिंधू महिला सोसाइटी ने निकाली शोभायात्रा

**संवाददाता।** सीतापुर

**भगवान** झूलेलाल जयंती चैत्रीय नवरात्र एवं हिन्दू सम्वतसर के प्रारंभ के उपलक्ष्य में सिन्धू महिला सोसायटी द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा झूलेलाल मंदिर से आरंभ होकर लालबाग चौराहा होते हुए पक्का पुल स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर तक पहुंची। लालबाग चौराहे पर इस शोभा यात्रा का स्वागत भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष कुसुम सिंह उपाध्यक्ष शीतल आकाश अग्रवाल, रिचा श्रीवास्तव, गीता मिश्रा, अनीता जायसवाल, शालिनी शुक्ला द्वारा किया गया। सिन्धी समाज की अध्यक्ष अनीषा तेजवानी ने बाताया कि भगवान झूलेलाल महोत्सव प्रत्येक वर्ष बडी धूमधाम से मनाया जाता है, इसी क्रम मे इस वर्ष भी चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मिश्रित ने मनाया हिन्दू नववर्ष

**अखिल** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मिश्रित की तरफ से बुधवार को हिंदू नव वर्ष मनाया गया। इस अवसर पर नगर के कल्लूमल धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य संरक्षक राम किशोर वर्मा गांधी, नरेश चंद्र वेश्य, डॉ चंद्र कुमार गुप्ता, अवधेश शुक्ला, मुन्नालाल वैश्य, नगर अध्यक्ष हरि प्रसाद वर्मा, नगर उपाध्यक्ष राहुल कुमार स्वर्णकार, नगर उपाध्यक्ष राजेश स्वर्णकार, संगठन महामंत्री आशीष गुप्ता, पहाड़ी वेश्य, घनश्याम रस्तोगी, शंकर श्रीवस्ताव, अभय चौरसिया, संदीप वेश्य आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना ने निकाली बाइक यात्रा

**राष्ट्रीय** हिंदू शेर सेना द्वारा हिन्दू नव वर्ष पर बाइक यात्रा निकाली गई। यात्रा नगर भ्रमण करते हुए सिविल लाइन चौराहे पर समाप्त हुई। इस कार्यक्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू, राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिन्दू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सचिन हिंदू, जिलाध्यक्ष देश दीपक हिन्दू, प्रभात अग्निहोत्री, सुधीर, भगवान शरण, रवि, संजय व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चंद्र भगवान विधि महाविद्यालय में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**मिश्रिख** के श्री चंद्रभगवान विधि महाविद्यालय मे एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षक डा. सागर द्वारा योगाभ्यास कराया गया, इस दौरान प्राचार्य डा. रिंटू सिंह, ताजदार आलम, अध्यापक सचिन, शिवम, शर्मा, उदयभान सिंह, शिवम् शुक्ला, अजय त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# सोलर से जगमग हुआ सीएचसी बिजुआ

## ● बलरामपुर फाउंडेशन से मिली कई सौगातें

## ● डीएम-एसपी ने किया लोकार्पण क्षेत्रीय जनमानस को किया समर्पित

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**बलरामपुर** फाउंडेशन की ओर से (वित्तीय वर्ष 2022-23)नैगमित सामाजिक दायित्व के तहत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के आह्वान पर ग्राम व ब्लॉक बिजुआ में अमृत सरोवर तालाब का जीर्णोद्धार सौन्दर्यीकरण कार्य, सोलर लाईट की सौगात दी। वही 7.5 किलोवाट सोलर पैनल से सीएचसी बिजुआ जगमग हुआ। विश्व जलदिवस पर डीएम व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने डीएम की पत्नी, आकांक्षा अध्यक्ष अल्पना सिंह, एसपी की धर्मपत्नी डॉ कोमल ने यूनिट हेड योगेश सिंह, उनकी पत्नी बबिता सिंह की मौजूदगी में बलरामपुर फाउंडेशन की ओर से नैगमित सामाजिक दायित्व के तहत अमृत सरोवर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कराए कार्यों को लोकार्पण करते हुए क्षेत्रीय जनमानस को समर्पित किया। डीएम ने अमृत सरोवर योजना के अन्तर्गत विकास की दिशा में इस तालाब को एक उपलब्धि बताया। उन्होंने जनता से तालाब की सुन्दरता व भव्यता को बनाये रखने की अपील की। सीएचसी बिजुआ को 75 किलोवाट का लोकर्पण कर क्षेत्रीय जनता को समर्पित करते हुए बताया कि इस सोलर पैनल से सीएचसी स्टाफ व रात्रि में उपचार के लिए आए जनमानस को प्रकाश का लाभ मिलेगा। पूर्व में भी बलरामपुर संस्था की ओर से अस्पताल को एक्स रे मशीन, हेल्थ-टीम, रैन बसेरा, कॉलोनी लॉन का विकास, वाटर कूलर, सोलर लाईट आदि कई सहायता दी गई है। एसपी ने बलरामपुर फाउन्डेशन संस्था के इस सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए संस्था व क्षेत्रीय जनमास को अपनी शुभकामनाएं दीं। गुलरिया चीनी मिल इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह ने बताया कि संस्था क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है यह क्षेत्रीय ग्रामीणों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्रीय संरचना के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्यशील है। जिससे कि क्षेत्र के प्रत्येक जनमानस तक सुविधा व लाभ पहुंच सके। उन्होंने संस्था द्वारा पूर्व, वर्तमान व भविष्य में किए जाने वाले कार्यों से भी सभा को अवगत कराया। कार्यक्रम के उपरान्त उपस्थित क्षेत्रवासियों को मिष्ठान वितरण किया। उपस्थित क्षेत्रीय जनमानस इन विकास कार्यों से बहुत प्रसन्न है एवं इस सार्वजनिक लाभ के कार्य के लिए बलरामपुर फाउन्डेशन का आभार जताया। इस अवसर पर एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, तहसीलदार विनोद गुप्ता, अधीक्षक डॉ अमित सिंह, बीडीओ देवेन्द्र सिंह, गुलरिया चीनी मिल इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह, इकाई गुलरिया से अजीत सिंह, संतोष कुमार सिंह, अभिनेश कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय जनमान आदि उपस्थित रहे।

# 95 प्रधानाचार्यों ने अपने विद्यालय को निपुण घोषित किया

**संवाददाता।** तिकुनियां-खीरी



**भारत** सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा 1 से 3 तक के छात्र छात्राओं हेतु भाषा और गणित विषय में निपुण लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इन लक्ष्यों को सत्र 2025-26 तक प्राप्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। निघासन के खंड शिक्षा अधिकारी डॉ.बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि दिनांक 21 मार्च 23 को आयोजित मासिक संकुल समीक्षा बैठक में प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के प्रयासों द्वारा ब्लॉक के 95 विद्यालयों के बच्चों ने निपुण लक्ष्य में दक्षता हासिल कर ली है। संकुलवार नायपंचायत सिंगाही के 15, गुलरिया पत्थरशाह के 17, गंगाबेहड़ के 16, खेरहनी के 07, रखेहटी के 07, लुधौरी के 17, खमरिया कोइलार के 10, सिंगाही कला के 06, मोहबतियाबेहड के 06 परिषदीय विद्यालय निपुण विद्यालय बन गए हैं। इस प्रकार ब्लॉक के 95 विद्यालय निपुण विद्यालय घोषित किए गए। शिक्षकों ने एक मत से कहा कि ब्लॉक के शत प्रतिशत स्मार्ट क्लासेज बनने से बच्चों को निपुण बनाने में अत्यंत सुगमता प्राप्त हो रही है। खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. ब्रजेश त्रिपाठी ने संबोधन में कहा कि जो लक्ष्य 2026 का है वह निघासन 2023 में प्राप्त कर रहा है। समस्त विद्यालय अपने सर्वोत्तम प्रयास द्वारा शीघ्र ही अपने अपने विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए अपने उत्कृष्ट प्रयास करें। कहा कि निघासन में परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास बनने के बाद विद्यालयों की सूरत और सीरत बदल गई है शिक्षकों ने अपने अथक प्रयासों द्वारा परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदल दी है और छात्र-छात्राएं एक अच्छे वातावरण में अच्छी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी का कहना है कि हम प्रदेश में सबसे पहले अपने समस्त 209 विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाकर बालक में शिक्षण व्यवस्थाओं का सर्वांगीण विकास करने के लिए कृत संकल्प है और इसमें हमारा प्रत्येक शिक्षक अपनी संपूर्ण ऊर्जा के साथ सहयोग कर रहे हैं। बताते चलें कि इसी सत्र में ब्लॉक निघासन ने मिशन नवोदय हेतु प्रदेश में सर्वाधिक बच्चों का पंजीकरण कर एक और कीर्तिमान स्थापित किया है इसको आगे बढ़ाते हुए त्रिपाठी ने बताया कि ब्लॉक से मिशन नवोदय में सर्वाधिक बच्चों का चयन कराने हेतु हमने एक मुहिम छेड़ रखी है। इस हेतु स्वेच्छया से कोचिंग संचालित करने वाले शिक्षकों के नाम न्याय पंचायत वार मांगे गए है जो विद्यालय समय के उपरांत बच्चों की नि:शुल्क कोचिंग संचालित करा बच्चों को नवोदय परीक्षा हेतु तैयारी कराई जा रही है।

# क्विक न्यूज

## बिनु सत्संग विवेक न होई : शास्त्री

**तिकुनियां।** देवी मंदिर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिन भागवत कथा सुनने की महिमा का वर्णन किया गया। वृंदावन से आए कथावाचक विभु कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान की जिस पर कृपा होती है उसे ही कथा सुनने का अवसर मिलता है, जिसे अवसर मिलता है उसके जीवन में अच्छे संस्कार आ जाते है और सदमार्ग पर चलता चला जाता है। कथा सुनने से ही पाप धुल जाते है। उन्होंने कहा कि आज कल लोग मेरा तेरा में पड़े हुए है जब कि किसी का कुछ नही है सब यही का है और यही रहेगा। कथावाचक ने कहा कि सत्य ईश्वर है, आनंद केवल प्रभु में है इसलिए ईश्वर से प्रेम करो। इस दौरान महंत ब्रजेश गिरी, विनोद रुहेला,आशीष अग्रवाल, रामप्रकाश मिश्रा सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।



## सनातन ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

**सीतापुर।** सनातन ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने शमशेर बाग में मंडलीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम मनोहर मिश्रा व संयोजन विश्वम्भर दयाल तिवारी ने किया। वही संचालन मंडल उपाध्यक्ष आकाश राय ने किया। समारोह के दौरान पंकज पाण्डेय व सुधांशु त्रिवेदी, सुधांशु मिश्रा, संजय पाण्डेय, शशिकला मिश्रा, सीमा मिश्रा ने हास्य और होली गीत प्रस्तुत किए। मंडल उपाध्यक्ष राम दत्त मिश्रा, श्याम मनोहर मिश्रा, संयोजक विश्वम्भर तिवारी, शिव बालक त्रिवेदी ने संबोधित किया। इस मौके पर मंडल कोषाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, राम शंकर मिश्रा, दिनेश मिश्रा, महेश दत्त मिश्रा, राम प्रकाश पाण्डेय, मंडल उपाध्यक्ष शशिकांति तिवारी, शिव कुमार अवस्थी, सुधांशु मिश्रा, अमबरीष दीक्षित, संजय पाण्डेय, विजय कुमार शुक्ला, कुश्मेश मिश्रा, शशिकला मिश्रा, मधु पाण्डेय, कविता पाण्डेय, सीमा मिश्रा, योगेंद्र पाण्डेय, सुभित बाजपाई, वेद प्रकाश त्रिपाठी, कृष्ण बिहारी अवस्थी, कमलेश मिश्रा, संजय शुक्ला, विमल त्रिवेदी, आदि उपस्थित रहे।

## जिला मजिस्ट्रेट ने दो व्यक्तियों को किया जिला बदर

**शाहजहाँपुर।** विभिन्न अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुये न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, शाहजहाँपुर द्वारा उ0प्र0 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की धारा-3 (3) के अन्तर्गत थाना खुदागंज के 02 व्यक्तियों को 06 माह के लिये जिले से जिला बदर आदेश करते हुए तत्काल जिले की सीमा से बाहर जाने के निर्देश पारित किये गये है। उन्होने बताया कि अर्जुन पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम चमरूआ थाना खुदागंज व दूसरा फूलबाबू पुत्र असताफ निवासी ग्राम गैली थाना खुदागंज है। इन दोनो पर नाबालिग लड़कियो पर अश्लील हरकते छेड़खानी/ गुण्डागर्दी आदि में लिप्त होने जैसे मुकदमें दर्ज होने पर तत्काल जिले से 06 माह के लिये जिला बदर किया गया है।

# डीएम ने चार सीएचओ की सेवा समाप्ति के दिए निर्देश

## ● ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर एक एएनएम, नौ आशा को भी कर दिया गया बर्खास्त

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय), संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं नियमित टीकाकरण की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने एजेंडा बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए खराब प्रदर्शन करने वाले प्रभारी चिकित्साधिकारियों को सुधार हेतु निर्देशित किया। जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन पर बिना किसी सूचना के अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित होने वाले चार सीएचओ (संविदा स्टाफ) रश्मि चक, धीरेन्द्र सिंह, पूजा गंगवार एवं मनोज कुमार की सेवा दिए। सीएमओ ने एजेंडा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इनके अनुपस्थित होने के कारण विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों में उपलब्धियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इसी प्रकार 9 निष्क्रिय आशाओं के विरुद्ध में कार्यवाही करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाए जाने की संस्तुति भी समिति द्वारा की गई। सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारियों ने बताया कि इन निष्क्रिय आशाओं द्वारा नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव आदि में सहयोग नहीं किया जा रहा है जिस कारण इन्हें हटाये जाने की संस्तुति की गयी। इनमें पूजा देवी, मीरा दीक्षित, शकुन्तला देवी, फूल बी, माधुरी शर्मा, मंजू देवी,निर्मला, सीमा दिनकर एवं रहिसा बेगम, शामिल हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कलान की एएनएम सत्यवती के चार मार्च से अनुपस्थित होने एवं पूर्व में भी टीकाकरण सत्र पर अनुपस्थित रहने से महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रोग्राम टीकाकरण बाधित होने पर उनकी संविदा समाप्त करने का अनुमोदन भी जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा दिया गया। डीएम ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि विभाग में संचालित योजनाओं का विशेष प्रशिक्षण सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारियों के साथ-साथ अन्य चिकित्साधिकारियों को लिया जाये जिससे योजनाओं में बेहतर प्रगति सुनिश्चित की जा सके। उन्होने पीसीपीएनडीटी एक्ट के अन्तर्गत भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। नियमित टीकाकरण समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी डीएम ने दिये। आगामी 1 अप्रैल से चलाए जाने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 17 अप्रैल से दस्तक अभियान की प्रथम अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान डीएम ने सभी अधिकारियों को अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने हेतु निर्देश दिये। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से एवं दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल,2023 तक चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी शासनादेश में दिये गये निर्देशो का पूर्णतया पालन सुनिश्चित करें। विद्यालय परिसर एवं चिकित्सालय परिसर में व्यापक रूप से चलाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि लोगो को स्वच्छ आदतों के प्रति प्रेरित तथा संचारी रोगों के बचाव के विषय में जानकारी दी जाये। कहा कि मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण तथा सफाई का उचित प्रबन्ध भी सुनिश्चित किया जाये। बैठक में सीडीओ श्याम बहादुर सिंह, सीएमओ डा. आर. के. गौतम, सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# भूख हड़ताल की चेतावनी के बाद हरकत में आया प्रशासन

**संवाददाता।** शाहजहांपुर।

**रामचंद्र** मिशन थाना क्षेत्र के रौसर कोठी गांव में नौ फरवरी को रातों-रात थाना स्व. रामवीर कनौजिया की पत्नी ज्योति कनौजिया के मकान पर जबरन कब्जा कर लिए जाने और फिर 16 मार्च को दीवार तोड़कर कर रातो रात पूरा मकान अपने कब्जे में ले लिए जाने को लेकर पीड़ित ने जब मंगलवार को उप जिला अधिकारी सदर सतीश चंद्रा से न्याय की गुहार लगाते हुए भूख हड़ताल की चेतावनी दी तो तहसील प्रशासन हरकत में आ गया और बुधवार को दो नायब तहसीलदार एक राजस्व निरीक्षक और 5 लेखपालों की एक टीम मौके पर जांच पड़ताल करने पहुंची। इस मामले में थाना रामचंद्र मिशन में 13 फरवरी को 7 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जहां जांच पड़ताल के दौरान नायब तहसीलदार ने दोनों पक्षों के बयान लिए और क्षेत्र के लोगों से विधिवत जानकारी ली। इस मामले में पीड़ित ज्योति कनौजिया द्वारा 24 घंटे में एक कार्रवाई ना होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी दी गई थी। जिसका संज्ञान लेकर उप जिलाधिकारी सदर सतीश चंद्रा ने नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह, निशी सिंह, राजस्व निरीक्षक विजय श्रीवास्तव, लेखपाल अनुराग त्रिवेदी, गिरीश त्रिवेदी, राकेश सागर, संजीव कुमार, सीताराम पटेल की एक संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी। टीम ने मौके पर दोनों पक्षों के कागजात देखे और लोगों के बयान लिए है।




## पुलिस ने बकरा चोर गैंग को किया गिरफ्तार

**ढखेरवा खीरी।** ढखेरवा पुलिस चौकी फोर्स ने लखाही गांव से एक बकरा चोर गैंग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सोमवार देर शाम लखाही गांव निवासी आशिक अली ने सूचना दी कि उसका बकरा घर के सामने बंधा था। जिसे गांव के ही सीताराम पुत्र नन्हू, दीपक कुमार पुत्र प्यारेलाल व रामसेवक उर्फ छोटू पुत्र राम सागर आदि चोरी से उठा ले गए हैं। जिस पर पुलिस ने त्वरित छापामार कार्रवाई करते हुए बकरे को मृत अवस्था में दीपक के घर के सामने बरामद करते हुए अभियुक्त सीताराम को मौके से गिरफ्तार कर लिया। अंधेरे का फायदा उठाकर दीपक कुमार व राम सेवक भागने में सफल रहे जिन्हें पुलिस ने देर रात्रि जंगली नाथ शिव मंदिर के पास से दबिश देकर गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 379ध्429 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।



## लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बन रही बीएड चाय वाली

**बरेली।** बरेली के गुलाब राय इंटर कॉलेज के बाहर एक बीएड चाय वाली की स्टाल है इसकी संचालिका मधु सिंह है। पायनियर ने मधु सिंह की स्टाल पर जाकर उनसे चर्चा की बहुत दिलचस्प पहलू सामने आए। मधु सिंह ने बताया कि उन्होंने बीएड बरेली कॉलेज से किया है। वर्ष 2012 में बीएड किया कोई नौकरी न मिलने के कारण जीविका नहीं चल पाई। मधु ने अपना व्यापार शुरू करने का निर्णय लिया। इन्होंने गुलाबराय के पास एक चाय की दुकान लगाने का फैसला किया जिसका नाम उन्होंने बीएड चायवाली रखा। यहां पर बड़ी संख्या में लोग आते हैं कि चाय पीते हैं और एक महिला होने के नाते इनके जज्बे को देखकर बहुत उत्साहित होते हैं। कहते हैं कि हिम्मत वाली महिला हैं। आप जिन्होंने यह व्यापार शुरू किया है। साक्षात्कार में मधु सिंह ने बताया कि वह समाज को संदेश देना चाहती हैं कि महिलाएं आगे बढ़े मेहनत करें तो कोई काम ऐसा नहीं है जो ना हो और वह स्वयं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रही है। व्यापार कोई छोटा बड़ा नहीं होता। व्यक्ति कोई छोटा बड़ा नहीं होता, हिम्मत होनी चाहिए। लगन और ईमानदारी होनी चाहिए तो विजय निश्चित है। वह महिलाओं से अपील करती है कि काम करें तो मन से करें।



# नगर आयुक्त ने किया सड़क और नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**नगर** आयुक्त संतोष शर्मा ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत लालपुर में निर्माणाधीन सड़क व नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लालपुर में मुख्य सड़क के किनारे साउथ सिटी कालोनी की बाउंड्रीवाल से सटी ग्राम समाज की रिक्त भूमि पाये जाने पर वहां पर एक कम्यूनिटी हॉल का निर्माण प्रस्तावित किये जाने के निर्देश दिये गये। मुख्य सड़क पर जलभराव पाये जाने पर नगर आयुक्त ने अपनी उपस्थिति में ट्रॉली से मलबा / भराव डलवाया तथा प्रयोग की जा रही ईट की गुणवत्ता मानक के अनुरूप न पाये जाने पर तत्काल उसको बदलवाने एवं अधिक लेवर मिस्त्री लगाकर शीघ्र कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। यह भी निर्देश दिया कि लालपुर में मुख्य सड़क पर पीछे नाली का लेवल सही से निकलवाते हुए नाली निर्माण कराया जाये ताकि बरसात के समय जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। लालपुर में सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत निर्देशित किया कि स्थानीय स्वच्छता समिति का गठन करते हुए उसके माध्यम से उपयुक्त भूमि पर एक कूड़ाघर हेतु कार्यवाही प्रस्तावित की जाये जिसमें गीले कूड़े से कम्यूनिटी कम्पोस्टर बनायी जा सकें। इसके साथ लालपुर में समुचित सफाई व्यवस्था कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। साथ ही लालपुर मुख्य मार्ग पर लगभग 3 फिट गहरे नाले की भी समुचित सफाई किये जाने के निर्देश दिये। लालपुर में प्रकाश व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया कि निरीक्षणोपरान्त आवश्यक स्थलों पर स्ट्रीट लाइटों की स्थापना का प्रस्ताव तैयार किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बरेली मोड़ पर नवनिर्मित आटोमैटिक ट्रांसफर स्टेशन के निकट स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवस्थापना सुविधाओं के अन्तर्गत उक्त रिक्त स्थल पर वेंडिंग जोन बनवाये जाने एवं वेंडिंग जोन बनवाये जाने से पूर्व उक्त स्थल पर वीडियोग्राफी तथा फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। उक्त स्थल पर जलभराव पाये जाने पर सड़क से आटोमैटिक ट्रांसफर स्टेशन की चौड़ाई में पीछे से इंटरलाकिंग भी कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि उक्त स्थल पर जलभराव की स्थिति न उत्पन्न हो। निरीक्षण के समय एस के अम्बेडकर- मुख्य अभियन्ता, विपुल कुमार-सहायक अभियन्ता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# हर नागरिक दुखी और पीड़ितः कांग्रेस

**संवाददाता।** बरेली

**महानगर** कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला की अध्यक्षता में वार्ड 31 कटघर स्थित जिला महासचिव पाकीजा खान के निवास पर एक मीटिंग हुई। महानगर अध्यक्ष शुक्ला ने कहा कि 1989 से उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार नहीं है फिर भी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के संगठन की धार में कोई कमी नहीं है, हमने हर चुनौती का डटकर मुकाबला किया है। जातिवादी, फिरकापरस्त और सांप्रदायिक ताकतों के ताबूत में कील भी ठोकी है। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक दुखी और पीड़ित है, भ्रष्टाचार का शिकार हो रहा है, महंगाई इतनी है कि घर की रोजी रोटी चलाना भी उसके लिए मुश्किल हो रहा। धर्म और सांप्रदायिकता के नाम पर सत्ता तक पहुंची भारतीय जनता पार्टी कि अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। कांग्रेस पार्टी का बलिदान और कार्यकर्ताओं की जी तोड़ मेहनत का नतीजा 2024 में मिलेगा और केंद्र में कांग्रेस की सरकार होगी। प्रदेश प्रवक्ता डॉ के बी त्रिपाठी ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो एक महत्वपूर्ण अभियान है, जो भारत जोड़ो यात्रा का द्वितीय चरण है। इसके माध्यम से हम सभी लोगों को राहुल जी के संदेश से अवगत करा रहे हैं। प्रदेश सचिव असलम चौधरी ने कहा कि भाजपा इस समय राहुल गांधी से डरी हुई है इसी से पता लगता है कि 2024 में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है।महानगर प्रवक्ता योगेश जौहरी, जिला महासचिव पाकीजा खान, महासचिव सर्वतहुसैन हाशमी, पूर्व पीसीसी मुकेश बाल्मिकी, जिला महासचिव जियाउर रहमान, हाजी जुबेर ,जिला कोषाध्यक्ष कमरुद्दीन सैफी, हाजी सुल्तान, फिरोज खान, रफीक ठेकेदार, आसिफअली, हसनैन अंसारी, टोनू बक्शी, मोहम्मद हसन और काफी संख्या में कांग्रेसी जन मौजूद रहे।



# चीनी मिल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस

**सीतापुर।** अंतरराष्ट्रीय जल दिवस के अवसर पर दीक्षा कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र डालमिया भारत सुगर चीनी मिल जवाहरपुर द्वारा जल यात्रा निकाली गई जिसमें प्रशिक्षार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। यात्रा का उद्देश्य जल संरक्षण जल स्रोतों का सही उपयोग एवं जल का महत्व आदि को लेकर जनमानस को जागरूक करना था। यात्रा का शुभारंभ सिविल लाइंस से विमल त्रिपाठी प्रबंधक दीक्षा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया जिसके बाद यात्रा प्रेमनगर, आंख अस्पताल, जिला अधिकारी कार्यालय, लालबाग चौराहा, महिला अस्पताल, जीआईसी चौराहा होते हुए अगले दस दिनों तक जारी रहेगी। यात्रा की अगुवाई सोमेंद्र, आयुष, सौरभ, अंकुश, रीतू, पूनम, काजल द्वारा की जा रही है। जल यात्रा में डालमिया भारत फाउंडेशन से विमल त्रिपाठी, अरूणोदय शुक्ला, विक्रम कुमार, प्रदीप यादव, विकास वर्मा, आदि लोग मौजूद रहे। जल यात्रा में दीक्षा से 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**बरेली।** शराब के आदी एक युवक की गांव के पास से गुजर रही रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी । सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव गुररिया चक्की निवासी गंगाराम पुत्र हीरालाल कि बीती रात गांव के पास से गुजर रही रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि गंगाराम शराब का आदी था और अविवाहित था वह लगभग 8 दिन पहले हिमाचल प्रदेश से काम करके घर वापस लौटा था वह घर में नहीं रहता तो और घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे लाइन के पास उसने झोपड़ी बनाई थी वहीं पर रहता था बीती रात वहां से घर आते समय उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई सुबह होने पर लोगों ने उसकी लाश को रेलवे लाइन पर देखा और घटना की जानकारी घरवालों को दी ।

## पोर्टफोलियो विस्तार की तैयारी

कानपुर। लगातार टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन करते हुए नए कीर्तिमान रचने के लिए आइकू आज फूली लोडेड आइकू जेड 7 5जी के लॉन्च के साथ अपने जेड सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आइकू जेड 7 ब्रांड का पहला स्मार्टफोन बनने जा रहा हैस्ट.इन.क्लास हार्डवेयर स्पेसिफिकेशन और सॉफ्टवेयर कैपेबिलिटीज के साथ यह अपने उपभोक्ताओं को सेगमेंट लीडिंग परफॉर्मेंस देता है। इस लॉन्च पर आइकू के चीफएग्जीक्यूटिव ऑफिसर निपुण ने कहा,इससे पहले हमें अपनी जेड सीरीज के प्रोडक्ट्स के लांच पर जिस तरह की प्रतिक्रिया मिली, वह वास्तव में जबरदस्त थी।

# जल संरक्षण और संवर्धन को लेकर चलेगा विशेष अभियान : जिलाधिकारी

● विश्व जल दिवस पर किया बरुआ नाला की खुदाई का ऐलान



**संवाददाता।** चित्रकूट

**विश्व** जल दिवस पर बुधवार को जिला पंचायत सभागार में एक मीडिया संस्थान द्वारा 'जल है तो कल है' थीम पर जिला स्तरीय जागरूकता पाठशाला का आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें जल संरक्षण के लिए काम करने वाले अभियान संस्था अतर्रा व जिला वास फोरम सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार हेमराज कश्यप ने प्रस्तावना रखते हुए वर्षा जल की एक-एक बूंद संचय पर बल दिया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मीडिया संस्थान की पहल की सराहना करते हुए कहा कि सरकार बुंदेलखंड में जल संरक्षण के लिए कई योजनाएं चला जा रही है। खेत तालाब, मेड़बंदी, पुराने तालाबों की खुदाई व मरम्मत, ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवर का निर्माण व वृहद स्तर पर पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। जिले में छह सौ किसानों के खेतों में तालाब निमार्ण का लक्ष्य रखा गया है। जो मई व जून माह में खोदे जाएंगे। जिनमें फलदार पौधों का रोपण भी किया जाएगा। जिससे मेड़ों के मिट्टी का कटान रुकेगा व वर्षा जल संरक्षित होगा। इन तालाबों से किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि गोष्ठी में वक्ताओं के काफी अच्छे सुझाव आए हैं। शहरी क्षेत्र में तालाबों का जीर्णोद्धार का काम कराया जाएगा। बरुआ नाला का सीमांकन व खुदाई का कार्य किया जाएगा। शहर के अंदर होटल, लाज, व्यावसायिक दृष्टि से जो भवन बन रहे है उन भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य अवश्य किया जाए।

जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला ने कहा कि वैश्विक स्तर पर वर्षा का पैटन बदल रहा है जो पहले वर्षा जून जुलाई में होती है वह जुलाई के अंतिम सप्ताह व अगस्त माह में वर्षा होती है। इसी प्रकार जो सर्दी में होने वाली वर्षा अब हो रही है जलवायु परिवर्तन का प्रभाव खेंती पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन के लिए भूमि संरक्षण विभाग द्वारा खेत तालाब में मेड़बंदी का कार्य किया जा रहा है।

## अस्पताल संचालक व समर्थकों ने किया एसीएमओ का घेराव

**रूरा,** कानपुर देहात। बनीपारा गांव में मानक विहीन क्लीनिक चलाए जाने की शिकायत पर अपर सीएमओ कानपुर देहात डा एसएल वर्मा ने गांव जाकर जांच की। जांच के दौरान अस्पताल संचालकों के साथ लगभग एक सैकड़ा लोगों ने पहले तो अपर सीएमओ को घेर कर चल रहे अस्पताल में प्रवेश नहीं करने दिया बाद में प्रवेश कराकर अस्पताल दिखाया। ग्राम बनीपारा के ग्रामीणों ने गांव में बिना मानक को पूरा किए एक अस्पताल चलाए जाने की शिकायत की थीए ग्रामीणों ने अस्पताल संचालन और मरीजों के किए जा रहे उपचार की फोटो वीडियो आदि शेयर करके अस्पताल सचालन होना बताया था। जिसके चलते अपर सीएमओ डॉ एसएल वर्मा ग्राम बनीपारा में संचालित अस्पताल का निरीक्षण करने गांव पहुंचे थे। अपर सीएमओ ने बताया कि जब वह मौके पर पहुंचे तो वहां मौजूद अस्पताल संचालक और उसके समर्थकों ने भवन में प्रवेश नहीं करने दिया। अपर सीएमओ ने आगे बताया कि बाद में उक्त लोगों ने भवन का निरीक्षण कराया

## सर्राफा व्यापारी की दुकान से चोरी करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा



**संवाददाता।** जालौन, उरई

**लगभग** दो माह पूर्व पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने दो सराफा व्यापारियों की दुकानों को निशाना बनाकर लाखों के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। पुलिस ने चोरी के मामले में नेपाली आरोपी को पकड़ा है। जिसके पास से पुलिस ने चोरी के 1 किग्रा चांदी के नए पुराने आभूषण व 2300 रुपये नगद बरामद किए। सीओ ने कोतवाली में मामले का खुलासा किया।

नगर के मोहल्ला चौधरयाना निवासी रामजी स्वर्णकार उर्फबबलू व फर्दनवीस निवासी विशाल सोनी पुत्र प्रमोद सोनी की चौकी के नीचे चंद कदम की दूरी पर बाजार बैठगंज में सराफा की दुकानें हैं। बीती 14 जनवरी की रात चोरों ने दोनों दुकानों को निशाना बनाया। चोर छत पर लगे लोहे के मजबूत गेटों के कुंडों को तोड़कर दुकान के अंदर घुस गए। जहां चोरों ने रामजी की दुकान के अंदर दो तिजोरियों को तोड़कर 10 हजार रुपये नगद समेत लगभग 4 लाख रुपये के जेवरात एवं उनके बगल में ही स्थित विशाल की दुकान से चोरों ने गोलक में रखे 12 हजार रुपये नगद समेत लगभग 2 लाख रुपये के जेवर चोरी कर लिए थे। मामले में कोतवाली पुलिस एसओसी व सर्विलांस टीम संयुक्त रूप से चोरों की तलाश कर रही थीं।

## क्विक न्यूज़

### नव विवाहिता ने ज़हर खाकर दे दी जान

**घाटमपुर।** थाना सजेती क्षेत्र के गांव क्योटरा में एक नव विवाहिता ने जहरीला चीज खा लिया जानकारी पर पति उसे इलाज के लिये सीएचसी लेकर पहुचा जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है। भरुवा सुमेरपुर थाना क्षेत्र के गांव मौरा मायके में मोबाइल करके अपने भाई को बताया कि उसने जहर खा लिया है। बाद में बन्दना के भाई ने पति नरेश को दी, नरेश परिजनों के साथ खेतों में काम करने गया था और बन्दना घर में अकेली थी,जानकारी पर नरेश घर पहुचा और बन्दना को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है, तहरीर और पोस्ट मार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे कि कार्यवाही की जायेगी।

### तालाब में पड़ी मिलीं बच्चों की सरकार दवाएं

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के कूड़े में सैकड़ों फोलिक एसिड की गोलियां पड़ी पायी गयी वहीं तालाब में ढेर सारी दवाइयां फेंका दी गयी है। जिससे हजारों मछलियों की मृत्यु हो गयी विभाग ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सरकार परिषदीय विद्यालयों व आंगनवाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान में रखते हुये फोलिक एसिड दवाइयां देने का प्राविधान है मगर ये दवाएं मासूमों को वितरित न कर तालाबों व नालों में फेंकी जा रही है जो चर्चा का विषय बनी हुई है। यह जीवन रक्षक दवाएं जिम्मेदार द्वारा फेंके जाने से लोगों में आक्रोश है। उन्होंने मामले की जांच करा ऐसे दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### मेडिकल कालेज निर्माण की धीमी गति पर सीडीओ नाखुश

**फतेहपुर।** पचास लाख से अधिक की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पचास लाख से अधिक की निर्माणाधीन लाभार्थी परक, जनकल्याणकारी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण गुणवत्ता व गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बिन्दुवार की। राजकीय मेडिकल कॉलेज में निर्माणाधीन बालक/बालिका छात्रावास, एकेडमी ब्लॉक, लेक्चर हाल, नर्स हॉस्टल की प्रगति धीमी होने पर संबंधित कार्यदायी संस्था को कारण सहित विवरण देने के निर्देश दिए। कृषि कल्याण केन्द्र विजयीपुर की पूर्ण परियोजना को जिला स्तरीय तकनीकी टीम बनाते हुए व संस्था द्वारा नामित तकनीकी टीम का एक साथ निरीक्षण कराकर रिपोर्ट लेते हुए हैण्डओवर की कार्यवाही पूर्ण की जाये।

### जल संस्थान के कर्मचारी दे रहे घर घर दस्तक

**कोंच, जालौन।** राजस्व के रूप में लाखों-करोड़ों रुपये बकाया होने और वसूली माह मार्च समाप्ति की ओर होने के चलते जल संस्थान के अधिकारी व कर्मचारी अब राजस्व वसूली हेतु घर घर दस्तक देते हुए दिखाई दे रहे हैं। बुधवार को अवर अभियंता आलोक श्रीवास्तव की अगुवाई में लिपिक राहुल कुमार, रविन्द्र कुमार आदि कर्मचारियों ने नगर के अलग अलग मुहल्लों में घर घर जाकर बकायेदार उपभोक्ताओं को नोटिस थमाते हुए उनसे बकाया राजस्व वसूला। तमाम बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गये। अवर अभियंता ने बताया कि तमाम उपभोक्ताओं ने बीते काफी समय से अपने बिलों की अदायगी नहीं की है। ऐसे सभी बकायेदार उपभोक्ताओं की सूची बनाकर उनसे लंबित राजस्व वसूला जा रहा है।

### कार्यकत्रियों ने निकाली कुपोषण मुक्त पोषण जागरूकता रैली

**उरई ,जालौन।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा (20 मार्च से 3 अप्रैल 2023) के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर उरई से मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर विशाल पोषण रैली निकाली गयी। जिसमें जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा कुपोषण मुक्त तथा पोषण जागरूकता संबंधी नारे लगाते हुये पोषण रैली अम्बेडकर चौराहा उरई तक निकाली गयी। पोषण रैली में सीडीओ, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अभिहीत अधिकारी (खाद्य सुरक्षा), वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सीडीपीओ महेवा शरद अवस्थी, सीडीपीओ उरई शहर विमलेश आर्या, एवं सीडीपीओ कदौरा गोमती एवं मुख्य सेविकायें उपस्थित रहे।

### रामकथा के पहले दिन धूमधाम से निकली शोभायात्रा

**चित्रकूट।** धर्म नगरी चित्रकूट के जानकीकुंड स्थित श्री रघुवीर मन्दिर ट्रस्ट (बड़ी गुफा) में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में बुधवार को नवदिवसीय श्रीरामकथा का आयोजन किया गया। कथा के पहले दिन श्री रामकथा की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गयी। अयोध्या हर्याचार्य आश्रम से पधारे कथाव्यास जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य महाराज के सानिध्य में शोभायात्रा का प्रारम्भ सदगुरु प्रार्थना भवन से प्रारम्भ होकर रघुवीर मन्दिर पर समापन हुआ। यात्रा में मंगल कलश लिए 108 मातां, हाथी, घोड़ा, ढोल बैण्ड तथा वेदमंत्रोच्चार करते हुए बटुक आगे चल रहे थे, जिसके पीछे देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे गुरुभाई-बहन एवं सदगुरु परिवार के सदस्य श्री रामचरितमानस की पोथी सिर पर लिए भक्ति भाव से चल रहे थे, इसके बाद दिव्य सुसज्जित रथ में कथाव्यास रामदिनेशाचार्य, नवन्हपारायण कर्ता आचार्य सुरेन्द्र शास्त्री एवं मुम्बई से पधारे आचार्य शौतेश शास्त्री विराजित रहे, रथ के पीछे 51 संस्कृत के विद्यार्थी दिव्यघोष शंखध्वनि करते हुए वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे।

### मियाद पूरी कर चुकी रोडवेज बसें जबरन की जा रही संचालित

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के बड़े चौराहे का में नाली की पटिया कमजोर होने के चलते बस का पहिया धस गया। हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ। बस स्टैंड के अभाव में कस्बे से सैकड़ों यात्री बड़े चौराहे के फुटपाथ पर बैठकर बसों का इंतजार करते हैं। रोडवेज विभाग टिकट के साथ यात्रियों से यात्री सुविधा टैक्स वसूल करता है मगर यहां पर सुविधा के नाम पर विभाग छलावा कर रहा है यही कारण है कि यहा पर आय दिन घटनाएं हो रही हैं। 99 साल के पट्टे पर लिया गया मौदहा बस स्टैंड का संचालन हमीरपुर जनपद के बजाय महोबा से किया जा रहा है जो इसकी दयनीय स्थिति का प्रमुख कारण बताया जा रहा है।

### श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकाली भव्य शोभा यात्रा

**जालौन, उरई।** नगर के पुराने सरकारी अस्पताल के मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा व गणेश पूजन के साथ हुआ। इस दौरान नगर के विभिन्न मार्गों से होकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया। नगर के बैठगंज में स्थित पुराना सरकारी अस्पताल के मैदान में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। अपरान्ह शुभ मुहूर्त में कलश यात्रा द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण से प्रांरभ हुई। जो नगर के देवनगर चौराहा, काली माता मंदिर, हनुमानजी मंदिर, कांजी हाउस, पानी की टंकी, छोटी माता मंदिर, बड़ी माता मंदिर, नाना महाराज मंदिर होकर पुनः कथा स्थल पर पहुंची। भागवताचार्य पंडित पवन शास्त्री की अगुवाई में निकली शोभायात्रा में महिला व पुरूष भक्तगण डीजे के साउंड पर भक्तिभाव से झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। तत्पश्चात गणेश पूजन कथा व्यास द्वारा कराया गया।

## विशम्भर निषाद को दोबारा मिलेगा सांसद रत्न अवार्ड

**फतेहपुर।** लोकसभा एवं राज्यसभा के सदस्य रह चुके फतेहपुर जनपद के पूर्व सांसद विशम्भर प्रसाद निषाद संसदीय परंपराओं को बल देते हुये देश और समाजहित के मुद्दे उठाने के लिये दूसरी बार सांसद रत्न अवार्ड के लिये चयनित किये गये हैं। यह अवार्ड उन्हें 25 मार्च को न्यू महाराष्ट्र सदन में संसदीय कार्यमंत्री एवं हरियाणा के राज्यपाल संयुक्त रूप से प्रदान करेंगे। श्री निषाद सहित लोकसभा के आठ और राज्यसभा के पॉच मौजूदा एवं निवर्तमान सदस्यों को प्राइम प्वाइंट फाउण्डेशन ने चयनित किया है। के श्रीनिवासन इस फाउण्डेशन के संस्थापक अध्यक्ष है। संसद रत्न से सम्मानित किये जाने वाले सदन के सदस्यों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी ने पत्र भेज कर बधाई दी है। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री का कामकाज देख चुके विशम्भर प्रसाद निषाद 1996 में फतेहपुर संसदीय क्षेत्र से सदस्य चुने गये थे।

## नवरात्र के पहले दिन पर भक्तों ने की मां शैलपुत्री की आराधना

**संवाददाता।** कोंच, जालौन



**हिंदुओं** का प्रमुख सनातनी पर्व चैत्र नवरात्र बुधवार से प्रारंभ हो गए हैं, अल सुबह से ही विभिन्न देवी मंदिरों में जलाभिषेक के लिए महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सनातनी घरों में घट स्थापन किए गए और भारी संख्या में दर्शनार्थी मंदिरों में मत्था टेकने के लिए पहुंचे। नवरात्रि में मंदिरों में विराजमान मैया के विभिन्न स्वरूपों के नयनाभिराम श्रृंगार किए गए हैं। निर्दिष्ट दिवालों में और बोलावदी को लेकर शाम को कई जगह जवारे बोए गए। हिंदू पंचांग के अनुसार बुधवार से नव संवत्सर यानी हिंदू नववर्ष भी प्रारंभ हो गया है। लोगों ने नए वस्त्र धारण कर नूतन बर्ष का स्वागत किया और एक दूसरे को शुभकामनायें दीं।

शक्ति उपासना का प्रमुख पर्व चैत्र नवरात्र के पहले दिन अल सुबह में ही देवी मंदिरों में जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया था, महिलाओं की भारी भीड़ मैया के पद प्रच्छालन के लिए उमड़ी। सबसे ज्यादा भीड़ बड़ी माता मंदिर और सिंह वाहिनी मंदिर में रही। इधर, सनातनी घरों में कलश स्थापना के साथ नवरात्रि का शुभारंभ हुआ, लोगों ने विधि विधान के साथ कलश स्थापित किए और मां दुर्गा की आराधना में लग गए। इसके अलावा विद्वान ब्राह्मणों द्वारा घरों में दुर्गा सप्तशती के पाठ भी प्रारंभ कराए गए।

### विश्व हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने निकाली राम-लक्ष्मण की झांकी



**घाटमपुर।** चैत्र नवरात्र के आज पहले दिन शैल पुत्री के रुप मॉ कुष्माण्डा देवी की श्रद्वालुओं ने पूजा की वहीं ग्रामीण अंचल के देवी मंदिरों में बुद्यवार भोर पहर से ही मां के जयकारों के साथ भक्तों की भीड़ उमड़ी और देर शांम तक भक्त पूजा अर्चना करते रहे। नव रात्र के पहले दिन शैल पुत्री के रुप में पूजा का विधान है माता का ये स्वरुप सती पर्वती, दुर्गा, अपर्णा, गौरी, महेश्वरी और शिवांगी जैसे अनेकानेक नाम से लोक प्रिय है। क्षेत्र के गांव भदरस की मॉ भद्रकाली, बिरहर स्थित काली देवी एंव ज्वाला देवी बेहटा गंम्भीरपुर (साढ़) में भी दिन भर भक्तों की भीड़ माता के जयकारों के बीच उमड़ती रही तथा तमाम गांवों में माता की मूर्ति स्थापना के साथ जगरण के कार्यक्रम हुए। उधर घाटमपुर नगरीय क्षेत्र में बिश्व हिन्दू परिषद के लोगों ने भगवान श्रीराम, माता सीता एंव भाई लक्ष्मण के स्वरुपों की झांकी निकली।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न



**हमीरपुर।** जिला प्रशासन एवं पत्रकारों के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने के उद्देश्य से जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। इस मौके पर सर्वप्रथम गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई तत्पश्चात विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।जनपद में पत्रकारों का उत्पीड़न संबंधी कोई समस्या नही प्राप्त हुई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए । एआरएम रोडवेज द्वारा बस कंडक्टर व परिचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देश दे दिए जाएं कि मान्यता प्राप्त पत्रकार के बस में आने पर तत्काल उनके लिए आरक्षित सीट खाली हो जाये । पत्रकारों को टोल टैक्स फ्री करने व रेलवे में पूर्व की भांति रियायती दर पर पास उपलब्ध कराने संबंधी मुद्दे पत्रकारों द्वारा उठाए गए।

## धर्म नगरी में भोर के सुर से हुआ नव संवत्सर का स्वागत



संघ के पदाधिकारी को सम्मानित करते महंत मदन गोपाल दास

**संवाददाता।** चित्रकूट

**नव** संवत्सर 2080 के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन चित्रकूट एवं संस्कार भारती जिला इकाई चित्रकूट के सहयोग से नवधा भक्ति रस पर आधारित कार्यक्रम नव संवत्सर महोत्सव का आयोजन मंदाकिनी के पावन तट राम घाट पर किया गया। इस मौके पर लोक व जनजातीय कला एवं संस्कृत संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सौजन्य से एक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पदम श्री से सम्मानित सुप्रसिद्ध लोक गायिका अजीता श्रीवास्तव मिर्जापुर के द्वारा भजन व देवी गीतों के साथ प्रस्तुत किए गए। जिसका रसास्वादन देश भर से पधारे हजारों श्रद्धालुओं ने आनंद से सराबोर होकर लिया।

कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के प्राध्यापक तथा संस्कार भारती जिला इकाई के कोषाध्यक्ष डॉक्टर रामखेलावन पांडेय ने राम नाम भजन एवं भक्त गीतों का भावपूर्ण गायन कर उपस्थित जनसमुदाय को भक्ति रस में गोते लगाने को विवश कर दिया। इससे पूर्व ब्रह्म मुहूर्त की बेला में नव संवत्सर महोत्सव का आयोजन 'भोर के सुर' किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के जीवन पर्यंत कुलाधिपति स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज द्वारा ऑनलाइन माध्यम से जनसमूह को संबोधित कर शुभकामनाएं प्रेषित करके किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम शास्त्रीय गायक मोहित तिवारी के द्वारा शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुतियां दी गई। इसके बाद जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के योग आचार्य जितेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा उपस्थित विशाल जनसमूह को योगाभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम के पश्चात सभी उपस्थित जनों ने सूर्योदय होने पर भगवान भास्कर को मां मंदाकिनी के पवित्र जल से अर्घ्य देकर नव संवत्सर 2080 का हृदय से अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास जी महाराज ने आशीर्वचन प्रस्तुत करते हुए यह कहा कि यह नव संवत्सर का पर्व सनातन धर्मावलंबियों के लिए शासक पर्व है।

## अवैध टिकट बेचने वाला जनसेवा केंद्र संचालक पुलिस हिरासत में

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद रेलवे पुलिस फोर्स आर पी एफ ने ट्रेनों की अबैध टिकटों की बिक्री करने वाले जन सेवा केंद्र के संचालक शोएब खान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने केंद्र से काफी संख्या में अवैध टिकटें बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन एवं अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फर्रुखाबाद आर पी एफ थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार ने आर पी एफ फतेहगढ़ के उप निरीक्षक प्रवीण कुमार सहायक उपनिरीक्षक रमेश कुमार के साथ छापे की रणनीति बनाई। पुलिस को मुख्यालय से प्राप्त संदिग्ध यूजर आईडी के उपयोग करने की महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। पुलिस टीम ने कोतवाली के मोहगा ग्राटगंज स्थित रिफ़ जनसेवा केंद्र पर छापा मारा। पुलिस ने जन सेवा केंद्र के संचालक मोहम्मद शोएब खान पुत्र महबूब खान निवासी ग्राटगंज 2-56 उम्र 29 वर्ष को हिरासत में लेकर व्यापक जांच पड़ताल की।

## आरएसएस ने मनाया वर्ष प्रतिपदा उत्सव



**कोंच,** जालौन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वर्ष भर में मनाये जाने वाले 6 प्रमुख उत्सवों में सबसे बड़े उत्सव के रूप में वर्ष प्रतिपदा का कार्यक्रम बुधवार को नगर संघ स्थल भारत माता मंदिर पर मनाया गया। संघ की स्थापना करने वाले प्रथम सर संघ चालक डॉ. केशवराम बलिराम हेडगेवार के जन्मदिवस, वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम में ध्वजारोहण के उपरांत कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक कमलेश जी ने उपस्थित स्वयंसेवकों के बीच अपने बौद्धिक में कहा कि वर्ष प्रतिपदा के दिन ही प्रथम सर संघ चालक का जन्म हुआ था। डॉ. हेडगेवार ने अपना सम्पूर्ण जीवन माँ भारती के लिए अर्पित कर दिया। उन्होंने भारतीय सनातनी हिंदू नव बर्ष की शुभकामनाएं देते हुए स्वयंसेवकों से राष्ट्र के पुनर्निर्माण में जुटने का आह्वान किया। संघ प्रार्थना चंद्रभान ने संपन्न करायी। कार्यक्रम के मुख्य शिक्षक नवीन रहे। शिवराम ने गण गीत प्रस्तुत किया। इससे पूर्व स्वयंसेवकों ने भारत माता सहित डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार व द्वितीय सर संघ चालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान भाविप नगर अध्यक्ष मयंक मोहन गुप्ता, नरसिंह बुंदेला, अरुण, अनुज, हिमांशु, सुमित, रामलखन, रामपाल, कुलदीप, प्रशांत, संजीव गर्ग, अबधेश पटेल सहित दर्जनों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## आरेडिका का स्टेडियम अब बना रानीज गर्ल्स हॉकी टर्फ



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में बने हॉकी स्टेडियम का नाम टोक्यो औलम्पिक 2020 के सेमीफाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की सभी महिला खिलाडियों और महिला प्रेरणा के लिए किए गए योगदान को सम्मान देने के लिए उनके नाम पर रानीज गर्ल्स हॉकी टर्फरखा गया एवं उनको समर्पित किया गया। इस हॉकी स्टेडियम को अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन एफआईएच द्वारा मार्च 2021 में मान्यता प्रदान की गयी । इसका निर्माण 2019 में लगभग 5 करोड की लागत से किया गया। इस स्टेडियम का नामकरण 80वें अखिल भारतीय रेलवे हॉकी मेन्स चैंपियनशिप 2023 के आयोजन के अवसर पर हुआ। जिसमें पदम्श्री रानी रामपालए आरेडिका के महाप्रबंधक पी के मिश्रा उपस्थित रहे।आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष संजय कुमार कटियार ने बताया कि, इस स्टेडियम का निर्माण इरकॉन द्वारा वर्ल्ड क्लास लेवल के मानकों पर किया गया है। एस्ट्रोटर्फ को नीदरलैण्ड टर्फ निर्माता कम्पनी मेसर्स ग्रीनफील्ड द्वारा आयतित किया गया। चैंपियनशिप के तीसरे दिन दो मैच खेले गये।

### छात्रों ने बना डाले एक दिन में 542 वेबसाइट

**लखनऊ।** जयपुर स्थित सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों के एक समूह ने एक ही दिन में अधिकतम संख्या में वेबसाइट बनाने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। हाल ही में छात्रों की टीम ने पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ते हुए केवल 24 घंटों में खेल, सामाजिक जागरूकता, ई.कॉमर्स और शिक्षा जैसे कई डोमेन में कुल 542 वेबसाइट बनाने के लिए अथक परिश्रम किया और छात्रों की इस उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह मिली।इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए विश्वविद्लाय के अध्यक्ष डॉ अरुनान्शु हलधर ने कहा कि इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने के लिए हमें अपने छात्रों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। यह विश्व रिकॉर्ड उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और रचनात्मकता का एक वसीयतनामा है।

## ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य ने दिया नव वर्ष में विश्व के सनातनियों के नाम सन्देश

**वाराणसी।** बुधवार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तदनुसार (22 मार्च 2023 ई.) को काशी के केदार क्षेत्र में स्थित शङ्कराचार्य घाट पर 'परमाराध्य' परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामिश्री: अविमुक्तेश्वरानन्द: सरस्वती '1008' ने 'विश्व के समस्त सनातनधर्मियों के नाम अपना ऑडियो सन्देश' प्रकट किया जो उनके आधिकारिक वेबसाइट 1008.हनतन पर उपलब्ध है। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 'विद्याश्री धर्मार्थ न्यास' द्वारा शंकराचार्य घाट पर निरन्तर चलने वाले कार्यक्रम 'प्रातर्मङ्गलम् का वार्षिकोत्सव' मनाया गया। चारों पीठों के वर्तमान जगद्गुरु शङ्कराचार्यों के आशीर्वाद से सम्पोषित 'सनातनी पञ्चाङ्ग का विमोचन पुज्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीरू अविमुक्तेश्वरानप न्द-सरस्वती '1008' ने किया।राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो. शत्रुघ्न त्रिपाठी जी ना पिडगल नामक नव संवत्सर का वर्ष फल श्रवण कराया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जगदगुरुकुलम् के छात्रों द्वारा वैदिक मंगलाचरण से किया गया।तदुपरान्त प्रसिद्ध गायक श्रीकृष्ण कुमार तिवारी जी ने गणेश वन्दना प्रस्तुत की। उसके बाद उदीयमान भगवान् भुवन भास्कर को उपस्थित सभी वैदिक छात्रों व सनातनी समाज ने अर्घ्य प्रदान कर अपनी श्रद्धा अर्पित की।

## जिला जज और डीएम ने जेल, बालिका व बालगृह का किया गहन निरीक्षण



**गाजीपुर।** जनपद में जिला जज संजय कुमार.7ए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बुधवार को संयुक्त रुप से जिला जेल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार मे चिकित्सालयए महिला एंव पुरूष बैरकए रसोई घर का निरीक्षण किया। कारागार में लगाए गए सीसीटीवी की संचालन व्यवस्था की जॉच की। जिलाधिकारी ने कारागार चिकित्सालय मे भर्ती कैदियों से बीमारियो के संबंध मे पूछा तथा उनके खान.पान एवं साफसफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गईए इसके पश्चात बारी.बारी से सभी बैरको का निरीक्षण किया। बैरको मे बंदियों के कार्ड पर अगली पेशी के दिनांक को चेक किया गया। कारागार मे रसोई घर के निरीक्षण मे प्रत्येक दिन बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा मे मोबाइल का प्रवेश न होने पाए। इसके लिए रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जाए। इसके अतिरिक्त महिला बन्दी गृह मे दी जा रही सुविधाओ के बावत जानकारी ली।उसके उपरान्त जिला जज एवं जिलाधिकारी द्वारा स्वण् शिवपूजन पाठक बालिका गृह रस्तीपुर सैदपुरए पं0 भोलानाथ मिश्र बालगृह ;बालकद्ध बड़ागॉव सैदपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चो से पूछताछ की उनके समय पर नाश्ताए खान.पान की जानकारी ली। उन्होंने रसोई भी चेक किया। निरीक्षण दौरान जिला जज ने कहा कि प्रत्येक दिन की खाने की वस्तु का चार्ट मीनू दीवार पर लगा होना चाहिएए उन्होंने शौचालय में साफसफाई एवं हार्पिकए साबुनए हैण्डवाशए मच्छरों के लिए छिड़काव आदि की व्यवस्था करना सुनिश्चित करते हुए विशेष ध्यान दिया जाए।

## पर्यावरण व जल संरक्षण के संकल्प के साथ विद्यार्थी निखारेंगे अपनी प्रतिभा



**लखनऊ।** भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2080 के चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से जनविकास महासभा द्वारा विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव 2023 के शुरुआत की घोषणा जनविकास महासभा के जानकीपुरम विस्तार स्थित कार्यालय में की गई। इस दौरान जनविकास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी, जनविकास महासभा के शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी पर्यावरणविद प्रोफेसर डॉ अगम दयाल, संगठन मंत्री दिव्या शुक्ला शोभा फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप जयसवाल अंकेश सिंह सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ अमित सिकरवार, लक्ष्य जन कल्याण समिति के अध्यक्ष एसके बाजपेई,, जनविकास महासभा के पर्यावरण प्रदेश प्रभारी डॉ प्रणव मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस मौके पर विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव 2023 कार्यक्रम की घोषणा करते हुए महासभा के अध्यक्ष पंकज कुमार तिवारी ने बताया की यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को पर्यावरण जल संरक्षण के प्रति संकल्पित कर उन्हें शिक्षा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उनकी प्रतिभा को सबके सामने लाने का कार्य करेगा।

### आफलान लर्निंग सेंटरों के नेटवर्क में और विस्तार

**लखनऊ।** अनएकेडमी ने नई दिल्ली के जनकपुरी में अनएकेडमी सेंटर खोलने की घोषणा की है। दिल्ली में प्रतिभाशाली छात्रों की बड़ी संख्या है, ऐसे में यह ब्राण्ड के आफलान लर्निंग सेंटरों के बढ़ते नेटवर्क में एक और महत्वपूर्ण विस्तार है। नए सेंटर की ओपनिंग पर बात करते हुए विवेक सिन्हा, चीफ़आपरेटिंग आफिसरए अनएकेडमी ने कहा कि आज के दौर में लर्निंग के हाइब्रिड समाधानों की मांग तेज़ी से बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए हम देश भर में अनएकेडमी सेंटरों के नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। अनएकेडमी सेंटर छात्रों को आफलाईन क्लासेज़ उपलब्ध कराएंगे और उन्हें नीट. यूजीए आईआईटी जेईई एवं फाउन्डेशन कोर्स कैटेगरीज़ में शीर्ष पायदान के शिक्षकों के साथ जोड़ेंगे। आफलाईन क्लासेज़ अनएकेडमी के पढ़ाने के तरीकोंए सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी एवं प्रोडक्ट तथा आनलाईन सब्सक्रिप्शन के साथ व्यक्तिगत मेंटरशिप का अनुभव प्रदान करेंगी।

# रूसी ड्रोन हमला : यूक्रेन के छात्रावास में चार मरे

**एपी। कीव**

**रूस** ने बुधवार तड़के ड्रोन से हमला किया जिसमें कीव के पास एक छात्रावास में कम से कम चार लोग मारे गए। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के यूक्रेन की राजधानी से रवाना होने के कुछ ही घंटे बाद हमला किया गया। किशिदा यूक्रेन के प्रति समर्थन जताने आए थे।

उधर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग युद्ध को समाप्त करने के अपने प्रस्ताव पर चर्चा के बाद रूस से वापस हो गए। इस प्रस्ताव को पश्चिमी देशों ने बेकार बताकर खारिज कर दिया है।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन की राजधानी के दक्षिण में स्थित रझीश्चिव में रात में हुए ड्रोन हमले में एक हाई स्कूल और दो छात्रावास आंशिक रूप से तबाह हो गए। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि उस समय छात्रावास में कितने लोग मारे



गए। क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख एंड्रिल नेबितोव के अनुसार एक छात्रावास की पांचवीं मंजिल पर मलबे से 40 वर्षीय व्यक्ति के शव को निकाला गया। उन्होंने कहा कि 20 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और कुछ अन्य के बारे में पुष्टि नहीं हुई है।

यूक्रेन जनरल स्टाफ ने कहा कि यूक्रेन वायु सेना ने रूस द्वारा दागे गए 21 में से 16 ड्रोन को मार गिराया। इनमें से आठ को राजधानी के पास मार गिराया गया। अन्य ड्रोन खमेलनित्स्की प्रांत में गिरा दिए गए।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ट्वीट किया, 20 से अधिक ईरानी हत्यारे ड्रोन, मिसाइलों ने केवल एक रात में हमले किए। जब भी कोई मॉस्को में विश्व शांति की बात सुनने की कवायद चाहता है, इस तरह के आपराधिक हमलों के लिए एक और आदेश दे दिया जाता है।

जापान के प्रधानमंत्री और जी-7 समूह के अध्यक्ष फुमियो किशिदा ने मंगलवार को कीव का औचक दौरा किया और जेलेंस्की की सरकार को ऐसे समय में समर्थन जताया जब उनके एशियाई प्रतिद्वंद्वी शी ने पुतिन को समर्थन जताया।

किशिदा ने कीव की यात्रा के एक दिन बाद पोलैंड की यात्रा की और वहां के राष्ट्रपति मैटिअस्ज मोराविएकी से क्षेत्र की सुरक्षा व द्विपक्षीय संबंधों के बारे में बातचीत की। रूसी आक्रमण का सामना कर रहे पड़ोसी देश यूक्रेन को पोलैंड सैन्य, मानवीय और राजनीतिक मदद मुहैया करा रहा है।

किशिदा की यूक्रेन यात्रा देश के लिए भविष्य में जापान के समर्थन के लिहाज से बहुत सार्थक मानी जा रही है। यह बात जापान की सरकार के शीर्ष प्रवक्ता ने बुधवार को कही।

# पाक, अफगानिस्तान में 6.8 तीव्रता का भूकंप, 12 मरे

**भाषा। इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** में मंगलवार को 6.8 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए। इस भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में था और दोनों देशों में अब तक इसकी वजह से कम से कम 12 लोगों की मौत होने की पुष्टि हुई है जबकि 250 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदू कुश क्षेत्र में 180 किलोमीटर की गहराई में था। इस भूकंप को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई हिस्सों में भी महसूस किया गया।

विभाग के मुताबिक, पाकिस्तान में भूकंप के झटके लाहौर, इस्लामाबाद, रावलपिंडी, क्वेटा, पेशावर, लक्की मरवत, गुजरांवाला, गुजरात, सियालकोट, कोट मोमिन, मढ़ रांझा, चकवाल, कोहाट और गिलगित-बल्तिस्तान इलाकों में महसूस किए गए। टेलीविजन पर प्रसारित फुटेज के अनुसार लोग डर के कारण घरों से निकल कर सड़कों पर आ गए।

पेशावर में प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने ट्वीट किया कि खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में पांच पुरुष, दो महिलाओं और दो बच्चों



सहित नौ लोगों की मौत हो गई।


समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार, इस्लामाबाद में एक पुरुष और एबटाबाद में 13 साल की लड़की की मौत भूकंप आने के बाद दिल का दौरा पड़ने से हो गई। समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, भूकंप के कारण रावलपिंडी के बाजार में भगदड़ मच गई वहीं स्वात में करीब 200 लोग घायल हुए हैं, जहां अस्पतालों में आपात स्थिति घोषित कर दी गई है। भूकंप के झटके गिलगित-बल्तिस्तान (जीबी) के पहाड़ी क्षेत्र में भी महसूस किए गए, जिससे वहां भूस्खलन हुआ। हालांकि, तत्काल वहां किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। बचाव अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन से यासीन घाइजर में एक पशु पालन केंद्र क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे कुछ पशुओं की मौत हो गई।

सूत्रों ने बताया कि भूस्खलन के कारण जीबी के दियामेर जिले की सीमा के पास कोहिस्तान के हरबन क्षेत्र में काराकोरम राजमार्ग अवरुद्ध हो गया, जिससे कई लोग फंसे हुए हैं। इस्लामाबाद के पड़ोसी शहर रावलपिंडी में कई इमारतों में दरारें दिखीं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने आपदा प्रबंधन अधिकारियों को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है।

# शी को पुतिन और रूस में अमेरिका के प्रभाव का मुकाबला करने की संभावना दिखती है : अमेरिका

**भाषा। वाशिंगटन**

**व्हाइट** हाउस ने मंगलवार को कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग रूस और उसके राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन में दुनिया में अमेरिकी तथा उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के प्रभाव का मुकाबला करने की



संभावना देखते हैं। व्हाइट हाउस में रणनीतिक संचार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पुतिन रूस में चीन के राष्ट्रपति की मेजबानी कर रहे हैं।

किर्बी ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगता है कि आपने देखा होगा कि पिछले कुछ वर्षों में ए दोनों देश (चीन और रूस) करीब आ रहे हैं। मैं इसे गठबंधन नहीं कहूंगा... यह एक समझौते वाली शादी की तरह है, कम से कम मुझे तो ऐसा ही लगता है। राष्ट्रपति शी रूस और रूस के राष्ट्रपति पुतिन में महाद्वीप और दुनिया में अमेरिकी प्रभाव और नाटो के प्रभाव का सामना करने की संभावना देखते हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति पुतिन, राष्ट्रपति शी में एक संभावित समर्थक देखते हैं। इस शख्स के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक दोस्त नहीं हैं। वह केवल उनसे ही उम्मीद कर सकते हैं। वह जो करना चाहते हैं, उसमें उन्हें यकीनन राष्ट्रपति शी का समर्थन चाहिए...।


पुतिन और शी की बैठक का जिक्र करते हुए किर्बी ने कहा कि यूक्रेन पर दोनों पक्षों ने अभी कहा है कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए तथा अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, हम इससे सहमत हैं। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मुताबिक रूस को यूक्रेन के आतंरिक क्षेत्र से हट जाना चाहिए, क्योंकि वह संयुक्त राष्ट्र के एक अन्य देश का क्षेत्र है, जिस पर उसने आक्रमण किया है। किब्री ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका को नहीं लगता कि चीन ने रूस को घातक हथियार मुहैया कराने पर विचार करना छोड़ दिया है, लेकिन अभी वह उस राह पर आगे नहीं बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हमें ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि चीन आने वाले दिनों में रूस को घातक हथियार मुहैया कराने की तैयारी कर रहा है।

# शी चिनफिंग की रूस यात्रा शांति और दोस्ती के लिए : चीन

**एपी। बीजिंग**

**चीन** ने बुधवार को राष्ट्रपति शी चिनफिंग की रूस की यात्रा को मित्रता, सहयोग और शांति की यात्रा करार दिया और यूक्रेन को अमेरिका द्वारा हथियार मुहैया कराने की निंदा की। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने चीन के दावे को दोहराया कि यूक्रेन-रूस संघर्ष के मामले में वह तटस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि , चीन की यूक्रेन मुद्दे को लेकर कोई स्वार्थी मंशा नहीं है और आदर्श तौर पर इसके साथ नहीं है या इसे लाभ लेने के अवसर के तौर पर नहीं देख रहा है। वांग ने दैनिक प्रेस वार्ता में कहा, चीन एक शब्द में कहता है कि वह शांति वार्ता को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने अमेरिका पर निष्पक्षता में कमी और यूक्रेन को हथियार देकर अपने हित में संघर्ष को हवा देने का आरोप लगाया। गौरतलब है कि अमेरिका, नाटो और सहयोगी देश युद्ध के शुरुआत से ही यूक्रेन की मदद कर रहे हैं जबकि चीन सीधे तौर पर संलिप्त होने से बचते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को आर्थिक मदद कर रहा है।



चीन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, राष्ट्रपति शी चिनफिंग की रूस यात्रा दोस्ती, सहयोग और शांति के लिए थी जिसका सकारात्मक असर अंतरराष्ट्रीय समुदाय में हुआ है। उन्होंने कहा कि चीन यूक्रेन मुद्दे के राजनीतिक समाधान के लिए सकारात्मक भूमिका निभाना जारी रखेगा। वांग संभवत: बीजिंग द्वारा प्रेषित 12 सूत्रीय शांति प्रस्ताव का संदर्भ दे रहे थे जिसमें संघर्ष विराम और वार्ता का आह्वान किया गया है।

हालांकि, चीन द्वारा पेश इस प्रस्ताव को पश्चिमी देशों ने मोटे तौर पर खारिज कर दिया है क्योंकि बीजिंग मॉस्को का बहुत ही करीबी है और उसे तटस्थ मध्यस्थ के तौर पर नहीं देखा जाता है। साथ ही प्रस्ताव में यूक्रेन से रूसी सैनिकों की वापसी को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। गौरतलब है कि चीन के राष्ट्रपति के रूस दौरे के समय ही जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने यूक्रेन की यात्रा की जिसे अमेरिका का साझेदार और पूर्वी एशिया में चीन का सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। इस बीच, रूस ने मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को यूक्रेन पर श्रृंखलाबद्ध तरीके से ड्रोन हमले किए जिनमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और आधारभूत अवसंरचना को नुकसान पहुंचा।

यूक्रेन के संदर्भ में वांग ने कहा कि रूस और चीन इस बात पर सहमत है कि संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देश एकतरफा तरीके

**● बीजिंग ने यूक्रेन को अमेरिका द्वारा हथियार मुहैया कराने की निंदा की**

से अमेरिका और अन्य देशों द्वारा पुतिन और उनके वित्तीय समर्थकों द्वारा आर्थिक प्रतिबंध लगाने का विरोध करते हैं। चिनफिंग की रूस यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित संयुक्त घोषणा पत्र का संदर्भ देते हुए वांग ने कहा, दोनों पक्षों ने यूक्रेन संघर्ष के समाधान की ओर ध्यान आकर्षित कराया जिसके तहत सभी देशों की वैध सुरक्षा चिंता का सम्मान किया जाना चाहिए और संघर्ष समूह व विवाद को हवा देने से बचना चाहिए। वांग ने कहा, दोनों पक्षों ने जोर दिया कि संवाद मुद्दे का समाधान करने का सबसे बेहतरीन तरीका है।

# राष्ट्रपति बाइडन ने भारतीय-अमेरिकी अभिनेत्री मिंडी कलिंग को नेशनल मेडल ऑफ आर्ट्स पदक प्रदान किया

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह में कहानीकारों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए भारतीय-अमेरिकी अभिनेत्री और निर्माता मिंडी कलिंग एवं कई अन्य लोगों को प्रतिष्ठित नेशनल मेडल ऑफ आर्ट्स-2021 पदक प्रदान किया।

नेशनल मेडल ऑफ आर्ट्स पदक अमेरिकी सरकार द्वारा कलाकारों, कला संरक्षकों और समूहों को दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है, जो उन अनुकरणीय लोगों और संगठनों को दिया जाता है, जिन्होंने अमेरिका में कला को आगे बढ़ाया है और अपनी विशिष्ट उपलब्धियों से



दूसरों को प्रेरित किया है। अभिनेत्री को पदक प्रदान करते हुए बाइडन ने कहा कि कलिंग प्राइमटाइम सिटकॉम बनाने, लिखने और अभिनय करने वाली पहली अश्वेत महिला हैं। पुरस्कार समारोह में प्रथम महिला डॉ. जिल बाइडन, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और उनके पति मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि 43-वर्षीया अभिनेत्री अपनी कहानियों को बेबाकी और ईमानदारी के साथ पेश करके नई पीढ़ी को सशक्त बनाती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपित ने कहा, भारतीय प्रवासियों की बेटी, हम उनके बारे में जानते हैं, है ना? हमारी उपराष्ट्रपति (भी) भारतीय प्रवासी की बेटी हैं।

# पार्टीगेट को लेकर बोरिस जॉनसन से हो सकती है कड़ी पूछताछ

**एपी। लंदन**

**ब्रिटेन** के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वह अपने चर्चा में होने और उसकी वजह से खुश नहीं हैं। गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के दौरान नियमों का उल्लंघन करके सरकारी भवनों में हुई दावतों (पार्टी) के बारे में उन्होंने संसद को गुमराह किया है या नहीं इस मुद्दे पर बुधवार को सांसदों की एक समिति उनसे पूछताछ करने वाली है। वहीं, जॉनसन ने एक




बयान जारी करके कहा कि साक्ष्य स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि मैंने जानबूझकर या मनमाने तरीके से संसद को गुमराह नहीं किया। उन्होंने कहा, समिति ने एक भी ऐसा सबूत पेश नहीं किया है जो दिखाता हो कि मैंने ऐसे किया है। समिति द्वारा यह पूछताछ कई घंटे चलने की संभावना है, और इसे ऐसे राजनेताओं के लिए खतरे की घंटी माना जाता है जिनके करियर घोटालों को लेकर उतार चढ़ाव भरा रहा हो। अगर हाउस ऑफ कॉमन्स की विशेषाधिकार समिति इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि जॉनसन ने जानबूझकर झूठ बोला तो उन्हें निलंबित किया जा सकता है या फिर उन्हें संसद की अपनी सीट गंवानी पड़ सकती है। अगर समिति जॉनसन के खिलाफ निष्कर्ष पर पहुंचती है तो 58 वर्षीय राजनेता का राजनीतिक करियर समाप्त हो सकता है। गौरतलब है कि 2019 में जॉनसन के नेतृत्व में कंजरवेटिव पार्टी ने जीत हासिल की थी लेकिन जुलाई 2022 में उनकी पार्टी ने ही धन, नैतिकता और निर्णय संबंधी घोटालोविवादों के सामने आने के बाद उन्हें हटा दिया था।

# इजराइल ने अलेप्पो हवाई अड्डे पर हमला किया : सीरिया

**एपी। दमिश्क**

**इजराइल** ने बुधवार को सीरिया के उत्तरी शहर अलेप्पो में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को हवाई हमला कर निशाना बनाया, जिससे उसकी हवाईपट्टी को नुकसान पहुंचा है। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एक माह में दूसरी बार हवाई हमले का शिकार बने इस हवाईअड्डे का फिलहाल परिचालन बंद कर दिया गया है।

समाचार एजेंसी सना ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से कहा है कि इजराइल के युद्धक विमानों ने भूमध्य सागर के ऊपर से उड़ान भरते हुए अलेप्पो की ओर मिसाइल दागी। यह सीरिया का सबसे बड़ा शहर और



व्यावसायिक केंद्र है। खबर में इस हमले के लिए किसी कारण या हताहतों का कोई जिक्र नहीं किया गया है। सीरिया के नागरिक उड्डयन प्रमुख बसीम मंसूर ने बताया कि इस हमले में हवाई अड्डे की हवाईपट्टी क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण इसका परिचालन बंद कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि मरम्म्त की जा रही है और जल्दी ही हवाई अड्डे का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा।

ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जवेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा है कि हवाई अड्डे को निशाना बना कर किए गए इजराइल के हमले में पास में ही स्थित ईरान समर्थित मिलीशिया का हथियार डिपो नष्ट हो गया है।

तुर्किए तथा सीरिया में छह फरवरी को आए भूकंप के बाद देश में सहायता पहुंचाने के लिए यह हवाई अड्डा प्रमुख माध्यमों में से एक है।

गौरतलब है कि छह फरवरी को आए भूकंप में 50,000 से अधिक लोग मारे गए थे, जिनमे से छह हजार से अधिक लोग सीरिया के थे। हवाई अड्डे पर इस महीने की शुरूआत में सात मार्च को भी हवाई हमला किया गया था जिसके बाद कई दिनों तक इसका परिचालन बंद रहा था।

# उत्तर कोरिया ने कई क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया : दक्षिण कोरिया

**एपी। सियोल (दक्षिण कोरिया)**

**दक्षिण** कोरिया का कहना है कि उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी जल क्षेत्र में कई क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है।

उत्तर कोरिया ने तीन दिन पहले एक बैलिस्टिक मिसाइल दागकर दक्षिण कोरिया पर कृत्रिम परमाणु हमला किया था। अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेना द्वारा पिछले सप्ताह व्यापक स्तर पर सैन्य अभ्यास शुरू करने के बाद से उत्तर कोरिया कई हथियारों का परीक्षण कर चुका है। उत्तर कोरिया इस सैन्य अभ्यास को युद्ध के लिए पूर्वाभ्यास करार देता है, जबकि अमेरिका और दक्षिण कोरिया इन सैन्य अभ्यासों को रक्षात्मक उपायों को बढ़ाने की कवायद कहते हैं। अमेरिका और दक्षिण कोरिया का 11 दिवसीय सैन्य अभ्यास बृहस्पतिवार को समाप्त हो रहा है। हालांकि उत्तर कोरिया की ओर से परीक्षण गतिविधियों को जारी रखे जाने की संभावना है, क्योंकि अमेरिका आने वाले दिनों में दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त अभ्यास के एक और दौर के लिए एक विमान वाहक पोत भेजने की योजना बना रहा है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया कि उत्तर कोरिया ने पूर्वोत्तर तटीय शहर हमहूंग से कई क्रूज मिसाइल दागी। ए मिसाइलें उत्तर कोरिया के पूर्वी जल क्षेत्र में गिरीं। दक्षिण दक्षिण कोरिया और अमेरिका के खुफिया अधिकारी प्रक्षेपण के बारे में और जानकारी हासिल कर रहे हैं।

# इराक पर अमेरिकी आक्रमण का सबसे ज्यादा फायदा कुर्दों को हुआ

**एपी। इरबिल**

**उत्तरी** इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र में स्थित इरबिल में राजमार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में मैकमैंशन (अमेरिका में बड़े पैमाने पर बनाई जाने वाली आलीशान कोठियां), फास्टफूड रेस्तरां, रियल एस्टेट दफ्तर और अर्ध निर्मित बहुमंजिला इमारतें नजर आती हैं।

अमेरिकन विलेज के नाम से मशहूर इस उपनगरीय इलाके में राजनीति और कारोबार जगत के कई दिग्गज रहते हैं। यहां के घर औसतन 50 लाख डॉलर में बिकते हैं और इनके हरे-भरे बगीचे कितने बड़े हैं, इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वे गर्मियों में दिनभर में लगभग दस लाख लीटर पानी सोख लेते हैं। हालांकि, यह दृश्य 20 साल पहले के मंजर से बहुत अलग है। उस समय इरबिल एक पिछड़ी प्रांतीय राजधानी हुआ करता था, जहां कोई हवाईअड्डा तक नहीं था। 2003 में इराक पर अमेरिकी आक्रमण के बाद इरबिल की तस्वीर तेजी से बदली। विश्लेषकों का कहना है कि सद्दाम हुसैन को सत्ता से बेदखल करने वाले इस आक्रमण से सबसे ज्यादा फायदा इराकी कुर्दों, खासतौर पर कुर्द राजनेताओं को हुआ। हालांकि, ज्यादातर सामान्य कुर्दों के लिए स्थितियां अब भी लगभग पहली जैसी हैं। भ्रष्टाचार, दो प्रमुख कुर्द दलों के बीच सत्ता संघर्ष और इरबिल व बगदाद (इराकी राजधानी) में तनातनी के कारण उन्हें ज्यादा फायदा नसीब



नहीं हो सका है।

इराक पर अमेरिकी आक्रमण से देश के ज्यादातर हिस्सों में कोहराम मच गया था। अमेरिकी बलों की कट्टरपंथियों से निपटने की जद्दोजहद के बीच कई राजनीतिक और सांप्रदायिक समुदायों में बगदाद में सरकार बनाने की जोर आजमाइश दिखी। लेकिन, अमेरिका के कट्टर सहयोगियों के रूप में देखे जाने वाले कुर्दों ने इस दौरान अपनी राजनीतिक स्थिति को मजबूत किया और बड़े पैमाने पर विदेशी निवेश जुटाया।

इरबिल ने देखते ही देखते एक तेल-आधारित उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी पहचान बना ली। दो साल बाद वहां तुर्किए की वित्तीय मदद से एक घरेलू वाणिज्यिक हवाईअड्डे का निर्माण किया गया। कुछ साल बाद इरबिल के पास अपना एक अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा भी हो गया। वाशिंगटन इंस्टीट्यूट थिंकटैंक में फेलो बिलाल वहाब कहते हैं, कुर्द पारंपरिक तौर पर खुद को पीड़ित बताते आए हैं और उनकी ढेरों शिकायतें रही हैं , लेकिन 2003 के बाद के इराक में कुर्दों की कहानी बदल गई है। उनके हाथों में सत्ता की डोर है और वे सशक्त हो गए हैं।

प्रथम विश्व युद्ध के बाद ओटोमन साम्राज्य के पतन के साथ 1920 की सेव्रेस संधि में कुर्दों से एक स्वतंत्र कुर्द राष्ट्र की स्थापना का वादा किया गया था। लेकिन, संधि को कभी मान्यता नहीं दी गई और न ही कुर्दिस्तान की स्थापना की गई। तब से ईरान, इराक और तुर्किए में कुर्द विद्रोही सरकार के खिलाफ सक्रिय हैं। वहीं, सीरिया में कुर्दों ने तुर्किए समर्थित बलों से लड़ाई लड़ी है। इराक में कुर्द क्षेत्र ने 1991 में उस समय स्वायत्ता हासिल कर ली, जब अमेरिका ने सद्दाम द्वारा कुर्द विद्रोहियों के क्रूर दमन के खिलाफ उसे (कुर्द क्षेत्र को) उड़ान-निषिद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया। इराक में सद्दाम युग के अंत के बाद पहली सरकार में विदेश मंत्री का पद संभालने वाले कुर्दिस्तान डेमोक्रेटिक पार्टी (केडीपी) के वरिष्ठ पदाधिकारी होशियार जबारी कहते हैं, हमने अपनी खुद की संस्थाएं बना ली थीं, संसद से लेकर सरकार तक।

# स्कॉटलैंड यार्ड की समीक्षा में संस्थागत नस्लवाद होने की बात सामने आई

**भाषा। लंदन**

**स्कॉटलैंड** यार्ड की मंगलवार को जारी एक नई समीक्षा में ब्रिटेन के सबसे बड़े पुलिस बल में संस्थागत नस्लवाद, लिंग आधारित भेदभाव और समलैंगिकों के प्रति पूर्वाग्रह होना सामने आने का उल्लेख किया गया है।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस सेवा के व्यवहार और आंतरिक संस्कृति के मानकों में बैरोनेस केसी रिव्यू का निष्कर्ष है कि बल लंदनवासियों के साथ कदम से कदम मिलाकर नहीं चल पा रहा और वह अपनी क्षमताओं में जनता का विश्वास खो चुका है। बैरोनेस लुईस केसी द्वारा सालभर की स्वतंत्र जांच के प्रमुख निष्कर्षों से पता चलता है कि कैसे साक्ष्य नष्ट होने के कारण बलात्कार के मामले खारिज हो गए, महिला अधिकारियों को धमकाया गया और मुस्लिम




अधिकारियों को लक्षित किया गया।

समीक्षा में कहा गया है, हमने बल में संस्थागत नस्लवाद, लिंग के आधार पर भेदभाव और समलैंगिकों के प्रति पूर्वाग्रह पाया।

उसने कहा, ऐसी कई घटनाएं हुई हैं जिसमें सिख अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। एक अधिकारी ने अपनी दाढ़ी कटवा दी क्योंकि एक अन्य अधिकारी ने सोचा कि यह विचित्र है। एक अन्य अधिकारी ने अपनी पगड़ी जूते के डिब्बे में रख दी क्योंकि उन्हें लगा कि यह अजीब है। जब तक हम अपने अधिकारियों को शिक्षित नहीं करते, ऐसा होगा।

रिपोर्ट में पाया गया कि यौन अपराध के मामलों की जांच कर रहे मेट्रोपॉलिटन पुलिस अधिकारियों को पीड़ितों के बलात्कार किट सहित सबूतों से भरे, जीर्ण-शीर्ण या टूटे हुए फ्रिज और फ्रीजर की समस्या जूझना पड़ता है। एक फ्रीजर पिछले साल की गर्मी के दौरान खराब हो गया और सारे सबूतों को नष्ट करना पड़ा क्योंकि यह अब इस्तेमाल नहीं किया जा सकता था ... और इसका तात्पर्य यह था कि कथित बलात्कार के उन सभी मामले खारिज हो जाएंगे। केसी ने कहा, जनता के तौर पर पुलिस से खुद की सुरक्षा करवाना हमारा काम नहीं है। जनता के रूप में हमें सुरक्षित रखना पुलिस का काम है। अब तक बहुत से लंदनवासियों ने ऐसा करने को लेकर पुलिसिंग में विश्वास खो दिया है। ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने कहा कि यह स्पष्ट है कि मेट्रोपॉलिटन पुलिस में संस्कृति और नेतृत्व की गंभीर विफलताएं हुई हैं और बल की संस्कृति में आमूल चूल परिवर्तन की आवश्यकता है। अभी बहुत कुछ करना बाकी है और अयोग्य अधिकारियों को बाहर करने का मतलब है कि आगे अस्वीकार्य मामले सामने आएंगे। मेट्रोपॉलिटन पुलिस आयुक्त सर मार्क राउली ने कहा कि रिपोर्ट शर्म और गुस्से की भावनाओं को जगाती है, लेकिन इसने उनके संकल्प को भी बढ़ाया है।

# दूरसंचार प्रौद्योगिकी का निर्यातक बनने की ओर बढ़ रहा भारत

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 5जी के आने के छह महीने के भीतर भारत ने 6जी को लेकर जो पहल की है उससे देश के आत्मविश्वास का पता चलता है। मोदी ने बुधवार को 6-जी दृष्टिकोण पत्र (टीआईजी-6जी) का अनावरण करते हुए कहा कि कभी भारत दूरसंचार प्रौद्योगिकी का सिर्फ उपभोक्ता होता था, आज यह तेजी से इसका बड़ा निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा, 5-जी प्रौद्योगिकी शुरू होने के छह महीने के भीतर हम 6-जी के बारे में बात कर रहे हैं। यह देश के विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, आज हम दृष्टिकोण पत्र लेकर आए हैं, जो 6जी प्रौद्योगिकी की शुरुआत का बड़ा आधार बनेगा।

दूरसंचार विभाग की तरफ से जारी दृष्टिकोण पत्र में कहा गया है कि 5जी प्रौद्योगिकी 40-1,100 एमबीपीएस की गति का वादा करती है और इसकी अधिकतम रफ्तार 10,000 एमबीपीएस तक जा सकती है। वहीं 6जी प्रति सेकंड एक टेराबिट की गति की पेशकश करेगी। यह 5जी की रफ्तार से 1,000 गुना अधिक है। मोदी ने अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) के नए क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केंद्र का बुधवार को उद्घाटन किया। क्षेत्रीय कार्यालय पूरी तरह से भारत द्वारा वित्तपोषित है। यह सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) भवन स्थित है। उन्होंने कहा कि यह आईटीयू कार्यालय देश में 6जी के लिए सही परिवेश बनाने में मदद करेगा।

मोदी ने कहा, 4-जी से पहले भारत केवल दूरसंचार प्रौद्योगिकी का उपयोगकर्ता था, लेकिन अब भारत इस प्रौद्योगिकी का बड़ा निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में सफलतापूर्वक विकसित की गई प्रौद्योगिकी पर दुनियाभर की नजर है। भारत के पास दो मुख्य शक्तियां- भरोसा और पैमाना है। मोदी ने कहा, भरोसे और पैमाने के बिना हम प्रौद्योगिकी को हर नुक्कड़ और कोने तक नहीं ले जा सकते हैं। मेरा मानना है कि विश्वास वर्तमान प्रौद्योगिकी के लिए एक उपसर्ग (शुरुआत) है। सस्ते स्मार्टफोन और सस्ते डेटा ने भारत का कायापलट कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में डिजिटल भुगतान, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, जनधन, आधार, ब्रॉडबैंड सेवाओं के तेजी से विस्तार के साथ आदि बड़े पैमाने पर डिजिटल समावेशन हुआ है।

मोदी ने कहा, दूरसंचार प्रौद्योगिकी भारत में सत्ता का सिर्फ एक तरीका नहीं बल्कि यह सशक्तीकरण का एक उद्देश्य है। भारत की दूरसंचार सफलता की कहानी की चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 2014 में 25 करोड़ से बढ़कर 85 करोड़ हो गई है, जिसमें अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा ने शहरी केंद्रों को पीछे छोड़ दिया है। यह दर्शाता है कि देश के कोने-कोने में डिजिटल शक्ति की पहुंच है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार और निजी क्षेत्र ने मिलकर 25 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर बिछाया है। इसमें लगभग दो लाख ग्राम पंचायतों को जोड़ना शामिल है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि आने वाले दिनों में भारत 100 नई 5-जी प्रयोगशालाओं की स्थापना करेगा। प्रयोगशालाएं भारत की अनूठी जरूरतों के अनुसार 5-जी एप्लिकेशन विकसित करने में मदद करेंगी।

मोदी ने कहा कि भारत सबसे तेज गति से 5जी मोबाइल प्रौद्योगिकी शुरू करने वाले देशों में से है। उन्होंने कहा कि 5-जी शुरू होने के 120 दिन के भीतर सेवाओं का विस्तार 125 शहरों में किया गया है। इस बात पर जोर देते हुए कि भारत का दूरसंचार और डिजिटल मॉडल सुचारू, सुरक्षित, पारदर्शी और भरोसेमंद है, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दशक टेकेड है। मोदी ने 6-जी अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) केंद्र की भी शुरुआत की। कॉल बिफोर यू डिग ऐप की भी शुरुआत की। आईटीयू, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष संस्था है। इसका मुख्यालय जिनेवा में है। यह क्षेत्रीय कार्यालयों, आंचलिक कार्यालयों और प्रदेश कार्यालयों का एक नेटवर्क है।

# लोकसभा में इसी सप्ताह बजट संबंधी कामकाज पूरा करना चाहती है सरकार

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान और अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच कराने के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग पर संसद में जारी गतिरोध के बीच सरकार लोकसभा में इसी सप्ताह बजट प्रक्रिया को पूरा कराना चाहती है। लोकसभा की कार्यसूची के अनुसार, 23 मार्च की लोकसभा की कार्यसूची में वर्ष 2023-24 के लिए रेल मंत्रालय, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्रालय, जनजातीय कार्य मंत्रालय, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों को चर्चा एवं मतदान के लिए रखने का प्रस्ताव किया गया है।

निचले सदन की कार्यसूची के अनुसार, बृहस्पतिवार को ही शाम छह बजे वर्ष 2023-24 के लिए केंद्रीय बजट के संबंध में अनुदान की बकाया मांगों को सदन की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि 23 मार्च को ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण प्रस्ताव करेंगी कि वित्त वर्ष 2023-24 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में से राशियों के संदाय और विनियोग को अधिकृत करने वाले विनियोग विधेयक 2023 पर विचार किया जाए। लोकसभा की 24 मार्च की कार्यसूची में कहा गया है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण प्रस्ताव करेंगी कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार की वित्तीय प्रस्थापनाओं को प्रभावी करने वाले वित्त विधेयक 2023 पर विचार किया जाए और उन्हें पारित किया जाए।

गौरतलब है कि 31 मार्च तक संसद को वित्त वर्ष 2023-24 से जुड़ी बजट प्रकियाओं को पूरा कर लेना है। ज्ञात हो कि भारत के लोकतंत्र के बारे में राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्य कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष से माफी मांगने की मांग कर रहे हैं और कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने पर जोर दे रहे हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के अपने अपने रुख पर अड़े रहने के कारण बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरूआत के बाद से अब तक कामकाज बाधित रहा है। यद्यपि हंगामे के बीच लोकसभा में मंगलवार को जम्मू कश्मीर के सामान्य बजट तथा वर्ष 2022-23 की अनुदान की अनुपूरक मांगों को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया गया था। संसद में गतिरोध दूर करने के लिए उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ तथा लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को सभी दलों के नेताओं की अलग अलग बैठक बुलाई थी। हालांकि इस बैठक में सदन में जारी गतिरोध को दूर करने पर आम सहमति नहीं बन सकी।

# राकांपा प्रमुख शरद पवार ने विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई

भाषा। नई दिल्ली

**अगले वर्ष** होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए विपक्षी एकता की चर्चा के बीच, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने साझा हित और ईवीएम के प्रभाव से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए बृहस्पतिवार को विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं को यहां आमंत्रित किया है। सूत्रों ने बताया कि बैठक शाम छह बजे होगी। पवार ने माना है कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के हित में, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के सटीक होने की आवश्यकता है और उसके कथित दुरुपयोग से संबंधित किसी भी संदेह को मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा दूर किया जाना चाहिए।

पवार ने विपक्षी नेताओं को लिखे अपने पत्र में कहा कि विशेषज्ञों ने कहा है कि चिप वाली किसी भी मशीन को हैक किया जा सकता है और हम लोकतंत्र को अनैतिक तत्वों द्वारा बंधक बनाने नहीं दे सकते। इसलिए, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के हित में, हमें एकसाथ बैठना चाहिए और प्रख्यात आईटी पेशेवरों और क्रिप्टोग्राफर द्वारा व्यक्त किए गए विचारों को सुनना चाहिए।

पवार के कद को देखते हुए कई विपक्षी दलों के नेताओं के इस बैठक में शामिल होने की संभावना है। यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब भाजपा के साथ मुकाबले के लिए विपक्षी दलों में एकता के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने हाल के दिनों में इस दिशा में कुछ प्रयास किए हैं। कांग्रेस का कहना है कि उसके बिना कोई विपक्षी गठबंधन संभव नहीं हो सकता, क्योंकि वह राष्ट्रव्यापी दल है।



नई दिल्ली में कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा को पद्म विभूषण प्रदान करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## महबूबा मुफ्ती ने जम्मू कश्मीर में शारदा देवी मंदिर खोले जाने का स्वागत किया

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के नजदीक शारदा देवी मंदिर खोले जाने का बुधवार को स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने भारत और पाकिस्तान के बीच कारोबार बहाल होने की उम्मीद भी जताई। महबूबा ने संवाददाताओं से कहा, यह बहुत ही अच्छा है। हम हमेशा से कहते आए हैं कि संबंधों को बनाए रखने, लचीला रुख रखने और विवादों का समाधान करने की जरूरत है। शारदा देवी मंदिर को खोलना अच्छी बात है। कश्मीरी पंडित भी इस मंदिर को दोबारा खुलवाना चाहते थे। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उत्तरी कश्मीर के करनाह सेक्टर में ऑनलाइन माध्यम से माता शारदा देवी मंदिर का उद्घाटन किया था।

## क्विक न्यूज

### नगा शांति वार्ता बेतुकी हो चुकी है : एनएससीएन-आईएम

**दीमापुर।** उग्रवादी संगठन एनएससीएन-आईएम ने मंगलवार को केंद्र पर निशाना साधते हुए दावा किया कि इस समय जारी नगा शांति वार्ता पूरी तरह बेतुकी हो गई है। नगा विद्रोहियों ने कहा कि उन्हें लगता है कि सरकार का रवैया गंभीर नही है और इस वजह से दोनो पक्षो के बीच अविश्वास पनप रहा है। संगठन के अध्यक्ष क्यू तुक्कू ने मंगलवार को हेब्रॉन में अपने मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा, केंद्र-एनएससीएन (आईएम) वार्ता में कोई गंभीरता नही है और कथनी-करनी मे अंतर है। विश्वास की कमी आई है। एनएससीएन-आईएम के साथ 1997 में संघर्ष विराम समझौते के बाद पिछले कई वर्ष से नगा शांति वार्ता जारी है। समझौते के बाद 2015 में एक रूपरेखा करार पर दस्तखत किए गए थे जो अंतिम शांति समझौते का पूर्व प्रारूप है। दोनों पक्षों के बीच गतिरोध का मुख्य विषय एक अलग झंडा होने और भारतीय संविधान में शांति समझौते की गारंटी देने वाला एक अध्याय होने की नगा लोगों की मांग है। शांति वार्ता को केंद्र संभाल रहा है, उसके बावजूद एनएससीएन-आईएम ने पूरी प्रतिबद्धता और दृढ़संकल्प के साथ वार्ता को आगे बढ़ाया है। तुक्कू ने कहा, जब नगा लोगों के ऐतिहासिक और राजनीतिक अधिकारों को बचाने की बात हो तो कोई बलिदान बहुत बड़ा नही है। यह केंद्र सरकार पर निर्भर करता है कि वह मिलकर काम करे और खोए हुए आधार को वापस पाए।

### सेना ने राशन में श्रीअन्न के इस्तेमाल की दोबारा शुरुआत की

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने जवानों के राशन में श्री अन्न (मिलेट्स) आटे की शुरुआत की है ताकि पोषण से भरपूर मोटे अनाज की खपत को बढ़ाया जा सके। सेना ने करीब पांच दशक पहले गेहूं के आटे की वजह से मोटे अनाज का इस्तेमाल बंद कर दिया था। सेना ने बुधवार को यहां जारी बयान मे कहा कि यह फैसला सैनिकों को स्थानीय और पांरपरिक अनाज की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। सेना ने बताया, संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के आलोक में श्री अन्न के उपभोग को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना ने मोटे अनाज के आटे की शुरुआत सैनिकों के लिए की है। यह जवानों को स्थानीय और पांरपरिक अनाज की आपूर्ति करने का ऐतिहासिक फैसला है जिसे करीब पांच दशक पहले गेहूं के आटे की वजह से बंद कर दिया गया था। बयान के मुताबिक, पांरपरिक रूप से श्री अन्न से बने व्यंजन सेहत के लिए लाभदायक साबित हुए है और हमारी भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियो के अनुकूल है।

### पटाखा कारखाने में आग लगने से नौ मजदूरों की मौत

**कांचीपुरम (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के कांचीपुरम में बुधवार को पटाखा बनाने वाले एक कारखाने मे हुए विस्फोट मे नौ कर्मचारियों की मौत हो गई और कम से कम 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जब कर्मचारी पटाखे बनाने और भंडारण से संबंधित काम मे लगे थे तभी एक विस्फोट हुआ, जिसके बाद आग लग गई। आग लगने से नौ मजदूरों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। विस्फोट के कारण निर्माण-एवं-भंडारण इमारत ढह गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और उल्लंघनों की पहचान की गई है। उन्होंने बताया कि घायलो का विभिन्न अस्पतालो मे इलाज चल रहा है।

### ममता बनर्जी ने पुरी में बंगाल निवास के लिए जमीन चुनी, जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना भी की

**पुरी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य से पुरी आने वाले आगंतुकों के ठहरने के वास्ते बंगाल निवास के निर्माण के लिए बुधवार को यहां श्री जगन्नाथ मंदिर के पास एक भूखंड का चयन किया। पुरी-ब्रह्मागिरि मार्ग पर गिराला मे यह जमीन 12वी सदी के मंदिर से 20 मिनट की दूरी पर है। उन्होंने कहा कि लाखों बंगाली हर साल पुरी आते है और इनमें से कई लोगों को रहने के लिए जगह तलाशने मे परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होने कहा, मै राज्य की अतिथि हूं, इसलिए मुझे विशेष सुविधा मिली, लेकिन बंगाल से जो पत्रकार आए थे, उन्हे मंगलवार को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। पुरी में और अधिक होटल एवं रहने के लिए कमरों के इंतजाम करने की आवश्यकता है। भूखंड देखने गईं बनर्जी के साथ ओडिशा के मुख्य सचिव पी. के. जेना, पुरी के जिलाधिकारी समर्थ वर्मा और अन्य अधिकारी मौजूद थे। बनर्जी ने कहा कि वह मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के समक्ष जमीन आवंटन का मुद्दा उठाएंगी। बनर्जी बृहस्पतिवार को पटनायक से मिलेंगी। इस बीच, उन्होने बुधवार को यहां श्री जगन्नाथ मंदिर मे पूजा की और विशाल ध्वज चढ़ाया, जिसे मंदिर के शीर्ष पर लगाया जाता है तथा उन्होंने सभी लोगो के कल्याण के लिए प्रार्थना की। बनर्जी शाम चार बजे मंदिर गईं और वहां भगवान जगन्नाथ, भगवान बलराम एवं देवी सुभद्रा के दर्शन किए। उनके पुजारी रामकृष्ण दसमोहपात्रा ने कहा, उन्होंने भीतर काठ के पास अकेले देवी-देवताओ के दर्शन किए। वह भगवान जगन्नाथ की भक्त हैं। उन्होंने बताया कि बनर्जी ने भीतर काठ के पास खड़े होकर आरती देखी। वह मुक्ति मंडप (धार्मिक पंडितों के बैठने के स्थान) भी गईं और वहां पंडितों का आशीर्वाद लिया।

## बिहार है भारत का सिरमौर, प्रतिष्ठा को पुनरस्थापित करने को संकल्पित हैं हमः गृह मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को बिहार दिवस पर राज्य को भारत का सिरमौर करार दिया और राज्यवासियों की खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस राज्य की प्रतिष्ठा, संपन्नता और वैभव को पुनर्स्थापित करने के लिए संकल्पित है। बिहार की जनता को बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए एक ट्वीट में उन्होंने कहा, प्राचीन काल से ही बिहार भारतवर्ष की शिक्षा और नीतियों का केंद्र रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में हम भारत के इस सिरमौर की प्रतिष्ठा, संपन्नता और वैभव को पुनर्स्थापित करने के लिए संकल्पित हैं। प्रदेशवासियों की निरंतर खुशहाली की कामना करता हूं। बिहार दिवस हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है। वर्ष 1912 में इसी दिन बंगाल प्रांत से अलग होकर बिहार एक स्वतंत्र राज्य के रूप में अस्तित्व में आया था।

# शाह ने नियंत्रण रेखा के निकट माता शारदा देवी मंदिर का उद्घाटन किया

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के करनाह सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास माता शारदा देवी मंदिर का वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन किया और कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना केंद्र शासित प्रदेश को अपनी पुरानी परंपराओं, संस्कृति और गंगा-जमुनी तहजीब की ओर वापस ले जा रहा है। शाह ने कहा कि मंदिर का खुलना नई सुबह की शुरुआत है और शारदा संस्कृति को पुनर्जीवित करने का प्रयास है। माता शारदा मंदिर को हमारे नए साल के शुभ अवसर पर भक्तों के लिए खोला जा रहा है। यह देश भर के भक्तों के लिए एक शुभ संकेत है। माता शारदा का आशीर्वाद अब आने वाली सदियों तक पूरे देश पर रहेगा।

केंद्रीय मंत्री ने अफसोस जताया कि वह उस स्थान पर सशरीर मौजूद नहीं रह सके। हालांकि उन्होंने जम्मू एवं कश्मीर के अपने अगले दौरे पर मंदिर जाने का वादा जरूर किया।

उन्होंने कहा, जब भी मैं जम्मू एवं कश्मीर जाऊंगा, मैं माता शारदा देवी मंदिर में माथा टेककर अपनी यात्रा शुरू करूंगा। शाह ने कहा कि यह एक नई सुबह की शुरुआत है जो माता शारदा देवी के आशीर्वाद और नियंत्रण रेखा के दोनों ओर नागरिक समाज सहित लोगों के संयुक्त प्रयासों से संभव हुई है। उन्होंने कहा, मैं शारदा बचाओ समिति के अध्यक्ष रविंद्र पंडित को इतने वर्षों के संघर्ष के लिए अपनी शुभकामनाएं और आभार व्यक्त करता हूं, जिसका फल अब मिला है... यह कदम सिर्फ एक मंदिर का जीर्णोद्धार नहीं है, बल्कि शारदा संस्कृति को पुनर्जीवित करने के प्रयास की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि शारदा पीठ को एक समय भारतीय उपमहाद्वीप में शिक्षा का केंद्र माना जाता था। करतारपुर गलियारे की तर्ज पर नियंत्रण रेखा के पार शारदा पीठ खोलने की पंडित की मांग का जिक्र करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र निश्चित रूप से इस पर प्रयास करेगा।

# एसएम कृष्णा, कुमार मंगलम बिरला को पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एस एम कृष्णा, जाने माने उद्योगपति कुमार मंगलम बिरला, प्रसिद्ध पार्श्व गायिका सुमन कल्याणपुर आदि को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके अलावा जाने माने शेयर बाजार निवेशक राकेश झुनझुनवाला को मरणोपरांत पद्म श्री दिया गया। उनका निधन पिछले वर्ष हो गया था। राष्ट्रपति भवन द्वारा किए गए ट्वीट के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एस एम कृष्णा को पद्म विभूषण प्रदान किया। वे कांग्रेस नीत संप्रग सरकार में विदेश मंत्री थे और बाद में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे।

जाने माने वास्तुकार बालकृष्ण दोशी (मरणोपरांत) को भी पद्म विभूषण प्रदान किया गया। कुमार मंगलम बिरला, प्रोफेसर कपिल कपूर, आध्यात्मिक नेता कमलेश पटेल और सुमन कल्याणपुर को पद्म भूषण प्रदान किया गया।

कपूर जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में अंग्रेजी के प्रोफेसर रहे हैं। उन्हें उच्च शिक्षा के भारतीयकरण और उसे भारत की ज्ञान प्रणाली से जोड़ने की दिशा में प्रयासों के लिए जाना जाता है। पटेल ने दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केंद्रों में से एक कान्हा शांति वनम विकसित किया है। वहीं, सुमन कल्याणपुर ने चार दशक लंबे करियर में हिन्दी, मराठी और 11 अन्य भाषाओं में गीत गाए हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले गुमनाम हस्तियों को सम्मानित करने की पहल शुरू की थी। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए बैगा चित्रकारी की जानी मानी कलाकार जोधया बाई बैगा, छत्तीसगढ़ की पंदवाली एवं पंथी कलाकार उषा बारले, केरल के जनजातीय किसान रमण चेरूवयाल को पद्म श्री प्रदान किया गया। गुजरात की माता नी पेचडी कला को बढ़ावा देने के लिए भानूभाई चुन्नी लाल चैतरा तथा संकुराथरी फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी संकुराथरी चंद्रशेखर को पद्म श्री प्रदान किया गया।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के अलावा गृह मंत्री अमित शाह एवं कई अन्य केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 106 पद्म पुरस्कार प्रदान करने को मंजूरी दी थी। इनमें से 50 लोगों को बुधवार को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री प्रदान किए गए। पद्म पुरस्कर तीन श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं जिसमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं।

# पंजाब कांग्रेस का विस से बहिर्गमन, शिअद ने कहा-अमृतपाल के खिलाफ रासुका लगाना गलत

**चंडीगढ़ (भाषा)।** अलगाववादी अमृतपाल सिंह पर पुलिस की कार्वाई के बीच, कांग्रेस विधायकों ने बुधवार को पंजाब में कानून व्यवस्था के मुद्दे को लेकर विधानसभा से बहिर्गमन किया, जबकि अकाली दल ने मामले में सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाने की निंदा की। बजट सत्र के अंतिम दिन जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ, विपक्ष के नेता व कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने अध्यक्ष से उनकी पार्टी द्वारा कानून-व्यवस्था पर लाए गए स्थगन प्रस्ताव के बारे में पूछा। विधानसभा अध्यक्ष कुल्तार सिंह संधवान ने बताया कि प्रस्ताव नामंजूर कर दिया गया है। इस पर विरोध जताते हुए कांग्रेस के विधायक आसन के समक्ष पहुंचकर नारेबाजी करने लगे और बाद में सदन से बहिर्गमन किया। बाद में शून्यकाल के दौरान, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के विधायक मनप्रीत सिंह अयाली ने कहा कि राज्य में आतंक का माहौल बना दिया गया है। उनका इशारा अलगाववादी अमृतपाल सिंह और उसके संगठन वारिस पंजाब दे के सदस्यों के खिलाफ पुलिस कार्वाई की ओर था।

गौरतलब है कि शनिवार को पंजाब पुलिस द्वारा अमृतपाल और उसके संगठन के सदस्यों के खिलाफ चलाए गए विस्तृत अभियान के बाद से अलगाववादी अमृतपाल फरार है जबकि उसके कुछ सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पंजाब पुलिस की एक टीम बुधवार को अमृतसर जिले में स्थित अमृतपाल सिंह के पैतृक गांव जल्लुपुर खेड़ा पहुंची और उसके परिवार के सदस्यों से मिली। सदन के भीतर कांग्रेस नेता बाजवा ने कानून-व्यवस्था पर पार्टी के स्थगन प्रस्ताव को नामंजूर किए जाने को गलत बताया। बाजवा ने अध्यक्ष से कांग्रेस सदस्यों को इस मुद्दे पर बोलने के लिए कुछ समय देने का अनुरोध किया, जिस पर अध्यक्ष ने जवाब दिया, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण है... पंजाब की जनता यह बर्दाश्त नहीं करेगी। जनता आपको देख रही है। इसके बाद कांग्रेस के सदस्य यह दावा करते हुए सदस्यों के निकास के पास एक कमरे में चले गए कि एक "बाहरी" मौजूद है, लेकिन उन्हें विधानसभा के कर्मचारियों ने रोक दिया।

इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने कहा कि कर्मचारियों को उनके कर्तव्य के निर्वहन में बाधा डालने की कोशिश करने वालों के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव पर विचार किया जा सकता है। शून्यकाल के दौरान शिअद विधायक अयाली ने आरोप लगाया कि कई सिख युवाओं को फर्जी मामलों में फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा, जो रासुका लगाया गया है, मैं समझता हूं कि वह पूरी तरह गलत है।

## आंबेडकर को समर्पित 75 फुट ऊंची ज्ञान की प्रतिमा बनाने की सरकार ने दी मंजूरी

**लातूर।** स्थानीय लोकसभा सदस्य सुधाकर श्रंगारे ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने लातूर शहर में डॉ. बी.आर. आंबेडकर को समर्पित 75 फुट ऊंची ज्ञान की प्रतिमा के लिए मंजूरी दे दी है। श्रंगारे ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में एक प्रस्ताव किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ने कहा कि मंगलवार को राज्य सरकार ने प्रतिमा और शहर में आंबेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण के संबंध में एक आदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि परियोजना के लिए 10 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। श्रंगारे ने पिछले साल आंबेडकर की प्रतिमा की 75 फुट की प्रतिकृति स्थापित की थी और कुछ संगठनों की मांग थी कि शहर में एक स्थाई प्रतिमा स्थापित की जाए। सांसद ने कहा कि परियोजना का शिलान्यास समारोह 14 अप्रैल को डॉ. आंबेडकर की जयंती पर आयोजित किया जाएगा।

# सेना में जेएजी पद पर भर्ती के लिए विवाहितों को अपात्र घोषित करना तर्कपूर्ण

भाषा। नई दिल्ली

**केन्द्र सरकार** ने सेना में विधि अधिकारी जज एडवोकेट जनरल (जेएजी) के पद पर नियुक्ति के लिए विवाहित लोगों को पात्रता से बाहर रखने की अपनी नीति का बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में बचाव करते हुए कहा कि यह मानदंड जनता और राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में लगाई गई तर्कपूर्ण पाबंदी है। इस पाबंदी को चुनौती देने वाली याचिका के जवाब में दाखिल अतिरिक्त हलफनामे में केन्द्र सरकार ने कहा कि 21 से 27 वर्ष आयु वर्ग के कैडेट को कमिशन देने (सेना में कमीशन करने) के लिए अविवाहित होने की शर्त सिर्फ भर्तीानियुक्ति और कमीशन होने से पहले के प्रशिक्षण तक की अवधि के लिए सीमित है और इस दौरान बहुत ज्यादा तनाव होता है और कठिन सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है और सफलता पूर्वक कमीशन होने से पहले विवाह पर पाबंदी लगाना अभ्यर्थियों और संगठन (सेना) दोनों के हित में है।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा और न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने केन्द्र के रूख पर जवाब दाखिल करने के लिए याचिकाकर्ता कुश कालरा को समय दिया है। उच्च न्यायालय ने पिछले साल केन्द्र से इस नीति के पीछे के कारणों को हलफनामा दायर करके स्पष्ट करने को कहा था और टिप्पणी की थी कि पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन देने से विवाहित अभ्यर्थियों पर पाबंदी लगा देने का कोई मतलब नहीं बनता है।

केन्द्र ने मार्च 2019 में दाखिल अपने हलफनामे में कहा था कि विवाह करने का अधिकार संविधान के जीवन के अधिकार के तहत नहीं आ सकता है और वैवाहिक स्थिति के आधार पर अभ्यर्थियों के साथ भेद-भाव नहीं किया जाता है। प्रशासन ने जनहित याचिका को खारिज करने का अनुरोध करते हुए कहा कि संविधान विवाह करने के अधिकार को मौलिक अधिकार नहीं मानता है।

केन्द्र ने ताजा हलफनामे में कहा कि भारतीय सेना पुरुषों और महिलाओं के साथ समान व्यवहार करती है और सेना के सभी कर्मियों को प्राथमिक सैन्य प्रशिक्षण के लिए समान पात्रता है और किसी भी प्रकार के प्रवेश के लिए अविवाहित शर्त समान है। हलफनामे में आगे कहा गया है, अविवाहित कैडेट एक बार जब अपना प्रशिक्षण पूरा कर लेता है और उसे कमीशन दे दिया जाता है तो, विवाह करने या उसके आगे की प्राकृतिक परिणाम जैसे गर्भधारण पर कोई पाबंदी नहीं है और तमाम सुविधाएं भी दी जाती हैं, लेकिन प्रारंभिक सैन्य प्रशिक्षण के दौरान, जोकि कम से कम एक साल चलता है, ऐसे प्रावधान संभव नहीं हैं।

जवाब में केन्द्र ने कहा है, चूंकि गर्भधारण और प्रसव (बच्चे को जन्म देना) महिलाओं का प्राकृतिक अधिकार माना जाता है, उसे इससे वंचित नहीं किया जा सकता है। ऐसे में एहतियाती शर्तों आदि जैसे नियमों को बनाते हुए महिला अभ्यर्थियों के हितों को भी ध्यान में रखा गया है।

केन्द्र ने हलफनामे में कहा है, वादी को जवाब देते हुए, पुरुष अधिकारियों के संबंध में बिना किसी पूर्वाग्रह के सम्मानपूर्वक सूचना दे रहे हैं कि प्रशिक्षण की कठोरता और सेवा के शुरूआती साल एक अधिकारी को प्रशिक्षण के दौरान विवाह करने या वैवाहिक जीवन से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने की अनुमति नहीं दी जाती है। केन्द्र ने अदालत को बताया कि प्रशिक्षण से तीन सप्ताह से ज्यादा की अनुपस्थिति की स्थिति में कैडेट का वह टर्म खराब हो जाता है और वह जूनियर टर्म में चला जाता है और ज्यादा समय की अनुपस्थिति होने पर उसे सेना से बाहर भी किया जा सकता है। मामले में अगली सुनवाई तक 17 जुलाई को होगी है।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 23 मार्च, 2023


# भारत तीसरा वनडे हारा, ऑस्ट्रेलिया ने कब्जाई सीरीज

## काम न आई विराट कोहली की फिफ्टी

**भाषा।** चेन्नई




**आस्ट्रेलिया** ने एडम जम्पा (45 रन देकर चार विकेट) और एशटन एगर (41 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारत को महत्वपूर्ण मौकों पर झटके देकर बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम वनडे में 21 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-। से अपने नाम की। भारतीय बल्लेबाजी फिर आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के दबाव में आ गई और चेपक की धीमी पिच पर लक्ष्य का पीछा करते हुए 49.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गई। विराट कोहली (54 रन, 72 गेंद, दो चौके, एक छक्का) का अर्धशतक भी भारत को हार से नहीं बचा सका।

आस्ट्रेलिया ने पहला वनडे पांच विकेट से गंवाने के बाद वापसी करते हुए लगातार दो वनडे में जीत दर्ज की। जम्पा ने भारत के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन किया। हार्दिक पंड्या के शानदार शुरूआती स्पैल और कुलदीप यादव की फिरकी ने आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर लगाम कसी लेकिन उसके पुछल्ले बल्लेबाजों ने 49 ओवर में सिमटने से पहले 269 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में मदद की। कप्तान रोहित शर्मा (30 रन) और शुभमन गिल (37 रन) ने मिचेल स्टार्क के खिलाफ सतर्क शुरूआत की। दोनों ने संभलकर खेलते हुए नौ ओवर में पहले विकेट के लिए 56 गेंद में 65 रन जोड़ लिए थे। पर अगले ही ओवर में सीन एबोट की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में रोहित डीप स्क्वायर लेग में स्टार्क को कैच दे बैठे। कोहली क्रीज पर थे, पर कुछ ही देर में जम्पा ने गिल को पगबाधा आउट कर दिया जिसे अंपायर ने नकार दिया। पर आस्ट्रेलिया ने रिव्यू लिया जिसमें वह आउट हो गए। इससे दोनों सलामी बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। अब जिम्मेदारी कोहली और लोकेश राहुल (32 रन, दो चौके, एक छक्का) के कंधों पर थी। कोहली ने 18वें ओवर में एगर पर मिडविकेट के ऊपर से एक चौका और फिर एक गेंद बाद लांग ऑफ पर छक्का जड़ा।

दोनों बल्लेबाज ज्यादा आक्रामकता नहीं दिखा रहे थे, दोनों एक दो रन लेकर पारी आगे बढ़ा रहे थे। राहुल ने जम्पा पर अंपायर के सिर के ऊपर से चौका जड़ा जिससे यह अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हुई। अगले 27वें ओवर में राहुल ने थोड़ा हावी होने की कोशिश में स्टार्क पर गगनचुंबी छक्का जड़ा और एक चौका लगाया। इससे पहले कि वह अपनी इस आक्रामकता को जारी रख पाते जम्पा ने अगले ओवर में उनका विकेट झटका लिया। राहुल बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में एबोट को कैच देकर आउट हुए। इस तरह 93 गेंद में 69 रन की साझेदारी टूट गई। अक्षर पटेल चार गेंद ही खेल पाए थे कि गफलत में रन आउट हो गए। कोहली ने फिर 31वें ओवर की पहली गेंद पर एक रन लेकर 61 गेंद में दो चौके और एक छक्के से अपना 65वां अर्धशतक पूरा किया। हालांकि फिर ज्यादा रन नहीं जोड़ सके।

### स्कोर बोर्ड

**आस्ट्रेलिया :** ट्रेविस हेड का कुलदीप यादव बो पंड्या 33, मिचेल मार्श बो पंड्या 47 स्टीवन स्मिथ का राहुल बो पंड्या 00, डेविड वॉर्नर का पंड्या बो कुलदीप यादव 23, मार्नस लाबुशेन का शुभमन गिल बो कुलदीप यादव 28, एलेक्स कैरी बो कुलदीप यादव 38, मार्कस स्टोइनिस का शुभमन गिल बो अक्षर पटेल 25, सीन एबोट बो अक्षर पटेल 26, एशटन एगर का अक्षर पटेल बो मोहम्मद सिराज 17, मिचेल स्टार्क का जडेजा बो मोहम्मद सिराज 10, एडम जम्पा नाबाद 10, **अतिरिक्त :** 12, **कुल :** 49 ओवर में 269 रन, **विकेट पतन :** I-68, 2-74, 3-85, 4-125, 5-138, 6-196, 7-203, 8-245, 9-247 **गेंदबाजी :** मोहम्मद शमी 6-0-37-0, मोहम्मद सिराज 7-I-37-2, अक्षर पटेल 8-0-57-2, हार्दिक पंड्या 8-0-44-3, रविंद्र जडेजा 10-0-34-0, कुलदीप यादव 10-I-56-3

**भारत :** रोहित शर्मा का स्टार्क बो एबोट 30, शुभमन गिल पगबाधा बो जम्पा 37, विराट कोहली का वार्नर बो एगर 54, केएल राहुल का एबोट बो जम्पा 32, अक्षर पटेल रन आउट 02, हार्दिक पंड्या का स्मिथ बो जम्पा 40, सूर्यकुमार यादव बो एगर 00, रविंद्र जडेजा का स्टोइनिस बो जम्पा 18, कुलदीप यादव रन आउट 06, मोहम्मद शमी बो स्टोइनिस 14, मोहम्मद सिराज नाबाद 03, **अतिरिक्त :** 12, **कुल :** 49.1 ओवर में 248 रन, **विकेट पतन :** I-65, 2-77, 3-146, 4-151, 5-185, 6-185, 7-218, 8-225, 9-243, **गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 10-0-67-0, मार्कस स्टोइनिस 9.1-I-43-I, सीन एबोट 10-0-50-I, एडम जम्पा 10-0-45-4, एशटन एगर 10-0-41-2

# नीतू और स्वीटी ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में भारत का पहला पदक पक्का किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रमंडल** खेलों की चैम्पियन नीतू गंघास (48 किलो) और अनुभवी स्वीटी बूरा (81 किग्रा) ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के लिए दो पदक पक्के कर दिए।



हरियाणा की 22 वर्ष की नीतू रिंग में उतरने वाली पहली भारतीय रहीं, उन्होंने दूसरे राउंड में आरएससी (रैफरी के द्वारा मुकाबला रोके जाना) के आधार पर जापान की माडोका वाडा को हराया। इस तरह उन्होंने अपने और भारत के लिए कम से कम एक कांस्य पदक पक्का किया।

वहीं टूर्नामेंट में अपना पहला मुकाबला खेल रही स्वीटी ने अपनी शीर्ष वरीयता के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए 2018 कांस्य पदक विजेता बेलारूस की विक्टोरिया केबिकावा पर 5-0 से जीत हासिल कर विश्व चैम्पियनशिप का अपना दूसरा पदक पक्का किया। उन्होंने 2014 में रजत पदक जीता था।

साक्षी चौधरी (52 किग्रा) और पिछले चरण की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन (57 किग्रा) हालांकि अंतिम चार चरण तक पहुंचने में विफल रही।

साक्षी को चीन की यु वु से 0-5 से हारी जबकि मनीषा को फ्रांस की अमीना जिदानी से।-4 से शिकस्त मिली।

## भारतीय प्रवासी ने इजराइल किक बाक्सिंग चैम्पियनशिप जीती

**यरूशलम।** मिजोरम से 2020 मे इजराइल आकर बसे भारतीय ओबेद हरंगचल ने यहां किकबाक्सिंग चैम्पियनशिप जीती जिससे इस प्रवासी यहूदी के अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं मे देश का प्रतिनिधित्व करने की संभावना है। हरंगचल ने शुक्रवार को गालीली में 57 किग्रा श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करते हुए खिताब जीता। इसमे देश भर के क्लबो से 150 प्रतियोगियो ने हिस्सा लिया। यह जानकारी अरुट्ज शेवा समाचार वेबसाइट ने दी। पूर्वोत्तर भारत में बनेई मेनाशे यहूदी समुदाय के सदस्य हरंगचल आइजोल मे मिक्स्ड मार्शल आर्ट एवं किकबाक्सिंग चैपियन थे। वह अब इजरायल के मालोट शहर मे एशिवा (धार्मिक यहूदी शैक्षणिक संस्थान) के छात्र है। वह 2020 मे अपने परिवार के साथ इजराइल मे बस गए थे। उन्होंने पीटीआई से कहा, मै इस जीत से बहुत खुश हूं। मै हमेशा इजराइल आकर यहां चैम्पियन बनना चाहता था। अब मेरा सपना अंतरराष्ट्रीय किकबाक्सिंग प्रतिस्पर्धाओ मे इजराइल का प्रतिनिधित्व करना है।

## भारत में 10 साल बाद यूरोपीय चैलेंज टूर की वापसी

**बेंगलुरू।** भारतीय गोल्फरों को अब यहां केजीए गोल्फ कोर्स पर लगातार दो यूरोपीय चैलेंजर टूर टूर्नामेंट खेलने का मौका मिला मिलेगा। इन दो मे मे से 300,000 डॉलर पुरस्कार राशि का पहला टूर्नामेंट डक्न टेलर ब्लैक बुल चैलेंज गुरुवार को यहां शुरू होगा जिसमे भारत के ज्यादातर स्टार गोल्फर हिस्सा लेगे। यूरोपीय चैलेंज टूर 10 साल बाद भारत मे वापसी कर रहा है।

## बायर्न ने महिला चैम्पियंस लीग क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में आर्सनल को हराया

**म्युनिख।** बायर्न म्युनिख ने महिला चैम्पियंस लीग क्वार्टर फाइनल के पहले चरण मे आर्सनल को।. 0 से हराकर लगातार 13वीं जीत दर्ज की। ली शूलेर ने 39वें मिनट मे हेडर पर विजई गोल किया। अगला चरण लंदन मे अगले सप्ताह खेला जाएगा। अन्य मुकाबलो मे रोमा का सामना बार्सीलोना से, लियोन का चेलसी और पेरिस सेंट जर्मेन का सामना वोल्फ्सबर्ग से होगा।

## पीटी उषा को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित करेगी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ केरल

**कासरगोड (केरल)।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ केरल ने बुधवार को कहा कि वह महान ट्रैक एंव फील्ड एथलीट पीटी उषा को खेलो मे उनके अपार योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित करेगी। उषा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष उषा केरल के इस विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित की जाने वाली पहली सदस्य होगी। उषा ने एशियाई खेलों और एशियाई चैम्पियनशिप मे देश के लिए कुल 33 पदक जीते है जिसमे 19 स्वर्ण पदक है। वह एशियाई खेलो मे लगातार चार पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी है।

## एमएलसी में टैक्सास सुपर किंग्स के कोच होंगे फ्लेमिंग

**डलास।** न्यूजीलैड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग मेजर क्रिकेट लीग मे डलास स्थित टैक्सास सुपर किंग्स टीम के कोच होंगे जिसने आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ करार किया है। चार बार की आईपीएल चैम्पियन सीएसके ने हाल ही मे कहा था कि अमेरिका मे नए टी20 टूर्नामेंट के मुताल्लिक वह कोई बड़ा खुलासा करेगी। टीएसके ने एक बयान मे कहा कि उसे सीएसके के अनुभव का मैदान पर लाभ मिलेगा। इसने एक बयान मे कहा , टैक्सास सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग होगे।

# हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की, भागीदारियां नहीं बना सके

**भाषा।** चेन्नई




**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को यहां तीसरे और अंतिम वनडे में आस्ट्रेलिया से मिली 21 रन की हार के लिए अपनी बल्लेबाजी को जिम्मेदार ठहराया जिसकी वजह से टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला।-2 से गंवा दी।

रोहित ने मैच के बाद कहा, मुझे नहीं लगता कि लक्ष्य बड़ा था। विकेट दूसरी पारी में हालांकि थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो गया था। पर मुझे नहीं लगता कि हमने अच्छी बल्लेबाजी की। साझेदारियां महत्वपूर्ण होती हैं और आज हम इन्हें बनाने में असफल रहे। उन्होंने कहा, हम जिस तरह से आउट हुए, वह निराशाजनक रहा। हम इसी तरह के विकेट पर खेलते हुए बड़े हुए हैं। कभी कभार आपको खुद को मौका देना होता है। रोहित ने कहा, महत्वपूर्ण था कि एक बल्लेबाज अंत तक खेलता रहे। लेकिन हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश कर रहे थे। पर ऐसा हुआ नहीं। हमने जनवरी से नौ वनडे खेले हैं, हम उनसे काफी सकारात्मक चीजें ले सकते हैं। यह पूरी टीम की हार है।

एडम जम्पा ने 45 रन पर चार विकेट लेकर भारत के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन किया, उन्हें प्लेयर आफ द मैच चुना गया। उन्होंने कहा, मुझे यहां सफलता मिली है। यहां आकर खेलना बड़ी चुनौती है। एशटन एगर ने मैच का रूख बदल दिया। वहीं मिचेल मार्श को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया जिन्होंने तीन मैचों में 194 रन बनाए।

# मोहम्मद सिराज आईसीसी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

**भाषा।** दुबई

**आस्ट्रेलिया** के जोश हेजलवुड ने वनडे गेंदबाजों के लिए बुधवार को जारी ताजा आईसीसी रैंकिंग में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को शीर्ष स्थान से हटा दिया जिससे यह भारतीय तीसरे स्थान पर खिसक गया।

एक अन्य आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भी ऊपर की ओर बढ़कर सिराज के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए। स्टार्क ने भारत में तीन मैचों की श्रृंखला के पहले दो वनडे में प्रभावित किया था।

सिराज ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 29 रन देकर तीन विकेट झटककर शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को जीत दिलाने में मदद की थी। हालांकि वह दूसरे वनडे में काफी खर्चीले रहे, उन्होंने तीन ओवरों में 37 रन दे दिए जिससे वह शीर्ष रैंकिंग गेंदबाज का अपना स्थान गंवा बैठे।

दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को विशाखापत्तनम में दूसरे वनडे के दौरान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड ने धुन दिया था। सिराज इस साल जनवरी में वनडे में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने थे।




मुंबई में तीन विकेट झटकने वाले स्टार्क ने विशाखापत्तनम में दूसरे वनडे में 53 रन देकर पांच विकेट हासिल किए थे जिससे आस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर वापसी की थी। हेजलवुड भारत के पूरे दौरे (चार टेस्ट और तीन वनडे) पर नहीं खेल पाए, लेकिन वह पहली बार वनडे में नंबर एक गेंदबाज बने। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने कहा, हेजलवुड ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान जून 2017 में हासिल किया था और जिस पर वह अगस्त 2022 तक काबिज रहे थे, वह पहली बार वनडे में नंबर एक गेंदबाज बने।

मोहम्मद शमी ने मुंबई में मैच विजई स्पैल डाला था, वह भी पांच पायदान के फायदे से सूची में 28वें स्थान पर पहुंच गए।

केएल राहुल की नाबाद 75 रन की पारी ने भारत को खराब शुरूआत से उबरने में मदद की थ जिससे टीम ने पहले वनडे में पांच विकेट से जीत हासिल की थी। वह इस पारी की मदद से तीन पायदान के फायदे से 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे रैंकिंग में अन्य बल्लेबाजों में भारत के शुभमन गिल पांचवें और विराट कोहली सातवें स्थान पर बरकरार है जबकि कप्तान रोहित मर्शा एक पायदान के लाभ से नौंवे नंबर पर आ गए हैं।

न्यूजीलैंड के केन विलियमसन टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जिसमें श्रीलंका के खिलाफ बल्ले से उनके प्रदर्शन ने अहम भूमिका अदा की। टेस्ट में आस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन शीर्ष रैंकिंग बल्लेबाज बरकरार हैं।

# सरबजोत को निशानेबाजी विश्व कप में एयर पिस्टल में स्वर्ण, महिलाएं चूंकी

**भोपाल।** भारत के सरबजोत सिंह ने आईएसएसएफ पिस्टल राइफल विश्व कप में पुरुषों के एयर पिस्टल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदकों का खाता खोला जबकि वरुण तोमर को इसी स्पर्धा में कांस्य पदक मिला। भारतीय महिला एयर पिस्टल निशानेबाज हालांकि पदक नहीं जीत सकीं। मनु भाकर, दिव्या सुब्बाराजू और रिदम सांगवान को पराजय हाथ लगी।

दो साल पहले टीम और मिश्रित टीम वर्ग में जूनियर विश्व चैम्पियन रहे सरबजोत ने अजरबैजान के रूस्लान लुनेव को 16 . 0 से हराया। उन्होंने इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में 585 अंक बनाए थे। सरबजोत ने क्वालीफिकेशन सीरिज में 98, 97, 99, 97, 97, 97 का स्कोर किया। चीन के लियु जिनयाओ दूसरे स्थान पर रहे। रैंकिंग या एलिमिनेशन दौर में सरबजोत ने 253 . 2 और रूस्लान ने 251 . 9 अंक बनाए। वरुण 250 . 3 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। आईएसएसएफ के नए प्रारूप के तहत फाइनल में एक शॉट जीतने पर दो अंक मिलते हैं और 16 अंक पहले पूरे करने वाला विजेता होता है। महिला वर्ग में दिव्या ने क्वालीफिकेशन दौर में 579 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। वह फाइनल में पांचवें स्थान पर रही जबकि चीन की लि शूइ ने स्वर्ण, जर्मनी की डोरीन वी ने रजत और चीन की वेइ कियान ने कांस्य पदक जीता।

## आईपीएल के नए नियमः

# टॉस के बाद अंतिम एकादश चुन सकते हैं कैप्टन

**भाषा।** नई दिल्ली

**बीसीसीआई** द्वारा जारी खेलने के नए नियमों के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों के कप्तान अब टॉस से पहले खिलाड़ियों के नाम की सूची देने से बजाय टॉस के बाद अंतिम एकादश का चयन कर सकते हैं। खेलने की शर्तो के अनुच्छेद 1.2.1 के अनुसार, प्रत्एक कप्तान को टॉस के बाद अपने अंतिम 11 खिलाड़ियों और अधिकतम पांच स्थानापन्न क्षेत्ररक्षकों के नाम लिखित में आईपीएल मैच रेफरी को देने होंगे।

इसके अनुसार, अनुच्छेद 1.2.9 के अनुसार किसी भी सदस्य (अंतिम एकादश के सदस्य) को चुने जाने के बाद और खेल शुरू होने से पहले प्रतिद्वंद्वी कप्तान की सहमति के बिना बदला नहीं जा सकता। इसका मतलब है कि टॉस के बाद अगर किसी कप्तान को लगता है कि उसे परिस्थिति के हिसाब से अपने अंतिम एकादश में बदलाव की जरूरत है तो वह मैच शुरू होने तक ऐसा करने के लिए स्वतंत्र है। नियमों में एक अन्य बदलाव विकेटकीपर की अनुचित गतिविधि के लिए जुर्माना लगाना है, अगर वह बल्लेबाज के गेंद खेलने से पहले अपनी स्थिति में बदलाव करता है। विकेटकीपर द्वारा अनुचित गतिविधि में अंपायर इसे डेड गेंद घोषित कर सकता है और दूसरे अंपायर को ऐसा करने के कारण के बारे में सूचित कर सकता है।

गेंदबाज के छोर के अंपायर को फिर वाइड या नो बॉल के लिए एक रन का जुर्माना लगाना होगा और अगर उसे लगेगा तो वह बल्लेबाजी करने वाली टीम को पांच पेनल्टी रन भी दे सकता है। अंपायर अपनी इस कार्वाई के कारण के बारे में क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के कप्तान को सूचित करेगा। वह बल्लेबाजों और जितना जल्दी हो सके बल्लेबाजी करने वाली टीम के कप्तान को बताएगा। टूर्नामेंट की समिति इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूशन (इम्पैक्ट खिलाड़ी के स्थानापन्न) की घोषणा पहले ही कर चुकी है जिसमें एक नए खिलाड़ी को मैच के दौरान पांच निर्धारित स्थानापन्न खिलाड़ियों से बदला जा सकता है।



नई दिल्ली में भारत की लवलीना ने 2023 आईबीए महिला मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप में 75 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में मोजाम्बिक की अडोसिंडा रेडी ग्रामाने के खिलाफ अपनी जीत का जश्न मनाते हुए।

## विश्व कप 2023 पांच अक्टूबर से, फाइनल अहमदाबाद में

**नई दिल्ली।** भारत में होने वाला 2023 एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप पांच अक्टूबर से शुरू हागा और फाइनल 19 नवंबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार बीसीसीआई ने दस टीमों के टूर्नामेंट के लिए एक दर्जन स्थानों का चयन किया है जिनमें 48 मैच खेले जाएंगे जिनमें तीन नॉकआउट शामिल हैं। अन्य स्थानों में बेंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली, धर्मशाला, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर, राजकोट और मुंबई शामिल हैं। इस सूची में मोहाली और नागपुर नहीं हैं जहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच खेले गए थे। फाइनल को छोड़कर बीसीसीआई ने बाकी मैचों के वेन्यू का खुलासा नहीं किया है।

# डिनर के लिए रेस्त्रां में गए मेस्सी को प्रशंसकों ने घेरा

**एपी।** ब्यूनस आयर्स




**यहां** पालेरमो में हजारों फुटबॉलप्रेमियों ने एक रेस्त्रां को घेर लिया जब उन्हें पता लगा कि स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी उसमें डिनर कर रहे हैं।

मेस्सी की एक झलक पाने के लिए लोग डॉन जूलियो रेस्त्रां के पास पहुंच गए। मेस्सी को बाहर निकलने के लिए पुलिस की मदद लेनी पड़ी।

सड़क पर खड़े प्रशंसक मेस्सी मेस्सी चिल्ला रहे थे। कतर में हुए विश्व कप में मेस्सी ने अर्जेंटीना को तीसरा खिताब दिलाया।

विश्व कप जीतने से मेस्सी का अर्जेंटीना में वह दर्जा मिल गया जो सिर्फ माराडोना को हासिल था। लेकिन विश्व कप से पहले हालात दीगर थे और टीम की नाकामी के लिए उन्हें ही कसूरवार ठहराया जा रहा था। वह 2016 में लगभग संन्यास ले चुके थे लेकिन फिर अपना फैसला बदला। अब आलम यह है कि मेस्सी का खुमार अर्जेंटीना के फुटबॉलप्रेमियों के सर चढकर बोल रहा है। वह जहां भी जाते हैं, भीड़ उनके पीछे खिची चली आती है।

# सेन पहले दौर में बाहर, श्रीकांत और मंजूनाथ अगले दौर में


## स्विस ओपन

**भाषा।** सेल

**राष्ट्रमंडल** खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन की खराब लय जारी रही जिससे वह बुधवार को यहां स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर हो गए जबकि सीनियर हमवतन किदाम्बी श्रीकांत ने बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया।

वहीं 2021 विश्व चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत को चीन के वेंग होंग यांग को 21-16 15-21 21-18 से हराने में मशक्कत करनी पड़ी और अब वह दूसरे दौर में हांगकांग के चेयूक यियू ली से भिड़ेंगे जिन्होंने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी सेन की चुनौती समाप्त की।

आठवें वरीय सेन 18-21 11-21 से मिली हार से पुरूष एकल



स्पर्धा से बाहर हो गए। लेकिन मिथुन मंजूनाथ ने नीदरलैंड के जोरान क्वीकेल पर सीधे गेम में 21-8 21-17 से जीत दर्ज कर पुरुष एकल के प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

अब उनका सामना क्वालीफायर चीनी ताइपे के क्वालीफायर चिया हाओ ली से होगा। महिला युगल में सिक्की रेड्डी और आरती सारा सुनील की जोड़ी भी पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दूसरी वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी ने मलेशिया के जिन युआन बून और टिएन सि वोंग को 21-15 21-18 से हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में जगह सुनिश्चित की।

## कैंसर मुक्त हुई नवरातिलोवा, टीवी कमेंट्री पर लौटी

**लंदन।** महान टेनिस खिलाड़ी मार्तिना नवरातिलोवा ने कहा है कि वह गले और स्तन के कैंसर से उबर चुकी हैं और मियामी ओपन के जरिए टीवी चैनल के लिए अपने काम पर लौट



आई हैं। 18 बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैम्पियन ने कहा , वापसी करके अच्छा लग रहा है। यहां आकर रोमांचित हूं। काम करके खुश हूं। उन्होंने कहा कि कैंसर के उपचार के दौरान उनका स्वाद चला गया और 15 पाउंड वजन भी कम हो गया। वह आस्ट्रेलियाई ओपन और बीएनपी परीबस ओपन में टीवी पर नजर नहीं आई। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा , जहां तक मुझे डॉक्टरों ने बताया है कि अब मुझे कैंसर नहीं है। मैं चेकअप कराती रहूंगी। नवरातिलोवा को 2010 में स्तर के कैंसर का पता चला था।

# त्रिसा और गायत्री स्विस ओपन महिला युगल पहले दौर से बाहर

**भाषा।** बासेल

**आल** इंग्लैंड चैम्पियनशिप सेमीफाइनल तक पहुंची भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल वर्ग के पहले दौर से बाहर हो गई।



त्रिसा और गायत्री को दूसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की अप्रियानी राहायू और सिति फाडिया सिल्वा ने 21 - 14, 21 - 14 से हराया। पिछले सप्ताह आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए त्रिसा और गायत्री सेमीफाइनल तक पहुंची थी।

इस बीच मालविका बंसोड़ ने अमेरिका की लौरेन लाम को 21 - 17, 21 - 7 से हराकर महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।

महिला युगल में सिक्की रेड्डी और आरती साहा ने पौला लिन काओ होक और लौरेन लाम को 21 - 15, 15 - 21, 21 - 18 से हराकर मुख्य ड्रॉ में क्वालीफाई किया। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी ने जर्मनी के पैट्रिक शेइल और फ्रांसिस्का वोल्कमैन को 21 - 17, 15 - 21, 21 - 18 से हराया। मीराबा लुवांग मेइसनाम और प्रियांशु राजावत हालांकि मुख्य ड्रॉ में जगह नहीं बना सके। रोहन कपूर और बी सुमीत रेड्डी भी पुरूष युगल क्वालीफाइंग दौर में ही हार गए।